

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 2 अंकः 27 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 07 नवम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## अटैक हेलीकॉप्टर 'रुद्र' ने दिखाया अपना रौद्र रूप, कैसे रॉकेट से टारगेट को किया तबाह

नई दिल्ली. भारतीय सेना के स्पीयरकॉर्प्स योद्धाओं ने पहले स्वदेशी हमलावर हेलीकॉप्टर 'रुद्र' से नई पीढ़ी के रॉकेट दागे हैं. इसके अलावा सेना के इस स्वदेशी हेलीकॉप्टर से गोला बारूद दागने का भी सफल परीक्षण किया गया. एचएएल रुद्र, एचएएल ध्रुव का एक सशस्त्र संस्करण है. रुद्र आधुनिक इन्फ्रारेड, थर्मल इमेजिंग इंटरफेस, 20 मिमी बुर्ज बंदूक, 70 मिमी रा-केट पॉड, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल से सुसज्जित है.

सेना के मुताबिक स्वदेशी हमलावर हेलीकॉप्टर 'रुद्र' ने पहाड़ों में हमले की क्षमता, प्रभाव और घातकता बढ़ा दी है. कोर कमांडर ने एविएटर्स को उनकी व्यावसायिकता और परिचालन तैयारियों के लिए बधाई दी. दरअसल, इस नए बदलाव के साथ भारतीय सेना की एविएशन यूनिट ने एक ध्रुव हेलीकॉप्टर का कॉम्बेट वर्जन तैयार किया है. इसके जरिए नेक्स्ट जेनरेशन रॉकेट और गोला-बारूद प्रणाली का परीक्षण किया गया.

## इसमें फूल नहीं है... प्रियंका गांधी को मिला खाली गुलदस्ता, तो झेंप गए कांग्रेस नेता

इंदौर. मध्य प्रदेश के इंदौर में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के चुनावी रैली के दौरान एक मजेदार वाकया देखने को मिला. उनके स्वागत के दौरान कांग्रेस पार्टी के ही एक स्थानीय नेता ने गलती से उनको फूलों से खाली एक




गुलदस्ता भेंट कर दिया, देख कर प्रियंका भी अपनी मुस्कान को रोक नहीं सकीं. इसे जुमले की तरह इस्तेमाल करते हुए, राज्य सरकार पर निशाना साधा.

इस वाकये का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है. चश्मदीदों के मुताबिक चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए इंदौर-5 विधानसभा क्षेत्र में पहुंचीं प्रियंका का जब मंच पर स्वागत किया जा रहा था, तब



एक स्थानीय कांग्रेस नेता ने उन्हें खाली गुलदस्ता भेंट कर दिया. इस गुलदस्ते में चंद पत्तियां ही थीं और इसके फूल कहीं गिर गए थे.

चश्मदीदों ने बताया कि जब प्रियंका की नजर खाली गुलदस्ते पर पड़ी, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कांग्रेस नेता से कहा कि इसमें फूल नहीं हैं. इस पर कांग्रेस नेता भी झेंप गए. बाद में चुनावी सभा में अपने संबोधन के दौरान प्रियंका ने इस दिलचस्प वाकये का न केवल खुद जिक्र किया, बल्कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधने के लिए "खाली गुलदस्ते" के जुमले का इस्तेमाल भी किया.

कांग्रेस महासचिव ने हंसते हुए कहा, ह्यअभी जब मैं मंच पर आई थी, तब आपने देखा होगा कि किसी व्यक्ति ने मुझे एक गुलदस्ता पकड़ाया. उस गुलदस्ते में फूल ही नहीं थे और वह खाली था. वे (भाजपा नेता) चुनाव आने पर धर्म, जाति और घोषणाओं का इसी तरह का गुलदस्ता बनाकर आपको (मतदाताओं) बार-बार दे रहे हैं.'

## इजरायल-हमास की जंग को लेकर पीएम मोदी और ईरान के राष्ट्रपति के बीच चर्चा

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से सोमवार को इजरायल-हमास जंग को लेकर फोन पर चर्चा की. उन्होंने पश्चिम एशिया के कठिन हालातों, जंग के कारण पैदा हुई स्थिति पर बात की. इसको लेकर पीएम मोदी ने सोशल साइट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस बारे में जानका-री दी है. उन्होंने बताया कि इस चर्चा में आतंकवाद, आतंकी घटनाएं, हिंसा और नागरिकों की मौतों पर चिंता जताई गई. दोनों



नेताओं ने इजरायल- हमास की जंग से बढ़े तनाव को रोकने, निरंतर मानवीय सहायता सुनिश्चित करने और शांति-स्थिरता की शीघ्र बहाली को महत्वपूर्ण बताया है.

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विशाल जनसभा 7 नवंबर को बेगमगंज में

रायसेन। किसान मजदूर वर्ग के हितेषी अंतिम छोर तक के व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए रात दिन एक करने वाले भांजियों के मामा और लाडली बहनों के लाडले भाई, मध्य प्रदेश शासन के लोकप्रिय मुख्यमंत्री, जन जन के नेता, शिवराज सिंह चौहान 7 नवंबर मंगलवार शाम 6 बजे रानी अवंती बाई लोधी बस स्टैंड परिसर में भाजपा प्रत्याशी ठाकुर रामपाल



सिंह के पक्ष में एक विशाल आम सभा को संबोधित करने पधार रहे हैं।

नगर मंडल, ग्रामीण मंडल, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, सहित नगर पालिका एवं जनपद पंचायत के जन प्रतिनिधियों सहित समस्त भाजपा कार्यकताओं ने आमजन से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## पंजाब में भगवंत मान सरकार ने दिवाली पर प्रदेश के व्यापारियों को दिया तोहफा

### दिल्ली सरकार से आगे निकल रही आप की मान सरकार

अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण /चण्डीगढ़ नवम्बरः पंजाब में भगवंत मान की अगुवाई में पंजाब कैबिनेट की अहम बैठक की गई। कैबिनेट की इस बैठक में दिवाली से पहले 3 बड़े फैसले लिए गए हैं। एक फैसले में पंजाब सरकार ने राज्य के व्यापारियों को दिवाली का तोहफा दिया है। दरअसल, व्यापारियों के लंबित वैट के मुद्दे को हल करने के लिए ओटीएस योजना को मंजूरी दे दी गई है। ऐसा होने से पंजाब के करीब 60,000 व्यापारियों को फायदा पहुंचेगा। उन्हें लंबे समय से आ रही परेशानियां दूर हो जाएंगी। पंजाब सरकार ने इस फैसले से अवगत से कराते हुए कहा कि हम पंजाब में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### पंजाब में शुरू होगी 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना'

पंजाब कैबिनेट की इस बैठक में 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना' शुरू करने जैसा भी एक बड़ा फैसला लिया गया है। 'मुख्यमंत्री



तीर्थयात्रा योजना' के तहत पंजाब के बुजुर्गों को सरकार देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर मुफ्त ले जाएगी। तीर्थयात्रा योजना के लिए विशेष ट्रेनें और बसें चलाई जाएंगी। जानकारी दी गई है कि, पंजाब में 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना' की शुरूआत 27 नवंबर को श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर कर दी जाएगी। इसके लिए 40 करोड़ का खर्चा रखा गया है। मालूम रहे कि, 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना' को सबसे पहले दिल्ली केजरीवाल सरकार ने शुरू किया था। वहीं हाल ही में हरियाणा में भी 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना' की शुरूवात की गई है।

### सैनिकों और उनके परिवारों के लिए बड़ा फैसला

इसके अलावा पंजाब के रहने वाले सैनिकों और उनके परिवारों के लिए भी एक बड़ा फैसला हुआ है। पंजाब सरकार ने जानकारी दी कि अब जंग में जिंदगी हारे बहादुर सैनिकों के परिवारों को 20,000 प्रति वर्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। पहले 10,000 प्रति वर्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही थी।

## दिल्ली के बाद पंजाब में ईडी का बड़ा एक्शन

### 40 करोड़ बैंक फ्रॉड घोटाले में 'आप' विधायक गिरफ्तार

चंडीगढ़ दिनभर /वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय (ईड़ी) द्वारा शराब घोटाले में आप के मंत्री और राज्यसभा सदस्य पर कार्रवाई के बाद ईड़ी ने पंजाब में दस्तक दे दी है। ईडी की टीम ने सोमवार को संगरूर जिले की अमरगढ़ सीट से आप विधायक प्रोफेसर जसवंत सिंह गज्जनमाजरा को 40 करोड़ बैंक फ्रॉड के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया है। उनको ईडी ने कार्यकताओं के साथ मीटिंग के दौरान ही गिरफ्तार कर लिया।

आप विधायक की गिरफ्तारी के बाद आप पार्टी के कार्यकताओं ने जांलधर स्थित ईडी के ऑफिस के बाहर जबरदस्त हंगामा कर डाला। वहीं आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता मलविंदर कंग ने कहा कि भाजपा द्वारा यह साजिश आप की बढ़ती लोकप्रियता को रोकने के लिए किया जा रहा है। दिल्ली में गिरफ्तारी के बाद अब पंजाब में ईड़ी की टीम आप के विधायको को गिरफ्तार करने में जुट गई है। गज्जनमाजरा को ईडी टीम पूछताछ के लिए समन भेज सकती थी और तलब कर सकती थी। उनको कार्यकताओं के बीच में इस तरह क्यों गिरफ्तार किया गया।



अब ईडी द्वारा जिस प्रकार से कार्रवाई की जा रही है वह भी कहीं न कहीं शक के दायरे में आ चुकी है। भाजपा के बाद कंग ने कांग्रेस को भी नहीं बख्शा।

उन्होंने कहा कि जब उनके छत्तीसगढ़ के सीएम बघेल का नाम ईड़ी द्वारा पकड़े गए करोड़ों रुपए में आया तो कांग्रेस ईड़ी को भाजपा की एजेंसी बताती है। आप पर ईड़ी की कारवाई होती है तो उसे सही बताती है। आप प्रवक्ता ने नवजोत सिद्धू पर तंज कसते हुए कहा कि जिस समय सिद्धू भाजपा में थे उस दौरान वो सोनिया गांधी के बारे में ऐसी शब्दावली का प्रयोग करते थे कि वो

### पंजाब सरकार गिराने की साजिश रच रही बीजेपी : कंग

बोल नहीं सकते और राहुल गांधी का नाम जो पप्पू रखा गया वो भी सिद्धू ने ही रखा था। अब उनके पैर छूए जा रहे है।सितंबर में ईडी ने मारा था विधायक के घर पर छापा

आप विधायक गज्जनमाजरा पर 40 करोड़ के बैंक फ्रॉड का आरोप है, जिसे लेकर ईड़ी द्वारा आप विधायक को कई बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उस दौरान भी उनसे कई घंटों तक ईडी ने सवाल जबाव किए थे। सिंतबर माह ईडी द्वारा विधायक गज्जनमाजरा के घर पर भी रेड की गई थी। उस दौरान ईडी ने घर पर सर्च की और पूछताछ जिसके बाद ईड़ी अपने साथ काफी दस्तावेज भी लेकर गई थी। गिरफ्तार किए गए विधायक गज्जनमाजरा सिर्फ एक रुपया वेतन लेते हैं। गज्जनमाजरा ने कहा था कि पंजाब वित्तीय समस्याओं से जूझ रहा है। चुनाव में उन्होंने शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के सिमरनजीत सिंह मान को हराया था।

## जेल के अंदर ही कैबिनेट बैठक करेंगे... AAP ने कहा, अगर केजरीवाल गिरफ्तार हुए तो भी वही उट रहेंगे



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कहा ह्यअगर वह गिरफ्तार होते हैं, तो भी वह मुख्यमंत्री बने रहेंगे, क्योंकि दिल्ली की जनता ने सरकार चलाने के लिए उन्हें जनादेश दिया है.'

नई दिल्ली. आम आदमी पार्टी ने सोमवार को कहा कि पार्टी के सभी विधायकों ने अरविंद केजरीवाल से दिल्ली का मुख्यमंत्री बने रहने का आग्रह किया है, भले ही उन्हें किसी भी जांच एजेंसी द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाए. पिछले हफ्ते, आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में तलब किया था. हालांकि, वह समन को ह्यराजनीति से प्रेरितह्न करार देकर जांच एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हुए थे.

आप के मंत्रियों और नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों की हालिया कार्रवाई को लेकर रोष के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार दोपहर को पार्टी विधायकों की बैठक बुलाई. बैठक के बाद, दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बैठक में मौजूद सभी विधायकों ने

### अधिकारी बैठक करने के लिए जेल में ही जाएंगे

भारद्वाज ने संवाददाताओं से कहा, ह्यभाजपा जानती है कि वह चुनाव के जरिए केजरीवाल को सत्ता से बाहर नहीं कर सकती और ऐसा सिर्फ साजिश रचकर ही किया जा सकता है.ह्न भारद्वाज ने कहा कि अधिकारी बैठक करने के लिए जेल में ही जाएंगे और ह्यअगर हमें बुलाया जाएगा, तो हमें जाने में खुशी होगी.'उन्होंने कहा, ह्यहालात ऐसे लग रहे हैं कि हम भी जल्द ही जेल में होंगे. इसलिए यह संभव हो सकता है कि आतिशी को जेल नंबर-2 में रखा जाएगा और मुझे जेल नंबर-1 में और हम जेल के अंदर ही कैबिनेट की बैठकें करेंगे. हम यह सुनिश्चित करेंगे कि दिल्ली की जनता के लिए होने वाले कामों को रोका नहीं जाए.'

## एचसीएल फाउंडेशन एंड क्लीन नोएडा ने श्री जी गौसदन में लगाया बायोगैस प्लांट

### श्री जी गौसदन और इस्कॉन ने गौशाला में मनाया 'गौ माता दीपोत्सव'

दैनिक समाज जागरण

नोएडा सेक्टर-94 में स्थित श्री जी गौसदन में एचसीएल फाउंडेशन एंड क्लीन नोएडा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आलोक वर्मा ने गौशाला में बायोगैस प्लांट का लोकार्पण किया तथा भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल व उत्तर प्रदेश सरकार पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर भी मौजूद रहे ' एचसीएल फाउंडेशन ने यह बायोगैस प्लांट 'गौ माता दीपोत्सव' के कार्यक्रम 'एक दीप गौ माता के नाम' के दौरान किया। गौशाला में लगे इस बायोगैस प्लांट से गौशाला और यहां काम कर रहे कर्मचारियों को बिजली की आपूर्ति की जाएगी। इसके साथ ही यहां रहने वाले कर्मचारियों को खाना बनाने के लिए इस बायोगैस प्लांट से गैस



भी मिल सकेगी। बायोगैस प्लांट के जरिए गौशाला में इकट्ठे होने वाले गोबर का निवारण करने में भी आसानी होगी।

कार्तिक मास में श्री जी गौसदन और इस्कॉन मंदिर नोएडा के संयुक्त तत्वाधान में गौशाला में पहली बार 'गौ माता दीपोत्सव' का आयोजन किया गया। रविवार को शाम 5 से 7 बजे गौशाला में इस्कॉन भक्तों द्वारा कीर्तन, दीप उत्सव, दामोदराष्टकम (श्री वंशीधर दास जी) द्वारा किया गया। इसके साथ ही इस्कॉन भक्तों ने गौशाला में 'हरे कृष्णा रॉक शो' का आयोजन भी किया। दरअसल 'एक दीप गौ माता के नाम' कार्यक्रम के द्वारा आम जनमानस को गाय माता की महत्वता बताने के साथ ही उनकी सेवा करने की भावना जागृत करने की कोशिश की गई। कार्यक्रम में श्री जी गौसदन की समस्त कार्यकारिणी, कर्मचारी और शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।






## मुजफ्फरनगर थप्पड़ केस: बच्चे का दाखिला प्राइवेट स्कूल में कराएं, सुप्रीम कोर्ट ने UP सरकार से कहा

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार से कहा कि मुजफ्फरनगर जिले में अपना गृहकार्य पूरा नहीं कर पाने पर जिस छात्र को उसकी शिक्षिका के कहने पर थप्पड़ मारा गया था, उसे वहां किसी निजी स्कूल में दाखिला दिलाया जाए.

राज्य के शिक्षा विभाग ने न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ को बताया कि वह पीड़ित बच्चे का दाखिला सीबीएसई से संबद्ध एक निजी स्कूल में कराने पर विचार के लिए एक समिति बना रहा है. विभाग के वकील ने कहा कि उसके अधिकार क्षेत्र में केवल उत्तर प्रदेश बोर्ड से संबद्ध स्कूल हैं.

न्यायमूर्ति ओका ने कहा, ह्यआपको किसी बच्चे के प्रवेश के लिए किसी समिति की नियुक्ति क्यों करनी पड़ रही है? समिति क्या करेगी? अपने वरिष्ठ अधिकारियों से कहिए और वे स्कूल के प्राचार्य से बात करेंगे जो दाखिले पर विचार करेगा. अदालत के समक्ष ऐसा रुख मत अपनाइए. मुझे नहीं लगता कि मामले के तथ्यों को देखते हुए कोई विद्यालय ना करेगा. शुक्रवार तक हमें अनुपालन के बारे में जानकारी दीजिए.ह्न

याचिकाकर्ता तुषार गांधी की ओर से वकील शादान फरासत ने कहा कि लड़के के पिता चाहते हैं कि उसका दाखिला किसी निजी सीबीएसई स्कूल में कराया जाए लेकिन उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल के एम नटराज ने शुरू में अदालत को सूचित किया कि वे उक्त बच्चे और स्कूल के अन्य छात्रों की काउंसलिंग के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के बाल मनोविज्ञानियों की सहायता लेने पर विचार कर रहे हैं.

# आखिर कौन अपसेट कर रहा है मप्र को ?

**दैनिक समाज जागरण**

मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में रंग गहरे हो चले हैं। इन रंगों को गहरा कर रहे हैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह के बेटे से जुड़े कुछ वीडियो । वे नाटकीय अंदाज में चुनावी भाषण दे रहे है। मोदी जी को अब बाबाओं को भी साधने की जरूरत पड़ रही है । भगवान को साधने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी केदारनाथ में हैं। मप्र में मुद्दा ये है कि मप्र को अपसेट कौन कर रहा है ,कांग्रेस या भाजपा ?क्योंकि मोदी जी कह रहे हैं है कि कांग्रेस के दोनों पूर्व मुख्यमंत्री अपने बेटों को सेट करने के लिए मप्र को ' अपसेट ' कर रहे हैं

मप्र में जो मुद्दे हम और आप शुरू से उठाते रहे हैं उन्हीं सब मुद्दों पर अब मोदी जी को भी आना पड़ रहा है । वे एक राष्ट्रीय नेता की तरह नहीं एक प्रादेशिक नेता की तरह मुद्दों पर कम प्रादेशिक नेताओं पर ज्यादा हमलावर हैं। जाहिर है कि अब भाजपा पर उपलब्धियों के नाम पर बजाने को सूखे शंख भी नहीं बचे हैं। मोदी जी ने मप्र के दौरे पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर व्यक्तिगत हमले किये । इस बार उन्होंने न केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और न राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। मोदी जी ने नाथ और सिंह के साथ ही राहुल गांधी के परिवार पर वे घिसे-पिटे आरोप लगाए जो बहुत पुराने हो चुके हैं।

दरअसल मोदी जी के भाषण अब प्रधानमंत्री पद के अनुकूल नहीं हो रहे है। उनकी वक्तव्य कला का तेज कमजोर होता दिखाई दे रहा है ,अन्यथा हमने अब तक किसी प्रधानमंत्री को किसी प्रादेशिक नेता और उसके परिवार पर बोलते नहीं सुना। प्रधानमंत्री पद पर बैठे लोग अतीत में अपनी नीतियों या अपनी प्रतिद्वंदी पार्टियों की नीतियों पर ही बोलते आये है। उन्होंने कभी किसी पर निजी हमले नहीं किये। लेकिन अब ये मयार्दाएं भंग हो चुकी हैं। मोदी जी ने ही ये शुभ कहें या अशुभ काम किया है। वे छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भ्रष्ट बताकर आये तो मध्यप्रदेश में उन्होंने दिग्विजय सिंह और कमलनाथ को पुत्र मोह में फंसा बताकर चुटकुले बाजी की। श्रोताओं को निश्चित ही मोदी जी के भाषण मजा दे रहे हैं लेकिन वे वोटरों का मन बदल पाएंगे ये कहना कठिन है।

दअरसल इस समय प्रधानमंत्री के रूप में और पार्टी सुप्रीमो के रूप में मोदी जी का जादू फीका पड़ता दिखाई दे रहा है । भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं के मन से मोदी जी का भी जा चुका है। इसका प्रमाण वे बागी प्रत्याशी हैं जो अब तक मैदान में डटे है। हारकर पार्टी को उन सभी को पार्टी से छह साल के लिए पार्टी से निकालना पड़ा । जो समझदार थे वे पहले ही भाजपा की प्राथमिकता सदस्यता छोड़कर मैदान में आये थे। मोदी जी ने अपनी एक भी सभा में इन बागियों के बारे में एक शब्द नहीं कहा । कहते भी तो शायद उन्हें और उनकी पार्टी को कोई फायदा नहीं होता।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में इस चुनाव में पिछले 2018 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले छत्तीस बाधाएं हैं। सबसे बड़ी बाधा पार्टी का आंतरिक असंतोष है। छग में कम है लेकिन मप्र में ज्यादा है । सबसे ज्यादा तो उस राजस्थान में है जहां जादूगर अशोक गहलोत से भाजपा का मुकाबला है। वहां भाजपा ने अपने बुलडोजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी ध्रुवीकरण के लिए भेजा किन्तु कोई असर नहीं हुआ । योगी जी छग में भी राम-राम कर आये हैं लेकिन यहां भी मंदिर कोई मुद्दा नहीं है। मप्र में भी राम मंदिर और मंदिर में 22 जनवरी को रामलला विराजमान कि पूण परं प्रतिष्ठा कोई मुद्दा नहीं ह। मुद्दा है तो उज्जैन के महाकाल लोक में हुआ भ्रष्टाचार। भाजपा का घोषणा पत्र भी कांग्रेस के घोषणा पत्र के सामने बेअसर साबित हुआ है।

भाजपा मप्र की सत्ता में बनी रहे ये भाजपा को नहीं मतदाताओं को तय करना है । मप्र में भाजपा ने तीन साल में ऐसा एक भी चमत्कारिक विकास कार्य नहीं किया जिसकी बिना पर मतदाता उसे आँख बंद कर वोट देते । सरकार की एकमात्र तख्ता पलट योजना लाड़ली बहना योजना थी उसे भी कांग्रेस ने अपने हिसाब से मोथरा कर दिया है । भाजपा फ्रीबीज का सिक्का भी ढंग से नहीं चला पायी ,क्योंकि कांग्रेस ने अपने वचन-पत्र में भाजपा की हर योजना में अपना सवा रुपया जोड़ दिया है।

मजे की बात ये है कि भाजपा के दूसरे सबसे बड़े नेता केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को आखिरी वक्त में उनके बेटे के एक वीडियो ने घेर लिया है जिसमें उनका बेटा करोड़ों की डील करता दिखाई दे रहा है। खास बात ये है कि इस वीडियो को लेकर अभी तक न तो नरेंद्र सिंह तोमर की और से कोई शिकायत की गयी है और न उनके बेटे की और से। अगर ये वीडियो असर कर गया तो तोमर साहब दिमनी से भोपाल तो क्या दिल्ली भी वापस नहीं लौट पाएंगे। वैसे भी तोमर कि छवि एक नाकाम कृषि मंत्री की है। उनके कृषि मंत्री रहते ही इस देश में ७०० से ज्यादा किसानों को अपनी जान देना पड़ी थी।

भाजपा ने छग में मतदान से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर महादेव ऐप के जरिये 508 करोड़ रुपए लेने का आरोप तो लगा दिया लेकिन उसे प्रमाणित नहीं कर पायी । हारकर केंद्र सरकार ने महादेव ऐप पर पाबंदी लगा दी। भाजपा यदि यही काम चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के एक-दो महीने पहले करती तो मुमकिन है उसे इसका लाभ मिलता,लेकिन अब तो समय हाथ से निकल चुका है। छग में ईडी का नोटिस और छापे भी बेअसर साबित हुए हैं

मध्यप्रदेश में चुनावी परिदृश्य बदलने में जी-जान से लगे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह अकेले पड़ गए है। केंद्र का कोई स्टार प्रचारक उनकी सरकार की उपलब्धियों या उनका जिक्र तक नहीं कर रहे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के दौरे भी 2018 के विधानसभा चुनावों की तरह कोई चमत्कार पैदा करते नजर नहीं आ रहा । 2018 के विधानसभा चुनाव में सिंधिया ने सारा चुनाव प्रचार अपने ऊपर केंद्रित कर लिया था। उन्होंने लड़ाई को शिवराज बनाम महाराज बना लिया था। इस बार वे इस लड़ाई को महाराज बनाम कमलनाथ या महाराज बनाम दिग्विजय नहीं बना पाए। चुनावी बाजी पलटने के लिए हालाँकि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी पसीना बहाते दिखाई दे रहे हैं ,लेकिन उनकी और से प्रदेश की नौकरशाही को दी गयी देख लेने की धमकी उनके ऊपर ही भारी पड़ती दिखाई दे रही है। नौकरशाही ने एकदम से आँखें नटेर

**@ राकेश अचल**

## भाग्य के भरोसे

यूं रोना अपने भाग्य का
रोते रहोगे कब तलक
रह भरोसे भाग्य के सोते
रहोगे कब तलक।
जीवन के अनमोल क्षण
खोते रहोगे कब तलक
वक्त की धारा में तुम
बहते रहोगे कब तलक।

मंजिलें मिलती उसी को,
जो मदद खुद की करे
रह भरोसे भाग्य के
जो,ना कभी आहें भरे।
काम कितना भी कठिन
हो, चुटकियों में जो करे
हो अग्रसर अपने पथ
पर बाधाओं से जो
लड़े।

वह मनुज ही क्या जो
वक्त की धारा को ना
मोड़ दे
हार कर जो वक्त से
कोशिश ही करना छोड़
दे।
अपनी लगन से जो ,दो
धाराओं को ना जोड़ दे,
आत्मबल से जो हर
जंजीरों को तोड़ दे।

हो हौसला तुझमें
बुलंद,मिलकर रहेंगी
मंजिले
कोशिशों की मार
से,चटकती है हर
जंजीरे।
कुछ भी नही असंभव
यहाँ,यह प्रमाण कर
जाना है,
हिम्मत वालों की दुनियाँ
में,अलग इतिहास
बनाना है।



**बिंदु अग्रवाल, शिक्षिका सह कवयित्री, लेखिका किशनगंज, बिहार**

## संजीव-नी'

आज देर से हुई भोर तो क्या।।

टूटी रिश्तों की डोर तो क्या ।
आज देर से हुई,भोर तो क्या।।

रिश्ते मखमली, काँटों का
ताज,
उनसे मिले जख्म ढेर तो क्या।

अब न रंजिश,न दुआ
सलाम।
खास लम्हे ले गए,गैर तो क्या।

स्वार्थी आंच में, पिघल गए
रिश्ते,
जज्बाती की नहीं खैर, तो
क्या।।

सारी गलतियां हमारी ही सही।
आप ही निकले गैर,तो क्या।

राही है,न जाने कहा पहुंचेंगे,
मंजिल का नहीं छोर,तो क्या।

"संजीव" कड़वाहट दिल में
क्यूं।
छूटती सांसों की डोर,तो क्या।।

**संजीव ठाकुर ,रायपुर छत्तीसगढ़**

# बैठकी

# "ये विज्ञापनों का दौर है!!"

**दैनिक समाज जागरण**

सरजी, बड़ी अजीब बात है!! आज-कल सिर्फ विज्ञापनों का दौर चल रहा है। जनता को कितना मूर्ख बनाया जा रहा है! अमिताभ बच्चन टीवीएस स्कूटर, घड़ी डिटर्जेंट का विज्ञापन कर रहे जबकि वे करोड़ों रुपयों की कार पर चलते हैं,कभी स्कूटर छूते भी नहीं होंगे या कभी अपना कपड़ा घड़ी डिटर्जेंट से साफ किये होंगे!!उसी तरह बालीवुड के स्टार विमल गुटका का प्रचार कर रहें हैं जो स्वयं नहीं खाते होंगे।वैसे भी जनता ने उन्हें खाकपति से अरबों का मालिक बनाकर गुनाह किया है क्या!!जो चंद्र रुपयों के लिए, आमलोगों को गुटका खाने को मोटिवेट करके बदला ले रहें हैं!!--मास्टर साहब बैठते हीं शानदार मुद्दा उठाया।




अजी, अभी बीते 24 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को झाड़ लगाई थी कि राज्य के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए तुम्हारे पास पैसा नहीं है और अपनी सरकार एवं पार्टी को चमकाने के लिये जनता के टैक्स के 1100 करोड़ लुटाने का पैसा है!!--सुरेन्द्र भाई ने याद दिलाया।

सुरेंद्र भाई, आज के डेट में कोई धुला नहीं है। हर पार्टी और सरकार, विज्ञापन के माध्यम से अपने को चमकाने में लगी है वैसे हीं जैसे अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार में कंपनियां, विज्ञापन का सहारा लेतीं हैं।--उमाकाका ने सही कहा।

मास्टर साहब,आज के डेट में अर्थ व्यवस्था हीं उपभोक्तावाद पर आधारित हो चला है। ऐसी स्थिति में बाजार में अपनी साख बनाने,उत्पाद की लोकप्रियता बढ़ाने,अन्य संबंधित उत्पादों से बेहतर साबित करने,और मार्केट में बने रहने के लिये,विज्ञापन आज महत्वपूर्ण टूल्स बन चूका है। लेकिन अगर कोई सिलेब्रिटी, बगैर उत्पाद की गुणवत्ता को परखे विज्ञापन के माध्यम से प्रोमोट करता है तो नैतिक और कानूनी,दोनों स्तर पर उसका व्यवहार अनुचित है।--मैं सरीक होते हुए।

ए सरजी, चाहे टीवी हो या सोसलमिडिया का कोई प्लेटफार्म,इतना विज्ञापन भरा रहता है कि मुड खराब हो जाता है। एक मिनट न्यूज देखे या सुने नहीं कि विज्ञापन दर विज्ञापन। अब देखिये न! भले हीं माल कचड़ा हो लेकिन विज्ञापन,उसे चमका देता है। विज्ञापन यह दिखाने का प्रयास करता है जैसे उसके बिना हम अधुरे हैं। ठीक है विज्ञापन हमें सूचना,उत्पादों आदि के बारे में जागरूक करने का जबरदस्त माध्यम है लेकिन वर्तमान समयमें विज्ञापन, समाज के लिये समस्या का कारण भी बन रहें हैं।--उमाकाका मुंह बनाये।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हमलोग एक-एक कप उठाकर पुनः वार्ता की ओर......

बिल्कुल ठीक बोले काकाजी,ये विज्ञापन के माध्यम से समाज में अश्लीलता तो परोसतें ही हैं हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों पर भी चोट करतें हैं। अब तनिष्क को हीं लिजिये, अपने विवादित विज्ञापन से हिंदूओं को चिढ़ाने का काम किया था जिसमें हिंदू पत्नी के साथ उसके मुस्लिम पति के नाम पर विज्ञापन दिया।ये लव जिहाद को प्रोमोट करने वाली बात हुई। ये हरामखोर, मुस्लिम पत्नी और हिंदू पति दिखाने की हिम्मत क्यों नहीं करते!! इसीलिये कि हिंदू सहिष्णु है,कुछ नहीं बोलेगा जबकि मुस्लिम हिंसक होता है अतः उनका पिछवाड़ा फटने लगता है!! सेव द चिल्ड्रेन, संस्था ने घरेलु हिंसा की आड़ में हिंदू देवियों को हिंसा का शिकार दिखाकर अपमान किया था।ऐसे हीं, मित्रा ने अपने साड़ी के विज्ञापन में द्रौपदी चीर-हरण दिखाते हुए, श्रीकृष्ण को लम्बी साड़ी खरीदते हुए दिखाया था। और एक सुनिये--जावेद हबीब के सैलून चेन ने अपने विज्ञापन में माँ दूर्गा,गणेश भगवान, कार्तिकियजी और सरस्वती माता को सैलून और स्पा में इस्तेमाल किया। हाल के सीएट टायर के विज्ञापन में अमीर खान दिखाता है कि सड़क का गलत इस्तेमाल हिंदू करते हैं।चाहे बारात निकाल कर या मूर्तियों का जुलूस निकाल कर। चाहे फिल्म हो या विज्ञापन अमीर खान को हिंदूओं में हीं बुराई दिखती है। सड़क पर नमाज पढ़ने से आवागमन बाधित होता है इसमें बुराई नहीं दिखती। ईद के दिन लाखों जानवरों की हत्या करके पर्यावरण प्रदुषित करने में बुराई नहीं दिखती। इस कृतघ्न को हिंदूओं ने हीं स्टार बनाया और उसकी हीं अपने नीच बुद्धी से अपमान करता है। इसे अपने धर्म के तीन तलाक, हलाला, मुता,फासिद,और निकट के रुधिर संबंधों के बीच यौन संबंधों में तनिक बुराई नहीं दिखती।--सुरेंद्र भाई उत्तेजित लगे।







तनी रउवा बतायीं त कि इ विज्ञापन से का लाभ बा।--मुखियाजी मेरी ओर देखकर।

मुखियाजी,विज्ञापन के दोनों पक्ष हैं नकारात्मक और सकारात्मक। सकारात्मक देखेंगे तो बाजार में नया क्या है इसकी जानकारी मिलती है।उत्पादों के बीच तुलनात्मक अध्ययन हो पाता है।बाजार में प्रतियोगिता होती है जो कंपनियों को अपने उत्पाद को बेहतर करने की प्रेरणा देती है। आजकल तो किसी उत्पाद की मांग, विज्ञापन पर हीं निर्भर हो चला है। इतना हीं नहीं विज्ञापन समाजिक,आर्थिक,राष्ट्रीय,स्वास्थ्य आदि से जुड़े मुद्दों पर जनता को शिक्षित एवं अगाह करने में भी भूमिका निभाता है।--मैं चुप हुआ।

ए सरजी कुछो कहिये,आज के विज्ञापन का जो क्रेज चला है इससे उपभोक्तावादी संस्कृति को जबर्दस्त बढ़ावा मिला है। छोटे उद्योग धंधों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।अब देखिये न!आन लाइन सेल करने वाली कंपनियां विज्ञापनों के माध्यम से बाजार पर कब्जा करतीं जा रहीं हैं इससे सामान्य व्यापारी और दुकानदार बुरी तरह प्रभावित हो रहें हैं। छोटे उद्योग धंधे वाले विज्ञापन का खर्च वहन नहीं कर पाते ऐसी स्थिति में अन्य,की अपेक्षा बेहतर उत्पाद होने के बावजूद चल नहीं पाते। आज विश्व बाजार का सिद्धांत चल रहा है अर्थात जो दिखता है वो बिकता है।
विज्ञापनों में बस पश्चिम सभ्यता का हीं प्रचार-प्रसार दिखता है। किसी किसी विज्ञापन में हमारी संस्कृति और सभ्यता को आउट ऑफ डेटेड शो किया जाता है। ये अच्छी बात नहीं है।--डा. पिंटू बुरा सा मुंह बनाये।

डाक्टर साहब, सबसे बुरी बात तो ये है कि विज्ञापनों के माध्यम से सैक्स और हिंसक व्यवहार को बढ़ावा मिल रहा है। अर्धनग्न युवती को उत्पाद के विज्ञापन में प्रयोग किया जाता है। विज्ञापन में दिखाया जाता है कि किसी उत्पाद का प्रयोग करके दो-चार लोगों को अकेले मारा जा सकता है। विज्ञापन में पुरुष महिलाओं को और महिला,पुरुषों को आकर्षित करने में लगी रहतीं है जो सामाजिक अनाचार को बढ़ावा देता है।--कुंवरजी,अखबार रखते हुए।

जो भी हो,आजकल हमारे देश में राजनीतिक पार्टियां हमारें हीं गाढ़ी कमाई के टैक्स के पैसे को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पानी की तरह बहा रहीं हैं जबकि उससे कितनें हीं सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्थान के कार्य सधते। राष्ट्रीय एवं सामाजिक जागरुकता की बात तो समझ में आती है लेकिन विज्ञापनबाजी में खर्च दिखाकर 20 प्रतिशत कमीशन खोरी तो इनका प्रत्यक्ष लाभ है हीं,हमारे हीं टैक्स के पैसे के निवेश को अपना निवेश बताकर, हमारे उपर उपकार का बोझा भी लाद देते हैं। लोकतंत्र में ऐसी स्पष्ट धोखेबाजी,हमारे यहां हीं संभव है।--मास्टर साहब क्षुब्ध लगे।

मास्टर साहब, देश में सरकारों द्वारा दिये जाने वाले विज्ञापन को गवर्न करने वाली एजेंसी की सख्त आवश्यकता है जिसकी अनुशंसा के बिना, कोई सरकार,किसी मिडिया को विज्ञापन न दे सके। इस एजेंसी के लिये भी सख्त गाइड लाइन होना चाहिए। अच्छा अब चला जाय। --कहकर पारसनेता उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी......!!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# बड़ी सफलता नियमित प्रयास की परिणति' श्रम का कोई विकल्प नहीं'

**दैनिक समाज जागरण**

मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उस्के मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों क ी कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है'

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता'



**संजीव स्तंभकार, चिंतक लेखक, टिप्पणीकार,रायपुर छत्तीसगढ़**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# दक्षिण भारत में परम्परागत भारतीय चिकित्सा पद्धति "Varmam" का उत्तर भारत में प्रथम कार्यशाला

कोविड के समय पूरे विश्व ने यह अनुभव किया है कि मानव जीवन के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता स्वास्थ्य है। आयुर्वेद में भी दीघार्यु के साथ सुखायु एवं हितायु का उल्लेख है जिसका अभिप्रायः हैं कि मानव शरीर को जीवनकाल में स्वस्थ रहने का अवसर मिले तथा जब तक जीवित रहे स्वयं सुखी रहे और अपनी आयु काल के समय दूसरों के हित के लिए भी समय लगाने का अवसर मिल सके। 13 वर्ष पूर्व सिनेतारिका सुश्री प्रियंका चोपड़ा द्वारा विजन मिशन फाउण्डेशन का उद्घाटन किया गया। स्वयं के अनुभव के आधार पर सुश्री राशि सिंघल अग्रवाल द्वारा मानवता के कल्याण के लिए विजन मिशन फाउण्डेशन की स्थापना का बीज बोया गया जिसके द्वारा नोएडा में लगभग एक लाख व्यक्तियों का निःशुल्क परीक्षण डायबिटीज के लिए किया गया। गत एक वर्ष में 5 हजार व्यक्तियों का परीक्षण किया गया, जिसमें लगभग 30 प्रतिशत व्यक्तियों को डायबिटीज की बीमारी से ग्रसित पाया गया। सामान्यतः आम व्यक्ति एलोपैथिक चिकित्सा पर निर्भर रहता है तथा जब बीमार पड़ता है तो डॉक्टर के पास उपचार हेतु जाता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय परम्परागत चिकित्सा व्यवस्था का उल्लेख हजारों वर्ष वेदकालीन समय विशेषकर चरक एवं सुश्रुता संहिता एवं तमिल ग्रन्थों में विस्तृत रूप में वर्णित है। आयुर्वेद, योग, मर्म चिकित्सा प्रणायाम, कलारी, सिद्ध, आहार, पंचकर्मा, गायन एवं नृत्य थैरेपी, होमा एवं अस्ट्रो थैरेपी एवं वनस्पति विज्ञान के माध्यम से प्रिवेन्टिव हेल्थ मैनेजमेन्ट की विद्या आम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पायी। एलोपैथिक चिकित्सा से कोई लाभ प्राप्त न होने पर हाल ही में केन्या के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री रायला ओडिन्गा की सुपुत्री रोजगैरी ओडिन्गा ने एरनाकुलम में आयुर्वेदिक चिकित्सा के माध्यम से डॉ. नारायण नाम्बुधरी के प्रयास से खोई हुई आँखों की रोशनी वापिस पाया। यह महसूस किया गया है कि अब उपयुक्त समय है कि भारत में वर्तमान



एलोपैथिक चिकित्सा तथा परम्परागत भारतीय चिकित्सा पद्धति को एक साथ जोड़ते हुए अअ वरल्र (एलोपैथिक तथा आयुष पद्धति) को एकीकृत करते हुए चिकित्सा व्यवस्था विकसित की जाये। इस क्रम में आयुर्वेदिक तथा अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञों से सम्पर्क किया गया तथा दक्षिण भारत में तमिलनाडु में लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व प्रचलित चिकित्सा पद्धति वरमन जिसका क्रिया Thirumoolar Vethasatthi Academy, Coimbatore (Tamil Nadu) की ओर से Dr. Shunmugom द्वारा विभिन्न बीमारियों जैसे कि Diabetes, Blood Pressure, Stress Management, Pain in any Part of Body, Migraine, Arthritis, Depression, Indigestion, Cold Cough, Respiratory Disorders, Eye and Ear Disorders, Insomnia, Problems in Special Children like autism etc., Gastro-intestinal diseases आदि का उपचार (शरीर में उपलब्ध 8 हजार से अधिक बिन्दुओं में से 108 बिन्दुओं को स्वयं की अंगुलियों एवं अगूठे के द्वारा बीमारी के अनुसार दबाकर ) किया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान में विश्व अनेकों सभ्यागत संकटों जैसे कि वैश्विक अशान्ति, आतंकवाद, स्वास्थ्य, पर्यावरण- इकोलॉजी डिस्टर्बन्स आदि चुनौतियों से गुजर रहा है। पिछले एक वर्ष के सतत एवं कठिन परिश्रम के उपरान्त प्रोफेसर कपिल कपूर जी के नेतृत्व में 200 से अधिक प्रोफेसरों के सक्रिय बौद्धिक सहयोग के माध्यम से 70 देशों की यात्रा करते हुए तथा 500 पुस्तकों का संदर्भ लेते हुए "भारतीय संस्कृति वैश्विक न्यास दिनांक 18 अक्टूबर 2023 को गठित हुई। वैश्विक प्रसन्नता, स्वास्थ्य, मानवता, शान्ति, समृद्धि और जीव-अनुकूल इकोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग करते हुए जनोपयोगी भाषा में वैश्विक समकालीन सभ्यतागत संकटों का समाधान, जन सहयोग के माध्यम से करते हुए सामान्यजन तक पहुँचाने के लक्ष्य हेतु यह न्यास एक वैश्विक मंच प्रदान करता है।उक्त न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु भी विशेषकर वैश्विक स्वास्थ्य के क्षेत्र में जमीनी क्रियान्वयन हेतु विजन मिशन फाउण्डेशन द्वारा विशेष रूप से अनुरोध करके एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री लोकेश एम (आई.ए. एस.), मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नोएडा प्राधिकरण तथा अध्यक्षता डॉ. मनीष कुमार वर्मा (आई.ए. एस.), जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा की गयी। भारतीय संस्कृति वैश्विक न्यास के सम्बन्ध में पदम भूषण प्रो. कपिल कपूर, डॉ. शशिबाला, श्री दीपक सिंघल, पूर्व मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश द्वारा विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। उक्त न्यास में सलाहकार मण्डल के रूप में प्रो. कपिल कपूर, डॉ. मनोहर शिन्दे, डॉ. सच्चिदानन्द जोशी, प्रो. चमन लाल गुप्ता, प्रो. जगबीर सिंह, प्रो. सुधीर कुमार, डॉ. नीरजा ए. गुप्ता, प्रो. डॉ. शशिबाला, प्रो. बैद्यनाथ लाभ, डॉ. सुब्रोतो गंगोपाध्याय, प्रो. रिचा चोपड़ा, डॉ. बी. आर. मणि, प्रो. के. राजन प्रो. हीरामन तिवारी, प्रो. चेल्लापांडियन, प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा, डॉ. रामास्वामी सुब्रमणि प्रो इन्द्रनारायण सिंह, प्रो. वीर सागर जैन, श्री वेदवीर आर्य देश के सुविख्यात शिक्षाविद सहयोग दे रहे हैं। कार्यशाला सुश्री राशि सिंघल अग्रवाल द्वारा सभी उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत किया गया तथा श्री सुरेश काण्डी मनोहरन द्वारा संस्था के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। Dr. Shunmugom द्वारा चिकित्सा पद्धति के बारे में विस्तृत रूप से पद्धति को सबको समझाया गया और यह आश्वस्त किया गया कि आने वाले समय में उत्तर भारत में गौतमबुद्धनगर पहला जिला होगा, जिसमें उक्त चिकित्सा पद्धति का केन्द्र विकसित किया जायेगा जिससे कि प्राचीन भारतीय विरासत का लाभ एन.सी.आर क्षेत्र को मिल सके। कार्यक्रम का संचालन सुश्री शगुन सिंघल गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर ऊ. रँ४ल्लेॲङ्के लिखित तथा संस्था द्वारा प्रकाशित पुस्तक का भी विमोचन मुख्य अतिथि श्री लोकेश एम (आई.ए.एस.), मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नोएडा प्राधिकरण तथा डॉ. मनीष कुमार वर्मा (आई. ए. एस.) जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में किया गया।

## जनपद के उज्ज्वला योजना गैस कनेक्शन धारक अवश्य करायें आधार प्रमाणीकरण।

समाज जागरण

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण में माह नवम्बर, 2023 से दिसम्बर, 2023 तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी, 2024 से मार्च, 2024 तक निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के वह लाभार्थी, जिनके बैंक खाते आधार लिंक होंगे तथा जिनके आधार प्रमाणित होंगे, वही उक्त योजना के लिए पात्र होंगे तथा उन्हें ही निःशुल्क सिलेण्डर वितरित किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत उपभोक्ता अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके तीन से चार दिन के उपरान्त इस योजनान्तर्गत दी जाने वाली सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते मे तेल विपणन कम्पनियों द्वारा अंतरित की जायेगी। जनपद में 40370 उज्जवला योजना के गैस कनेक्शनधारक है, जिसमे से आई०ओ०सी० 13529, बी०पी०सी० 15697 एवं एच०पी०सी० कम्पनी के 11144 है को निःशुल्क गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाने है। जनपद के वह समस्त उज्ज्वला योजना गैस कनैक्शन धारक जिनका आधार प्रमाणीकरण अभी तक नहीं हुआ है, वह अपना आधार प्रमाणीकरण सम्बन्धित गैस ऐजेन्सी पर सम्पर्क कर कराना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें निःशुल्क गैस सिलेण्डर प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## जनपद के उज्ज्वला योजना गैस कनेक्शन धारक अवश्य करायें आधार प्रमाणीकरण।

समाज जागरण

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण में माह नवम्बर, 2023 से दिसम्बर, 2023 तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी, 2024 से मार्च, 2024 तक निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के वह लाभार्थी, जिनके बैंक खाते आधार लिंक होंगे तथा जिनके आधार प्रमाणित होंगे, वही उक्त योजना के लिए पात्र होंगे तथा उन्हें ही निःशुल्क सिलेण्डर वितरित किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत उपभोक्ता अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके तीन से चार दिन के उपरान्त इस योजनान्तर्गत दी जाने वाली सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते मे तेल विपणन कम्पनियों द्वारा अंतरित की जायेगी। जनपद में 40370 उज्जवला योजना के गैस कनेक्शनधारक है, जिसमे से आई०ओ०सी० 13529, बी०पी०सी० 15697 एवं एच०पी०सी० कम्पनी के 11144 है को निःशुल्क गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाने है। जनपद के वह समस्त उज्ज्वला योजना गैस कनैक्शन धारक जिनका आधार प्रमाणीकरण अभी तक नहीं हुआ है, वह अपना आधार प्रमाणीकरण सम्बन्धित गैस ऐजेन्सी पर सम्पर्क कर कराना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें निःशुल्क गैस सिलेण्डर प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## समाजवादी पार्टी से तीन बार लोकसभा एवं एक बार राज्यसभा सांसद श्री रवि प्रकाश वर्मा एवं उनकी बेटी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ0 पूर्वी वर्मा ने आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा- डॉ0 सी0पी0 राय

लखनऊ, 06 नवम्बर 2023।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए एवं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी, पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी, तथा महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश श्रीमती प्रियंका गांधी जी द्वारा देश एवं संविधान की रक्षा हेतु किये जा रहे संघर्षो से प्रेरित होकर आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी से तीन बार लोकसभा एवं एक बार राज्यसभा सांसद रहे श्री रवि प्रकाश वर्मा जी ने तथा उनकी सुपुत्री पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ0 पूर्वी वार्मा जी ने पूर्व ब्लाक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों प्रधानों, एवं सैकड़ो की संख्या में पूर्व प्रधान सहित लगभग 500 से अधिक समर्थकों के साथ आज कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी के समक्ष पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ ही बहुजन समाज पार्टी से दो बार विधायक प्रत्याशी रहे नवाब फैजान अली खान जी ने भी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस श्री अजय राय जी ने उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। इसी क्रम क्रम में नव भारत पार्टी के अध्यक्ष श्री राज बहादुर जी ने भी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलेय करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डा0 सी0पी0 राय ने बताया कि इस अवार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय जी ने पूर्व सासंद रवि प्रकाश वर्मा जी के साथ आये उनके सैकड़ों समर्थकों तथा समस्त आगन्तुकों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस की सोच और नीतियों से प्रभावित होकर लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त प्रदेश की जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगांहों से देख रही है। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर उनको आगे बढ़ाने की कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी एवं महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश श्रीमती प्रियंका गांधी जी की सोच में लोग भरोसा व्यक्त कर रहे हैं। सभी जाति और धर्म के लोग भाजपा की समाज तोड़ो राज करो की नीति और नीयत से परिचित हो चुके हैं और आने वाले समय में वोट की चोट देकर देश एवं प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा की निरंकुश सरकार को उखाड़ फेकने का मन बना चुके है। सदस्यता ग्रहण के उपरान्त पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने देश के सामने चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा देश को बबार्दी की कगार पर लेकर आ गई है। देश में जो भी विकास हुआ है वह सिर्फ कांग्रेस की ही देन है और आज एक बार फिर से कांग्रेस की लहर चल चुकी है। और मैं चाहता हूं कि देश में कांग्रेस की सरकार बने तथा जनता को समस्याओं से निजात मिले इसके लिए मैं पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए संकल्प के साथ आज कांग्रेस पार्टी में शामिल हुआ हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा मुझे जो भी उत्तरदायित्व सौंपा जायेगा उसका मैं पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा। इस क्रम में पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा जी की सुपुत्री पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुश्री पूर्वी वर्मा ने सदस्यता ग्रहण के उपरांत कहा कि मेरे दादा कांग्रेस के एक बड़े नेता थे एवं कांग्रेस सरकार में मंत्री भी रहे एवं मेरी दादी भी सांसद रही एवं खीरी की जनता ने कई बार मेरे पिता को भी सासंद के रूप में कार्य करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि हम समाजवादी पार्टी में काम कर रहे थे वहां हम जिस चीज के लिए राजनीति करने गये थे वहां सभी संभावनाएं धूमिल हो गई और वहीं दूसरी तरफ श्री राहुल गांधी जी भारत जोड़ों यात्रा ने देश को को आकर्षित किया और मुझे भी आकर्षित किया जिससे प्रभावित होकर आज मैंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद श्री पी0एल0 पुनिया ने पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा एवं उनकी सुपुत्री सुश्री पूर्वी वर्मा तथा उनके साथ आये सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि रवि प्रकाश वर्मा जी के सांसद रहने के दौरान मैं भी उनके साथ स-

## आगामी 09 दिसंबर को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ-साथ आर्बिट्रेशन वादों की विशेष लोक अदालत का भी किया जायेगा आयोजन।

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राप्त निदेशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर की अध्क्षता में 09 दिसम्बर 2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया कि 09 दिसम्बर 2023 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ-साथ आर्बिट्रेशन वादों की विशेष लोक अदालत का आयोजन भी किया जायेगा। उक्त विशेष लोक अदालत में पक्षकार अपने आर्बिटेशन वादों को आपसी सुलह समझौते से निस्तारित करा सकते हैं। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में नामित पराविधिक स्वंय सेवकों को दिया गया प्रशिक्षण।



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में तथा श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर में नामित पैनल अधिवक्तागण द्वारा जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में कार्यरत पराविधिक स्वंय सेवकों को नालसा मायडूल में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में निरुद्ध बंदियों को उनके मुकदमों से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जेलर जे0पी0 तिवारी व कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता किशनलाल पाराशर, नरेश चन्द गुप्ता, चन्द्रपाल सिंह डिप्टी, एल0ए0डी0सी0एस0 काउन्सिल एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में आयोजित किये जा रहे जागरूकता कार्यक्रम।



उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर में आज आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं व जन सामान्य को आयुर्वेद विधा के बारे में जानकारी दी गई। क्षेत्रीय यूनानी एवं आयुर्वेद अधिकारी धर्मेंद्र कुमार केम ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत उचित खानपान, जीवन शैली, व्यायाम, दिनचर्या, औषधीय पौधों एवं उनके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आगे भी 10 नवंबर तक आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होते रहेंगे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई

बलरामपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर द्वारा ग्राम सिरसिया में शक्ति दीदी मिशन के तहत पुरुषों बच्चों एवं महिलाओं से बातचीत कर उन्हे जागरूक किया गया सरकारी नम्बर जैसे *वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी आपातकालीन 112, एंबुलेंस सेवा 108,महिला हेल्पलाइन 181, व साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, तथा थाने पर गठित महिला हेल्प डेस्क इत्यादि के बारे में अवगत कराया गया सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ,कन्या सुमंगला योजना , मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में जानकारी दी गई



## प्रतिबंधित पॉलीथीन, अवैध प्रचार सामग्री, अतिक्रमण, बड़े बकायेदारो के विरुद्ध जोनवार अभियान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। प्रतिबंधित पॉलीथीन, अवैध प्रचार सामग्री, अतिक्रमण, बड़े बकायेदारो के विरुद्ध जोनवार अभियान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निदेशों के क्रम में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट के नेतृत्व में प्रतिबंधित पॉलीथीन प्रयोग, संग्रहण, परिवहन, निर्माण लगाये जाने पर सामग्री जब्त



कर जुमार्ना लगाये जाने, नगर के मार्गो/गलियों पर अतिक्रमण हटाकर क्षतिपूर्ति वसूल किए जाने, गृहकर का भुगतान नही करने वाले बड़े/छोटे गृहकर के बकायेदारों के विरुद्ध कुर्की/सीजर की कार्यवाही हेतु निरन्तर जोनवार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही गृहकर का भुगतान कराने एवं आम जनमानस को सुविधा प्रदान करने हेतु जोनवार कैम्प भी लगाये जा रहे है, जिस क्रम में आज जोनवार कार्यवाही का विवरण निम्नवत हैः-

जोन-5 क्षेत्र अन्तर्गत स्थित आलमबाग चौराहे से आलमबाग बस अड्डे तक अस्थायी अवैध अतिक्रमण ठेला, ठेलिया, गुमटी के अतिरिक्त अवैध होर्डिग, बैनर इत्यादि को अभियान चलाकर हटाया गया। उक्त अभियान उप नगर आयुक्त/जोनल अधिकारी जोन-05 संगीता कुमारी के नेतृत्व में कर अधीक्षक- आलोक श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक- अनुज कुमार, राजस्व निरीक्षक- रेनू यादव, राजस्व निरीक्षक- पूजा शुक्ला, राजस्व निरीक्षक- राजू कुमार, प्रवर्तन दल (296) व ई0टी0एफ0 के सहयोग से चलाया गया है। इसके अतिरिक्त वार्ड-चित्रगुप्त नगर में कैम्प लगाकर रू0-96047.00 व वेन्डिग शुल्क रू0-32400.00 साथ ही लाइसेन्स शुल्क रू0-30000.00 जमा कराया गया। इसके अतिरिक्त जोन-05 क्षेत्रान्तर्गत आलमबाग एवं चन्दर नगर मार्केट में जन जागरूकता अभियान चलाते हुए गन्दगी करने वाले एव प्रतिबन्धित पॉलीथिन का प्रयोग करने वाले दुकानदारों को गन्दगी न फैलाने एवं प्रतिबन्धित पॉलीथिन का प्रयोग न किये जाने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही अभियान के दौरान गन्दगी करने वाले व्यक्तियो पर 05 चालान व रू0- 500.00 का जुमार्ना एवं प्रतिबन्धित पॉलीथिन का प्रयोग कर रहे दुकानदारो पर 01 चालान व रू0- 1000.00, इस प्रकार कुल 06 चालान व रू0- 1500.00 का जुमार्ना वसूल किया गया एवं 1.5 किलोग्राम प्रतिबन्धित पॉलीथिन जब्त की गई।

जोन-6

मनेज कुमार यादव जोनल अधिकारी जोन-6 के नेतृत्व में घंटाघर चौराहे से युनिटी कालेज होते हुये दुबग्गा चौराहे से आई0आई0एम0 रोड के चारो तरफ अतिक्रमण अभियान चलाया गया। कार्यवाही के दौरान, अवैध रूप से लगे फलो के ठेलो को हटाते हुये सचेत किया गया कि उक्त स्थल पर पुनः अतिक्रमण न होने पाये। इसके अतिरिक्त जोन-6 के अन्तर्गत वेडिग शुल्क रू0 7200 जमा कराया गया। उक्त कार्यवाही जोन-6 के कर अधीक्षक, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक, ई0टी0एफ0 एवं 296 टीम की उपस्थिति में सम्पन्न की गयी।

जोन-07 द्वारा प्रतिदिन की विशेष कार्यवाही के दौरान सिन्गल यूज प्रतिबन्धित पॉलीथीन, गन्दगी व ट्रेड लाइसेन्स शुल्क न जमा करने वाले प्रतिष्ठान, वेण्डिग जोन की दुकानों से शुल्क हेतु तथा अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध वार्ड



मैथिलीशरण गुप्त स्थित ईरम स्कूल के आस-पास, वार्ड बाबूजगजीवन राम स्थित सेक्टर-25 इन्दिरा नगर, वार्ड लाल बहादुर शास्त्री स्थित आम्रपाली चौराहे के आस-पास, लोहिया नगर वार्ड में सेक्टर-02, 03 व लेखराज पन्ना आस-पास अभियान चलाया गया। अभियान में प्रतिबन्धित पॉलीथीन का उपयोग करने वाले दुकानों/प्रतिष्ठानों के विरूद्ध रू०-2,000.00, गन्दगी के विरूद्ध रू०-500.00 का जुमार्ना वसूल किया गया तथा 0.8 किलोग्राम पॉलीथीन जब्त किया गया। जोन क्षेत्रान्तर्गत स्थित वेण्डिग जोन से रू०-3,91,800 जमा कराया गया तथा ट्रेड लाइसेन्स शुल्क रू०-15,500.00 जमा कराया गया। सेक्टर-25 इन्दिरा नगर में अवैध अतिक्रमण व अवैध बैनर/पोस्टर इत्यादि प्रचार सामग्री को हटवाते हुए रू०-1,500.00 का जुमार्ना वसूल किया गया। इस प्रकार कुल रू०-4,11,300.00 का शुल्क/जुमार्ना जमा कराया गया। उक्त कार्यवाहीं में कर अधीक्षक विपिन उपाध्याय, राम अचल, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक बृजेश प्रजापति, राजस्व निरीक्ष पल्लवी अस्थाना, उदय त्रिपाठी, शिवेन्द्र मिश्रा, लिपिक संजय चन्द्रा, प्रवर्तन दल 296 की टीम व अन्य स्टाफ कि उपस्थिति में सम्पादित की गयी।

जोन-8 सरोजनी नगर थाना के अन्तर्गत बेहसा मोड से एयरपोर्ट चौराहे व सरोजनी नगर के आस-पास अवैध प्रचार समाग्री व अस्थाई अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया।अभियान के अन्तर्गत 02 सिलेण्डर, 01 छोटा चूल्हा, 01 बाटी चोखा स्टैण्ड, 02 लोहे के गमलेस्टैण्ड, के साथ 30 बैनर, 70 छोटी होर्डिंग, 90 कियास्क व 20 पोस्टर को हटाया गया। उक्तअभियान जोनल अधिकारी के नैतृत्व में कर अधीक्षक ओम प्रकाश सोनी, राजस्व निरीक्षकश्री देवी शंकर दुबें व प्रवर्तन विभाग जोन-8 (296) की उपस्थिति में चलाया गया। जोन-8 क्षेत्रान्तर्गत बडे बकायेदारो से डोर-टू-डोर सम्पर्क किया गया, जिससे कुल रू०-3,10,000.00 वसूली की गयी एवं आज दिनांक 05.11.2023 को नगर निगम जोन-8 क्षेत्रान्तर्गत स्थित विभिन्न वेण्डिंग जोनो से रू०-1,24,400.00 (एक लॉख चौबीस हजार चार सौ रुपए मात्र) वेण्डिंग शुल्क वसूल किया गया।

## जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जनसमस्याएं

### जन समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता मिली तो सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही-जिलाधिकारी

श्रावस्ती,जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 07 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को एक सप्ताह में निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए जनशिकायतों के निस्तारण में शिथिलता कदापि क्षम्य नही की जाएगी। इसलिए जनशिकायतों के निस्तारण में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। यदि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता मिली तो सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसुनवाई, आई0जी0आर0एस0, सीएम हेल्पलाइन, तहसील व थाना दिवस हेतु समय-समय पर विस्तृत निर्देश दिये गये है, जिनका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। आई0जी0आर0एस0 से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होने यह भी बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर प्रतिमाह जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की जा रही है। इसलिए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी जन शिकायतों के निस्तारण में विशेष रूचि लेकर जनपद की रैंकिंग प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को मानवीय दृष्टिकोण से सुना जाए तथा एक सप्ताह में समस्याओं का निस्तारण प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी मौके पर स्वयं जाकर निरीक्षण करें और स्पष्ट आख्या तैयार कर फोटोग्राफ सहित अपलोड करें।

# माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देश के अनुसार ही साउंड सिस्टम का करें प्रयोग

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर किरतपुर थानाध्यक्ष किरतपुर के निदेर्शानुसार भनेडा चौकी के पुलिस कर्मियों ने ग्राम भनेड़ा में मस्जिद एवं मंदिरों मे पहुंच कर मस्जिद एवं मंदिरों के जिम्मेदारान व्यक्तियों से कहा कि आप अपने धार्मिक स्थल पर लगाया गया साउंड सिस्टम प्रयोग हेतु निरबंधनों पर अनुबंध किया जा रहा है जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित निर्देश के अनुसार ही अनुमन्य है जिसकी अधिकतम ध्वनि सीमा दिन में 50 डेसीबल वह रात्रि में 40 डेसीबल है इसलिए आपको निर्देशित किया जाता है कि आप माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों का पालन न करने के क्रम में साउंड सिस्टम के प्रयोग के फल स्वरुप कोई कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई तो आपको व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी मानते हुए नियम अनुसार प्रभावित वैधानिक कार्यवाही की जाएगी वही मस्जिद एवं मंदिरों के जिम्मेदारानो ने स्थानीय पुलिस को विश्वास दिलाया कि जो मान्य सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि निर्धारित की गई है इस ध्वनि के निदेर्शानुसार ही हमारे द्वारा साउंड सिस्टम का प्रयोग किया जाएगा

# दो दिवसीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप लायंस क्लब में आयोजित

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर नजीबाबाद। लायंस क्लब नजीबाबाद में दो दिवसीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बृज गोपाल यादव ने फीता काटकर किया ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजू राजपूत ने मुख्य अतिथि बृज गोपाल यादव व विशिष्ट अतिथि स्कॉलर पब्लिक स्कूल बिलाई के प्रबंधक मुकेश कुमार को साल बढ़कर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में नजीबाबाद से इंपिरियल इंटरनेशनल स्कूल, गुरुकुल इंटरनेशनल एकैडमी,सेंटमेरी, कन्या गुरुकुल, विद्यापीठ, वालिया ग्लोबल एकेडमी,नजीबाबाद ताइक्वांडो एकेडमी,सहित आसपास क्षेत्र सहित जिले भर से कॉलेज व ताइक्वांडो क्लब मौजूद रहे। सब जूनियर बालक वर्ग में 29 से 32 अंशुमान (एल आर एस एकेडमी नगीना) गोल्ड मेडल, सब जूनियर बालक वर्ग में अंडर 50 श्रेयांश राठी गोल्ड मेडल( इंपीरियल इंटरनेशनल स्कूल ), सब जूनियर बालिका वर्ग में अंडर 24 से 26 में कुमारी परी गोल्ड मेडल ( स्कॉलर पब्लिक स्कूल बिलाई), जूनियर बालक वर्ग में अडर 45 मे आयुष्मान चौहान गोल्ड मंडी( नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग क्लब), सीनियर बालिका वर्ग अंडर 46 में निकिता सैनी गोल्ड मेडल(नहटौर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी), केडिट बालिका वर्ग में अंडर 37 अंशिका गोल्ड मेडल(स्कॉलर पब्लिक स्कूल बिलाई), केडिट बालक वर्ग में अंडर 49 राघव वर्मा गोल्ड मेडल( पी एन एस अरहित पब्लिक एकेडमी), सीनियर बालक वर्ग में सागर गोल्ड मेडल( नहटौर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी) सहित खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त किए।

# प्रत्येक तहसील के लिये उर्वरक हेल्पलाईन नम्बर जारी

**दैनिक समाज जागरण**

बदायूं आई एम खान। ए. आर. को-आपरेटिव द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद की 05 तहसीलों के 15 विकास खण्डों में 132 बी-पैक्स समितियाँ संचालित हैं, जिनके द्वारा उर्वरक वितरण का कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक तहसील में अपर जिला सहकारी अधिकरी (राजपत्रित) कार्यरत हैं, जिनसे पीक सीजन में कृषकों को उर्वरक प्राप्ति में आ रही किसी भी कठिनाई के लिये संपर्क किया जा सकता है। उन्होने बताय कि तहसील सदर में संजीव कुमार पाण्डेय (मो0नं0-8868887199), बिल्सी में राम समुझ वर्मा (मो0नं0-9695806011), बिसौली में सुरेश बाबू सागर (मो0नं0-7417174811), दातागंज में प्रदीप कुमार (मो0नं0-9412417726), सहसवान में असलम परवेज (मो0न0-8445424486) से तहसील क्षेत्र के कृषक बन्धुओं द्वारा अपनी किसी भी उर्वरक संबंधी समस्या के लिये संपर्क किया जा सकता है।

# असमोली चीनी मिल में विधिवत पूजा कर पेराई सत्र का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण**



संभल। असमोली में स्थित धामपुर बायोआर्गेनिक्स चीनी मिल में वर्ष 2023-24 के गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ पूजा-अर्चना एवं मंत्रोउच्चारण के साथ जिला अधिकारी मनीष बंसल एवं कंपनी के सीङ्कओङ्कओङ्क संदीप शर्मा द्वारा किया गया। इसके बाद चीनी मिल में गन्ना पेराई शुरू हुई।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाअधिकारी मनीष बंसल,उप जिलाधिकारी सुशील कुमार चतुवेर्दी,कंपनी के सीङ्कओङ्कओङ्क संदीप शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर पूजन व हवन प्रारंभ कराया।व पहले गन्ना लाए किसानों को सर से पगड़ी बांधकर तथा एक कंबल देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद केनयार्ड में गन्ने से भरी बैलगाड़ी कृषक लखन सिंह,ग्राम दुगावर,समिति चेयरमैन रंजीत सिंह द्वारा कृषक रनधीर सिंह,ग्राम अकबरपुर गहरा,जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विजय भान सिंह,द्वारा कृषक अरविंद सिं,ग्राम असमोली, तथा ब्लाक प्रमुख नागेंद्र सिंह द्वारा, क्रय केंद्र से आए ट्रक ड्राइवर को फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं कृषको की विधिवत पूजा कराई गई।तथा कंप्यूटर पर पर्ची तौल कर-वाई।
चीनी मिल के यूनिट हेड संजय शर्मा ने बताया कि इस वर्ष चीनी मिल अपनी बड़ी हुई पेराई क्षमता पर पेराई करेगी,जिससे चीनी मिल क्षेत्र के सभी कृषक समय से गन्ना आपूर्ति कर सकेंगे,इस वर्ष पेराई का लक्ष्य 210 लाङ्ककुङ्करखा गया है।चीनी मिल के विभागा विभागाध्यक्ष (गन्ना)इंद्र शर्मा द्वारा सभी उपस्थित गानों का आभार व्यक्त किया गया। तथा कृषकों से अपना समस्त गन्ना चीनी मिल को सप्लाई करने हेतु अनुरोध किया एवं कृषको को गत वर्षो की भांति त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान किए जाने का भरोसा दिया। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी संभल सुशील कुमार चतुवेर्दी, जिला गन्ना अधिकारी संभल राजवीर राजेश्वर यादव समिति सचिव कामता प्रसाद जस्ट गन्ना विकास निरीक्षक उदय सिंह कैन कॉरपोरेट हेड राजीव शर्मा विभागाध्यक्ष तकनीकी आजाद सिंह विभागाध्यक्ष प्रोडक्शन पवन शर्मा विभागाध्यक्ष प्रशांत विवासवान त्रिपाठी,विभागाध्यक्ष वित एवं लेखा सुशील कुमार जयसवाल,वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना) उदयभान सिंह,लोकेंद्र ढाका,अमित कुमार धामा, राजकुमार व चीनी मिल के अन्य अधिकारी एवं प्रगतिशील कृषक सुधीर त्यागी चौधरी दिवाकर सिंह, अजय वीर सिंह, आनंद सिंह, कुलदीप सिंह, कुलवंत सिंह, नकुल कुमार, मायाराम सिंह, सतपाल सिंह, जयपाल सिंह, राहुल एवं असमोली ग्राम प्रधान डोली सागर आदि काफी संख्या में एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति आदि मौजूद रहे।

प्रचार नही तो व्यापार नही– विज्ञापन न के लिए संपर्क करे.

# सभी पात्रों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : डीएम

**दैनिक समाज जागरण**



बदायूं आई एम खान। जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जनपद स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। डीएम ने समीक्षा में बैंक ऑफ बड़ौदा का सीडी रेसियो सबसे कम होने पर निर्देश दिए कि बढ़ोत्तरी की जाए। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि जिन बैंकों का सीडी रैश्यो कम है वह मानक अनुसार बराबर लाने के लिए कार्य करें।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत पत्रावलियां बैंकों में पेंडिंग होने पर डीएम ने निर्देश दिए कि स्वीकृत ऋणों का बैंकर्स वितरण कराएं जिससे कार्यक्रम की अच्छी उपलब्धि हो। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा विभिन्न योजनाओं की बैंकों में भेजे गयी लोन की पत्रावलियों में लंबित होने पर उन्होंने बैंकर्स को निर्देश दिए कि लोन स्वीकृत एवं वितरण की प्रगति बढ़ाएं। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि जो बैंकों से अस्वीकृत पत्रावलियां वापस आती हैं उनमें पुनः आवेदको से संपर्क स्थापित कर कर्मियों को दूर कराए। प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर में बैंकर्स विशेष ध्यान देकर लोन तेजी से वितरण कराएं।

# महिला कल्याण विभाग के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओ के अन्तर्गतं बाल विवाह पर गोष्ठी का आयोजन

बदायूं आई एम खान। महिला थाना में कन्याजमोत्सव का आयोजन किया गया महिला थानाध्यक्ष द्वारा कन्याओं को बेवी किट एवं टावल दे कर कन्याजमोत्सव की बधाई दी गयी। तदोपरान्त राजकीय महिला महाविद्यालय में बाल विवाह की गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें संरक्षण अधिकारी रवि कुमार द्वारा बाल विवाह की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। महिलाओं व बालिकाओं को दीपावली की शुभकामानाऐं देते हुये बालिकाओ के उज्जवल भविष्य की कामानाऐं की। महिला थानाध्यक्ष सीमा सिंह द्वारा महिला एवं बालिका सुरक्षा तथा हेल्पलाइन 1090, 112 की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।




जिला समन्वय छवि वैश्य द्वारा बालिकाओं को कन्या सुमंगजा योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य/कोविड तथा महिला हेल्प लाइन 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर डॉ0 स्मिता जैन प्रधानाचार्या, वन्दना मिश्रा प्रोफेसर एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं मन्जू शर्मा, कृष्णा महिला आरक्षी महिला थाना उपस्थित रही।

# कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर बेखौफ चोरों ने बन्द मकान पर बोला धावा

## पीड़ित सेवानिवृत्त तहसील कर्मी प्रदीप गुप्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

बिसौली आई एम खान। थाने से चंद कदमों की दूरी पर नगर के वार्ड नंबर नौ में बीती रात पुलिस से बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर ढाई लाख की नकदी समेत आठ लाख का सामान साफ कर दिया। पीड़ित सेवानिवृत्त तहसीलकर्मी प्रदीप गुप्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के चंदौसी-बिसौली एमएफ हाईवे किनारे कोतवाली से महज सौ कदमों की दूरी पर स्थित तहसील से सेवानिवृत्त प्रदीप कुमार गुप्ता का मकान है। पीड़ित प्रदीप कुमार गुप्ता के मुताबिक बीती रात्रि अज्ञात बदमाश किबाड़ और उसके कुंडे तोड़कर घर में दाखिल हुए,और ढाई लाख की नगदी सोने चांदी के आभूषण सहित लगभग आठ लाख की चोरी कर फरार हो गए। चोरी की वारदात के वक्त पीड़ित का परिवार समीप में चल रहे रामलीला का मंचन देखने गये थे। वापस लौटे तो घर का नजारा देखकर सन्न रह गए। सूचना के बाद मौके पर पुलिस,फोरेंसिक और एसओजी टीम पहुंच गई। घटना से संबंधित



साक्ष्य जुटाते हुए पुलिस पूरे मामले की छानबीन और चोरों की तलाश में जुटी हुई है। वहीं नगर में हाईवे पर हुई चोरी की उक्त बड़ी वारदात से नागरिकों में दहशत व्याप्त है। बताते चलें कि इससे पूर्व भी नगर व क्षेत्र में चोरी की दो दर्जन से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन अभी तक पुलिस उनका पता लगाने में नाकामयाब रही है। कोतवाल आरबी सिंह का कहना है कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है। मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच और चोरों को तलाश किया जा रहा है। जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# विधायक उमाशंकर सिंह के 53 वे जन्मदिन पर कही फल वितरण तो कही केक काट कर मनाया गया।

**आशु खरवार दैनिक समाज जागरण संवाददात बलिया**

खबर बलिया जनपद के रसड़ा से है जहां विधायक उमाशंकर सिंह के 53 वे जन्मदिन पर कही फल वितरण तो कही केक काट कर दीघार्यु की कामना की गई। विधायक प्रतिनिधि एवम अनुज रमेश सिंह एवम पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक सिंह रिशु ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को फल वितरण कर



विधायक उमाशंकर सिंह की लंबी उम्र के लिए आशीर्वाद मांगा। उधर नगर पालिका परिषद कार्यालय पर नपा चेयरमैन विनय शंकर जायसवाल ने नपा कर्मियों संग रमेश सिंह के साथ केक काटकर धूमधाम के साथ विधायक उमाशंकर सिंह का जन्म दिवस मनाया और उनकी दीघार्यु की कामना कि। नपा अध्यक्ष विनय शंकर जायसवाल ने विधायक की लंबी उम्र की कामना करते हुए कहा की विधायक जी की रसड़ा ही नही पूरे पूर्वांचल में आवश्यकता है। इस मौके पर डा मनीष जायसवाल, अनिल राय, प्रदीप गुप्ता, आदित्य गुप्ता, अविनाश जायसवाल, खुरशेद अहमद, राजेन्द्र जायसवाल, मनोज गुप्ता, अजय जायसवाल, डब्लू अंसारी, ट्रेजरी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक पर सवार महिला की ट्रक के पहिये से कुचल कर मौत

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता
आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के धनवन डेरा मजरे अड़ावल के समीप ट्रक ने बाइक चालक को टक्कर मार दिया। ट्रक की टक्कर से बाइक पर सवार महिला गिरकर ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दुखी का डेरा मजरे अड़ावल गाँव निवासी प्रदीप कुमार की 24 वर्षीय पत्नी सतरूपा अपने पति प्रदीप कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर थाना क्षेत्र के रासी का डेरा मजरे कोर्राकनक अपने मायके से ससुराल जा रही थी। तभी थानां क्षेत्र के धनवन डेरा मजरे आढावल के समीप ट्रक ने बाइक को टककरा मार दिया। ट्रक की टक्कर से महिला बाइक से गिरकर ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतिका के पिता शहदेव ने शंका जाहिर करते हुए सड़क हादशे को एक सोची समझी साजिश बताया है।

# गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 398वाँ युगऋषि ऋषि वाङ्मय की स्थापना

## "ऋषि का सद्ज्ञान मानव जीवन को नर से नारायण बना सकता है"......उमानंद शर्मा।

गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ह्यह्यश्री अयोध्या सिंह मेमोरियल इण्टर कालेज, चिनहट लखनऊ के पुस्तकालय के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 398वाँ ऋषि वांङ्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री श्रीमती वीना रानी ने अपने प्रिय जीवनसाथी स्व0 पति रामकुमार जी की स्मृति में भेंट किया तथा व्यक्तिगत रूप से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को भी अखण्ड ज्योति



पत्रिका भेंट की।
इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ह्यह्यऋषि का सद्ज्ञान मानव जीवन को नर नारायण बना सकताह्य है। संस्था के प्रबन्धक शैल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया।
इस अवसर पर उमानंद शर्मा, श्री अनिल भटनागर, श्री देवेन्द्र सिंह, श्रीमती वीना रानी, संस्थान के प्रबन्धक श्री शैल सिंह, संस्थान की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा सिंह, उपप्रधानाचार्या श्री शुभ्रा सिंह समन्वयक श्री मनोज पाण्डेय, शिक्षक/शिक्षिकायें सहित छात्र-छात्रायें, मौजूद थे।

# यूपी के बिजली उपभोक्ताओं को योगी सरकार ने दी बड़ी राहत, अवर अभियंता रसड़ा सत्यम गोड ने दी जानकारी।

**आशु खरवार दैनिक समाज जागरण संवाददात बलिया**

यूपी के बिजली उपभोक्ताओं को योगी सरकार ने बड़ी राहत दी है। योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को सुविधा देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू की है। यह योजना 8 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन खण्डों में लागू की जाएगी। योजना का पहला चरण 8 से 30 नवम्बर, दूसरा चरण 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तथा तीसरा चरण 16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक चलेगा। इस योजना के अन्तर्गत घरेलू उपभोक्ताओं तथा किसानों का विशेष ध्यान रखा



गया है। इसके तहत समस्त विद्युत भार के एलएमवी-1 (घरेलू), एलएमवी-2 (वाणिज्यिक), एलएमवी -4बी (निजी संस्थान), एलएमवी - 5 (निजी नलकूप) एवं एलएमवी-6 (औद्योगिक) उपभोक्ताओं को सरचार्ज राशि पर अधिकतम 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है। साथ ही उपभोक्ताओं को उनके बकाए पर किश्तों में भुगतान की सुविधा का विकल्प भी दिया अवर अभियंता रसड़ा सत्यम कुमार गोंड ने अब तक सरकार द्वारा चलाई गई समाधान योजना में सबसे अच्छी इस योजना को बताया उन्होंने विस्तार पूर्वक उपभोक्ताओं को जानकारी दी। इस योजना में सभी प्रकार के उपभोक्ता शामिल है यहा तक की विद्युत चोरी प्रकरण में भी छूट है। इस योजना का नाम जल्दी आए ज्यादा लाभ पाए। उन्होंने क्षेत्र की सभी उपभोक्ताओं से अपील की।

# फतेहपुर जिले में चोरों का आतंक: ललौली थाना क्षेत्र के कोर्रा कनक कस्बे में चोरों ने ई रिक्शा से 8बैट्री व 2चार्जर किये पार

## 36 घण्टे बितने के बाद अभी तक ललौली पुलिस ने नहीं किया कोई खुलासा

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर -ललौली थाना क्षेत्र के कोर्रा कनक कस्बे के रहने वाले शराफत खान पुत्र सगीर खान खा व दानिश खा इनके पास ई रिक्शा है,जिसको ये दोनों वाहन स्वामी स्वय चलाते हैं। रोज की तरह शनिवार देर शाम शराफत खा व दानिश खा ने अपने घर के बाहर ई-रिक्शा खड़ी कर चार्जिंग मे लगा दिए थे रविवार सुबह जब वाहन स्वामी घर से बाहर निकले तो दोनों ई-रिक्शा के ताले टूटे हुए हैं। उसमें से आठ बैटरी व दो चार्जर गायब है! वाहन स्वामी ने पड़ोसीयों से कहा की रिक्शा के आठ बैटरी चोरी हो गई है। तो वाहन स्वामी सहित मोहल्ले वालों ने काफी तलाश किए लेकिन नहीं मिले। शराफत व दानिश ने बताया की एक बैट्री कीमत 15हजार रुपए है वहीं वाहन स्वामी ने बैटरे चोरी की सूचना डायल 112कों दी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लिखित तहरीर दतौली चौकी में देने बात कहीं है। बताया जा रहा है कि कस्बे में बीते कुछ महीनों से बैटरी चोरी व बकरा चोरी बढ़ गई है। इससे पूर्व भी चोरी हो चुकी आज तक ललौली पुलिस खुलासा नहीं कर सकीं अब देखना होगा की यह चोरी का खुलासा होता है या ऐसा ही चलता रहेगा!?

समाज जागरण न्यूज पोर्टल पर लगवाईये अपने मकान दुकान और संस्थान का विज्ञापन मात्र 100 रुपये रोज मे।

# बच्चें की मौत के झटका झेल रही मां की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु

## घटना की जांच में जुटी पुलिस

अयोध्या। जनपद अयोध्या में बीती रात बच्चें की मौत से चल रही आहत मां ने फांसी के फंदे पर लटककर मौत को गले लगा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घटना हैदरगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत थरियाकलां मजरे भुलईपुरवा का है। बताया जा रहा है कि 24 वर्षीय रिचा पत्नी प्रदीप तिवारी अपने 5 माह के बच्चे का इलाज के दौरान अस्पताल में हुई मौत से सदमें में चल रही थी। इसी के चलते रविवार की रात करीब 10 बजे अपनी ससुराल में घर के कमरे की छत में लगे हुक में साड़ी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका



मिला। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दरवाजा को तोड़कर शव को नीचे उतरवाकर अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अरशद ने बताया लाश को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# समाजसेवी राजन पांडेय ने 5 अनाथ परिवारों को पहुंचाई मदद

**दैनिक समाज जागरण**

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के चर्चित समाजसेवी राजन पांडेय ने जिले के गोद लिए परिवारों को तथा हाल में ही कलुआमऊ में हुए एक अनाथे परिवार को त्वरित सहायता पहुंचाई।
। समाजसेवी ने सभी परिवारों को 30 किलो चावल 30 किलो आटा 10 किलो दाल तथा अन्य सभी रोजमर्रा के सामान के साथ ठंडी के कपड़े, रजाई और यथासंभव आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।कलुआ मऊ में अनाथ हुए परिवार को राजन पांडेय ने दुर्घटना के तुरंत बाद 10000 की मदद पहुंचाई थी तथा अन्य अनाथ परिवारों का घर भी बनवाया जा चुका है।राजन पांडेय ने बताया कि उन्होंने इन बच्चों के लिए बाल कल्याण समिति से बात कर हर महीने 5000 रुपए की मांग की जिसको समिति ने मान लिया है ।कलुवामऊ में हुए इस मौत के बाद राजन पांडेय ने परिवारजन और अधिकारियों पर दबाव बना कर जबरदस्ती पोस्टमार्टम करवाया था ताकि इस परिवार को 5 लाख की अतिरिक्त सहायता मिल सके ताकि उनका जीवन यापन हो सके उनको उम्मीद है की जल्दी ही ये राशि बच्चो को मिल जाएगी।समाजसेवी ने वर्तमान राजनीति को कोसते हुए कहा कि नेताओं के आंख का पानी मर चुका है उनको सिर्फ वोटों से मतलब है बाकी जनता किस दुख दर्द मे है उससे कोई मतलब नहीं है।

उन्होंने मिल्कीपुर के वर्तमान विधायक जो कि उस परिवार के ही बिरादरी से आते हैं उनसे सवाल करते हुए कहा कि जब वोट लेना होगा तो जाति जोड़ लेंगे और जब परिवार को मदद की जरूरत होगी तो हाथ खड़ा कर लेंगे ये बहुरूपिया स्वरूप लाते कहा से है।

उन्होंने आगे कहा कि जब तक उनका जीवन रहेगा तब तक वह ऐसे सभी असहाय परिवारों की हर यथा संभव मदद करते रहेंगे क्योंकि उनको सभी ऐसे परिवार अपने परिवार के समान प्रतीत होते है।समाजसेवी राजन पांडेय के साथ अनिल मिश्रा मोंटी शुक्ला अंकित पांडेय जिला पंचायत सदस्य बब्बू पांडेय दीपक यादव सहित दर्जन भर से अधिक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आपने तो साक्षात मां जगदम्बा का हरण कर लिया है-कुंभकर्ण

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**



गाजीपुर जनपद की प्राचीनतम राम लीला समिति में से एक प्रमुख रामलीला समिति करीमुद्दीनपुर के कान्ति कला के भव्य मंच पर लक्ष्मण शक्ति और कुम्भकर्ण बध का बहुत ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुती पात्रों के द्वारा किया गया।

रावण कुंभकर्ण संवाद का बहुत ही जीवन्त अभिनय प्रस्तुत कर पात्रों ने दर्शको को तालियां बजाने को विवश कर दिया। लक्ष्मण मेघनाद संवाद, राम विलाप, हनुमान रावण.अंगद रावण संबाद. रावण कुम्भकर्ण संवाद को उपस्थित दर्शको के द्वारा सराहा गया। राम के अभिनय में जयप्रकाश राय के द्वारा लक्ष्मण शक्ति के कारुणिक दृश्य का शानदार प्रस्तुतीकरण किया गया। हनुमान कालनेमी हनुमान भरत संवाद के पश्चात जब लक्ष्मण जी को लंका से लाये गये सुषेन बैद संजिवनी प्रदान करते है तो लक्ष्मण उठकर खड़े हो गये। यह समाचार लंका में मिलते ही लंकेश दरबारियों को कुंभकर्ण को जगाने का आदेश देते है। कुंभकर्ण को दरबारियों के द्वारा जगाने का प्रयास किया जाता है। भोजन मदिरा के पश्चात कुंभकर्ण को रावण का संदेश सुनाया जाता है। कुंभकर्ण रावण से मिलने दरबार में पहुंचता है और लंकेश का प्रणाम करने के पश्चात अपने असमय जगाये जाने का कारण पूछता है तो रावण द्वारा सुर्पणखा से लेकर खर दूषण बध सीता हरण की जानकारी दी जाती है। तब कुंभकर्ण ने रावण को पितामह ब्रह्मा की बाते याद दिलाई। सीता हरण की बात सुनकर उसने रावण को समझाने का प्रयास किया लेकिन अंत में रावण से गले लग कर कुभकर्ण यह कहते हुए की अगर

मै शाम तक राम लक्ष्मण के सिर को गेंद की तरह पैर से ठोकरे मारता हुवा युद्ध स्थल से लंका नहीं लौटता हूं तो आप जानकी को सम्मान के साथ श्रीराम को वापस कर दिजिएगा जिससे आप का कुल समूल नष्ट होने से बच जायेगा। कुंभकर्ण हनुमान संवाद एवम युद्ध और कुंभकर्ण विभिषण के बीच के संवाद पर उपस्थित सभी दर्शकों की आंखे नम हो गयी। कुम्भकर्ण का जीवन्त एवम शानदार अभिनय डा दिनेश चन्द्र राय, रावण राजेश राय, विभिषण का अभिनय जितेंद्र राय.मेघनाद उमेश चन्द्र राय,भरत का अभिनय सिद्धांत राय एवम हनुमान का अभिनय बिनय राय के द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में संयोजक अनिल कुमार राय, ओंकार नाथ राय डायरेक्टर, डाक्टर दिनेश चन्द्र राय उप डायरेक्टर, सुनील कुमार राय ब्यवस्थापक, जितेन्द्र नाथ राय पप्पू अध्यक्ष, अनिल राय, उमेश चन्द्र राय कोषाध्यक्ष, सुभाष ठाकुर उप कोषाध्यक्ष, लव नाथ राय उप व्यवस्थापक,बिनय राय, साउण्ड अंकुर पाण्डेय लाइट मैन शम्भू राजभर हारमोनियम वादक राम बचन राम, नाल वादक हरेराम यादव, जोड़ी सुरेन्द्र कुशवाहा, ब्यास डाक्टर रामानन्द तिवारी, राजकुमार पाण्डेय, सिद्धांत राय, हास्य कलाकार सुरेन्द्र कवि एवं समस्त पात्र गण एवं दर्शक उपस्थित रहे।

# स्मार्ट लाईब्रेरी एवं ग्राम पंचायत भवन राजापुर का भव्य लोकार्पण 8 नवंबर को

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के राजापुर में स्मार्ट लाइब्रेरी एवं ग्राम पंचायत भवन का भव्य लोकार्पण 8 नवंबर बुधवार को 12 बजे विशाल सिंह चंचल सदस्य विधान परिषद के द्वारा किया जाएगा।इस अवसर पर टीवी चैनल कलाकार गायक आरजू अंचल के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ है।राजापुर के ग्राम प्रधान अश्वनी राय के द्वारा ग्राम वासियों एवं क्षेत्र वासियों को इस अवसर पर आमंत्रित किया गया है।




# पेड़-पौधे प्रदूषण को सोख लेते हैं - फादर पी विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

सेंट जॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने मडियाहूँ। तहसील स्थित केड़वाड़ी गाँव में वृक्षारोपण किया।हरित तरङ्ग की तरफ से हरियाली फैलाने हेतु अनवरत वृक्षारोपण किया जा रहा है।वृक्षारोपण के लिए फादर विक्टर ने आज मडियाहूं तहसील के केड़वाड़ी गाँव को चुना।गाँव में फादर के कर कमलों से वृक्षारोपण किया गया।फादर ने ग्रामीणों को लगाने के लिए पौधे दिए।

इस अवसर पर फादर ने कहा कि वातावरण को प्रदूषित मुक्त करना है तो पेड़ लगाना होगा।पेड़-पौधे वातावरण से दूषित तत्व को सोखकर हमें जीवन प्रदान करते हैं।



फादर ने इस पुनीत कार्य में विजय शंकर यादव,प्रेम शंकर यादव एवं अन्य गणमान्य लोग सहयोगी रहे।

# करीमुद्दीनपुर में विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कृष्ण पुरी करीमुद्दीन पुर में सोमवार को विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।इस आयोजन में विद्यालय के भैया बहनों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक डाक्टर दिनेश चन्द्र राय, अध्यक्ष विनोद कुमार राय गुड्डु, प्रधानाचार्य झारखण्डेय महादेव इंटर कॉलेज शेर करीमुद्दीन पुर नरेन्द्र नाथ राय,शिक्षक शिव शंकर राम, प्रधानाचार्य सन्तोष कुमार गुप्ता के द्वारा अवलोकन किया गया।सभी लोगों ने भैया बहनों के माडल को सराहा एवं उनको शुभकामनाएं दी।



कार्यक्रम के अन्त में बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया।

# टीकाकरण अभियान में सेण्ट जेवियर्स स्कूल के 90 बच्चों का हुआ टीकाकरण

संवादसूत्र समाज जागरण शाहगंज

शाहगंज, जौनपुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान के तहत स्थानीय नगर के खुटहन रोड मार्ग स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में कुल 90 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस मौके पर कक्षा 1 एवं 5 के बच्चों को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टीका लगाया। प्रधानाचार्य संदीप सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण की वैक्सीन की पूरी जांच प्रक्रिया के उपरांत तथा अभिभावकों की अनुमति के पश्चात कक्षा 1 के बच्चों को टिटनेस, डिप्थीरिया, काली खांसी तथा कक्षा 5 के बच्चों को टिटनेस डिप्थीरिया का टीकाकरण सम्पन्न कराया गया। स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम विद्यालय के प्रभावी शैक्षिक पर्यावरण, सभी शिक्षकों के मृदु व्यवहार से प्रभावित हुई। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।



# पुलिस ने तमंचा, कारतूस, गांजा के साथ दो को किया गिरफ्तार

संवाददाता समाज जागरण मडियाहू

बरसठी, मरियाहू । पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक गोविन्द देव मिश्र के नेतृत्व में पुलिस ने मिली सूचना पर कठार नाला पुलिया के पास से दो संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान सचिन गौतम के पास से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक मिस कारतूस 315 बोर एवं करन गौतम के पास झोले में 1 किलो 250 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके बाद धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 8/20



एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर दोनों को चालान न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष श्री मिश्र के अनुसार पकड़े गये लोगों में सचिन गौतम पुत्र हरिनाथ निवासी कछोटा बनकट थाना बरसठी एवं करन गौतम पुत्र छोटे लाल निवासी धनापुर थाना बरसठी हैं।गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में वासुदेव साहनी, हे0का0 वीरेन्द्र यादव, हे0का0 स्वामीनाथ यादव एवं का0 गुलाब सिंह शामिल रहे।

# मां सरस्वती ज्ञान की देवी है तो मां लक्ष्मी से धन–सम्पदा की प्राप्ति : ज्ञान प्रकाश सिंह

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। मां सरस्वती से विद्या मिलती है तो मां लक्ष्मी से धन–सम्पदा। वहीं भगवान गणेश के बिना कोई भी कार्य अधूरा माना जाता है। ऐसे में उपरोक्त देवी–देवता से ही मनुष्य का कल्याण होता है। उक्त बातें श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति के 38वें पुरस्कार वितरण समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कही।




इसके पहले मंचासीन मुख्य अतिथि श्री सिंह के अलावा विशिष्ट अतिथि डा. विकास यादव, डा. एसके राना, कार्यक्रम अध्यक्ष दिनेश टण्डन पूर्व चेयरमैन एवं कार्यक्रम संयोजक जगदीश मौर्य गप्पू राष्ट्रीय सचिव मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड ने मां लक्ष्मी, मां सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

तत्पश्चात महासचिव कृष्ण कुमार जायसवाल ने स्वागत भाषण किया जिसके बाद नीतिन–पवन झांकी ग्रुप ने महावीर हनुमान के झांकी की प्रस्तुति किया। साथ ही संरक्षक डा. राम नारायण सिंह, संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, श्री दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष अनिल अस्थाना आदि वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किया। नये सदस्य केतन गुप्ता, राकेश वर्मा, आशीष बोस, हर्षित गुप्ता को सदस्यता दिलाने के बाद मंचासीन अतिथियों ने निर्णायक मण्डल के सदस्य हरिद्वारी विश्वकर्मा एडवोकेट, आशीष श्रीवास्तव लिपिक नपाप, नीरज श्रीवास्तव, पत्रकार दिलीप शुक्ला, आकाश केसरवानी, प्रबन्धक अतुल जायसवाल को फाइल प्रदान किया। इसके बाद राधा–कृष्ण की झांकी के बाद विशिष्ट अतिथि डा. विकास यादव ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन में आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। महासमिति के एक आवाज पर मैं सदैव तत्पर रहूंगा। साथ ही विशिष्ट अतिथि डा. एसके राना ने कहा कि महासमिति का इसके सहित हर कार्य सराहनीय होता है। मैं महासमिति के लिये सदैव खड़ा हूं। कार्यक्रम संयोजक जगदीश मौर्य गप्पू ने कहा कि लोगों के सहयोग से आज महासमिति परिवार काफी विशाल हो गया है।

तत्पश्चात समस्त पूजन समितियों को पुरस्कृत करते हुये मंचासीन अतिथियों ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गुरू सिंह सभा, गऊ रक्षक दल, विकलांगों के लिये

महासमिति के लिये मेरे का दरवाजा सदैव खुला है : डा. विकास यादव/डा. एसके राना

विगत 22 वर्षों से मिल रहे सम्मान के लिये आप सभी का आभारी हूं : दिनेश टण्डन

आपसी सद्भाव एवं परम्परागत ढंग से मनायें त्योहार : जगदीश मौर्य

श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति जौनपुर का 38वां पुरस्कार वितरण समारोह सकुशल सम्पन्न

समर्पित समाजसेवी राजेश, समाजसेवी रंजीत अग्रहरि, जगन्नाथ यात्रा समिति के पवन गुप्ता, डा. प्रशांत द्विवेदी, जेसीआई के पूर्व अध्यक्ष गौरव सेठ, समाजवादी कुटिया के संचालक ऋषि यादव, समाजसेवी मुकेश यादव, सांस्कृतिक कलाकारों सहित निर्णायक मण्डल के सदस्य हरिद्वारी विश्वकर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये पूर्व चेयरमैन दिनेश टण्डन ने कहा कि मैं महासमिति परिवार को इस बात का धन्यवाद देना चाहूंगा कि पिछले 22 वर्षों से मुझे पुरस्कार वितरण समारोह में आने का अवसर प्रदान करता रहा है। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक रामजी जायसवाल ने किया। इस मौके पर आये लोगों का स्वागत संस्थापक स्व. सुशील वर्मा एडवोकेट के पुत्र वैभव वर्मा ने किया। अन्त में महासमिति के अध्यक्ष लाल बहादुर यादव नैपाली ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर संरक्षक दीपक चिटकारिया, सहयोगी सदस्य महफूज अली सिद्दीकी, उपाध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय, राहुल सिंह, सचिव दिनेश यादव फौजी, सह कोषाध्यक्ष शिवा वर्मा, संगठन सचिव दीपक अग्रहरि, राकेश वर्मा, सहायक लेखा परीक्षक आशुतोष सिंह, मीडिया प्रभारी महेन्द्र प्रजापति, शोभायात्रा प्रभारी कृष्णकान्त विश्वकर्मा, सहायक शोभायात्रा प्रभारी सतीश मौर्या के अलावा समाजसेवी सोमेश्वर केसरवानी, विक्रम गुप्ता, आशीष कुमार, मनोज गुप्ता, आलोक वैश्य, संजय शुक्ला, नन्हे पाण्डेय, महेन्द्र प्रताप चौधरी, नवीन सिंह, संजय जाण्डवानी, दीपक जावा, सलमान शेख, सागर सिंह, समाजसेवी शिवा सिंह, अजयनाथ जायसवाल, समाजसेवी बृजेश यादव सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ये समितियां आयीं प्रथम, द्वितीय व तृतीय

जौनपुर। शोभायात्रा में सर्वोदय संस्था पुराना पान दरीबा प्रथम, सार्वजनिक मां लक्ष्मी पूजा बाल संस्था बेगमगंज द्वितीय, चौरा माता बाल संस्था मरदानपुर–जीतापट्टी तृतीय आये। शोभायात्रा के झांकी में मां जगतजननी लक्ष्मी पूजा समिति चितरसारी प्रथम, कृषि लक्ष्मी पूजा समिति सैयद अलीपुर द्वितीय, भाग्योदय संस्था खालिसपुर तृतीय आये। पण्डाल में शश्री श्री सार्वजनिक श्यामा काली पूजा समिति बोस कालोनी ताड़तला, शिव शक्ति लक्ष्मी पूजा समिति नईगंज द्वितीय, शीतला बाल समिति नया पान दरीबा तृतीय आये। प्रकाश व्यवस्था में जय मां लक्ष्मी पूजा समिति जगदीशपुर प्रथम, न्यू कादम्बरी संस्था सिपाह द्वितीय, नया सबेरा समिति मतापुर तृतीय आये।

# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती सी.इंदुमती की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों के साथ संपन्न हुई

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती सी.इंदुमती की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों के साथ संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं परिवहन विभाग आपस में समन्वय बनाकर टीम बनाते हुए एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन न करने वाले दो पहिया, चार पहिया, तीन पहिया वाहनों की चेकिंग की जाय और नियमानुसार कार्यवाही करे। सड़क पर कोई नाबालिक वाहन चलाते नही दिखना नहीं चाहिए, का विशेष ध्यान दिया जाय। सड़क दुर्घटना होने पर घायलों के लिए तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था की जाय, के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी 102 व 108 एंबुलेंस पर विशेष निगरानी बनाए रखे और एम्बुलेंस चालको के मोबाइल नंबर सहित सूची उपलब्ध कराए। विद्यालयों में यातायात नियमों के बारे में छात्र/छात्राओं को जागरूक करे, के लिए प्रभात फेरी, क्विज प्रतियोगिता, निबंध, पोस्टर, पेंटिंग आदि आयोजित की जाय। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के वाहनों




का फिटनेस प्रमाण व चालको का ड्राइविंग लाइसेंस, चरित्र प्रमाण पत्र अवश्य होना चाहिए। पूर्व में जिन विद्यालय वाहनों का फिटनेस व अन्य कारणो से ब्लैक लिस्ट किया गया है, कि सूची से अवगत कराने के निर्देश सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को दिए। उन्होंने सड़क निर्माण से संबंधित कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में संकेतक व स्पीड ब्रेकर व सफेद पट्टी बनाई जाय। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन करने हेतु नागरिकों को जागरूक किया जाय।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी(वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अशोक कुमार, एआरएम रोडवेज, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी(प्रशासन) श्रीमती पुष्पांजलि मित्रा गौतम, एआरटीओ(प्रवर्तन), जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला खनन अधिकारी, परियोजना निदेशक एनएचआई कानपुर, यातायात निरीक्षक, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, समाजसेवी अशोक तपस्वी, ट्रक एवं बस एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित संबंधितगण उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बाइक चालक की खंती में गिरकर मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र नन्दापुर के समीप बाइक चालक अनियंत्रित होकर खंती में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कौशाम्बी जनपद के सैनी कोतवाली क्षेत्र के राजा तारा गांव निवासी हरीश चंद्र का 40 वर्षीय पुत्र राम बाबू खागा कोतवाली क्षेत्र के नन्दापुर गाँव अपनी बुआ के यहाँ आया था। जब वह बाइक पर सवार होकर अपने घर जाने लगा तभी नन्दापुर गाँव के समीप ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर खंती में गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के चचेरे भाई सुरेश कुमार राजपूत ने बताया की भाई लुधियाना में प्राइवेट नौकरी करता था। वहां से दिपावली का त्यौहार करने घर आ रहा था सीधे बुआ के घर चला गया था। वही से बाइक पर सवार होकर घर के लिए निकला था तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर खंती में गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई है।

# काव्य रचनाओ मे झलकेगा फतेहपुर के प्रति प्रेम

## 197वी वर्षगाँठ पर बावनी इमली में होगा कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण ब्लॉक संवाददाता ऋषभ कुमार**

बिन्दकी फतेहपुर। ऐतिहासिक नगरी स्थित खजुहा गंगा-यमुना के मध्य बसे दोआबा फतेहपुर जिसे अंतर्वेद के नाम से जाना जाता रहा है कि 197वीं



वर्षगांठ को लेकर के युवाओं में खासा उत्साह है।शहीद स्मारक बावनी इमली खजुहा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जिले के आमंत्रित कवि फतेहपुर के प्रति प्रेम झलकाती रचनाएं प्रस्तुत कर जनपदवासियों का ध्यान आकर्षित करेंगे। चिरकाल से ही जनपद फतेहपुर साहित्य के क्षेत्र में अग्रणी रहा है।राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी, झंडा गीत के रचयिता श्याम लाल गुप्त पार्षद,स्व.कन्हैयालाल नंदन,स्व.अशोक बाजपेई, स्व.रमानाथ अवस्थी के दिल से निकलने वाले साहित्य का गवाह रहा जनपद फतेहपुर अब अपने युवा कवियों की रचनाओ से साहित्य को आगे बढ़ा रहा है।युवा कवि फतेहपुर के लाल बावनी इमली खजुहा मे आयोजित हो रहे कार्यक्रम में अमौली कस्बे के राहुल कश्यप,ज्ञानेंद्र प्रकाश साहू एवं साहित्य नगरी बिंदकी के कुलदीप साहू,आनंद प्रकाश तिवारी अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।युवा कवियों में जनपद के प्रति प्रेम झलकाती रचनाएं कार्यक्रम में जनपद के साहित्य और अतीत के गौरव को स्मृतियों के साथ बयां करेंगे।कार्यक्रम के नेतृत्वकर्ता आलोक गौड़ ने बताया इस आयोजन से जनपद के साहित्य को और धार मिलेगी।जनपद के ही युवा कवियों के हौसला आफजाइ से उनमें जनपद के प्रति लिखने को बल मिलेगा।इससे हमारे जिले को पहचान मिलेगी।

# प्याज के दाम में बढ़ोतरी को देखते हुये सरकार सस्ते दर पर देगी प्याज

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। मां शीतला चौकियां धाम के पास स्थित नवीन सब्जी मण्डी में सोमवार को सरकार द्वारा ट्रक व पिकप से प्याज मंगाया गया। इस बाबत मण्डी समिति ने बताया कि अगल–बगल के क्षेत्र में 25 रुपए प्रति किलो की बिक्री दर से ग्राहकों तक प्याज पहुंचेगा। वर्तमान में प्याज के भाव 60 से 80 रुपए प्रति किलो की दर से बाजार बिक रहा है। महंगाई से राहत देने के लिए सरकार किफायती दरों पर उपभोक्ता तक पहुंचा सके, इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए रविवार को शीतला चौकियां नवीन सब्जी मंडी में पिकअप से सस्ते दामों को बिक्री के लिए वाहन रवाना किया गया। फिलहाल सस्ते प्याज की बिक्री से आमजन को काफी राहत मिलेगी।




# मिट्टी की खुदाई कर रहा युवक टीला धसने से मिट्टी में दबाकर हुआ घायल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गुनीर गांव के समीप युवक मिट्टी की खुदाई कर रहा था। तभी मिट्टी का ढीला भसक गया जिससे युवक मिट्टी में दबकर घायल हो गया। घटना की सूचना परिजनों ने सरकारी 108 एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गुनीर गांव निवासी राजेंद्र का 22 वर्षी पुत्र साहुल गांव के समीप मिट्टी की खुदाई कर रहा था। तभी मिट्टी का टीला भसक गया और युवक मिट्टी के ढेर के नीचे दब गया। तुरन्त लोगों ने उसको मिट्टी के ढेर से बाहर निकाला और घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायल को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# दिव्यांगजन 18 वर्ष या उससे ऊपर के हैं एवं वोटर आई०डी० कार्ड नहीं बना है उन सभी का फार्म-06 भरवाकर वोटर आई०डी० कार्ड बनवाना सुनिश्चित करे

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिलाधिकारी श्रीमती सी.इंदुमती की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में दिव्यांग बन्धु की बैठक आहूत की गयी। जिसमें जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देश दिये गए कि पूरे जनपद में वृहद स्तर पर सर्वे कराकर दिव्यांगजनों को चिन्हित किया जाए। साथ ही सभी दिव्यांगजनों का मिशन मोड में कैम्प लगाकर व सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील के ब्लॉको के दिव्यांगजनो का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए एवं यू०डी०आई०डी० कार्ड भी निर्गत किया जाए।इसके लिए जो भी कागजात जरूरी है, का भी व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाय। उन्होंने कहा कि जिन दिव्यांगजनों की फैमिली आईडी/राशन कार्ड नहीं बने है, के कारण पेंशन स्कीम से वंचित हो गए है, को चिन्हित करते हुए जल्द से जल्द फैमिली आईडी खंड विकास अधिकारी को बनवाने के निर्देश दिए। इसकी निगरानी मुख्य विकास अधिकारी स्वयं करेंगे साथ ही चौहट्टा गांव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल से संतृप्त किया जाय, साथ ही जो भी दिव्यांगजन है उनको सरकार द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाओ से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देश दिए कि जो दिव्यांगजन 18 वर्ष या उससे ऊपर के हैं एवं वोटर आई०डी० कार्ड नहीं बना है उन सभी का फार्म-06 भरवाकर वोटर आई०डी० कार्ड बनवाना सुनिश्चित करे साथ जिन दिव्यांगजनों के वोटर आईडी में दिव्यांगता प्रदर्शित नहीं है उनका फार्मझभरवाया जाय। जिससे दिव्यांगजन द्वारा अपने मताधिकारी का प्रयोग कर सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई के समय दिव्यांगजन को प्राथमिकता दिया जाना

# पेंशनरों के लिए गुड न्यूज, डाकघर के माध्यम से घर बैठे बनेगा जीवन प्रमाणपत्र

## डाक विभाग की पहल : पेंशनर्स को जीवन प्रमाणपत्र के लिए चक्कर लगाने से निजात, घर बैठे डाकिया के माध्यम से बनेगा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

अब पेंशनरों को जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए कोषागार, बैंक या अन्य किसी विभाग में जाने की जरूरत नहीं है। पेंशनर अपने नजदीकी डाकघर के पोस्टमैन या ग्रामीण डाक सेवक के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी करवा सकते हैं। इसके लिए मात्र 70 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। यह प्रमाण पत्र स्वतः संबंधित विभाग को ऑनलाइन पहुंच जाएगा। इससे पेंशन मिलने में कोई रुकावट नहीं आएगी। यह सुविधा सभी डाकघरों में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त जानकारी वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने दी।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि, भारतीय डाक विभाग के माध्यम से सभी विभागों के पेंशनरों को घर बैठे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट प्रदान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। पेंशनर इस सुविधा को प्राप्त करने के लिए अपने क्षेत्र के पोस्टमैन के साथ-साथ पोस्ट इन्फो मोबाइल एप द्वारा ऑनलाइन अनुरोध भी कर सकते हैं। इसके लिए पेंशनर को आधार नम्बर, मोबाइल नम्बर, बैंक या डाकघर खाता संख्या और पीपीओ नम्बर देना होगा। गौरतलब है कि पेंशनरों को प्रत्येक वर्ष सामान्यतया नवंबर और दिसंबर माह में कोषागार, बैंक या संबंधित विभाग में जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होता है। इसके लिए दूरदराज इलाके के पेंशनरों को कोषागार आने में कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं यात्रा आदि में भी काफी व्यय होता है। ऐसे में डाक विभाग की इस पहल से पेंशनरों को काफी सहूलियत मिलेगी। इसके साथ-साथ पेंशनर डाकिया के माध्यम से घर बैठे पेंशन की धनराशि आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से अपने बैंक खाते से निकाल सकते हैं।

# आर्य महिला पीजी कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**




वाराणसी। भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन सोमवार को आर्य महिला पी. जी. कॉलेज में आयोजित किया गया। संस्कृत, बाला एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञानानन्द सभागार में भाषाएँ अनेक भाव एक विषय पर काव्यपाठ, लोकगीत, समूह गीत, भाषण प्रतियोगिता एवं लोकनृत्य समूह / एकल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सान्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों के द्वारा संगीत-नृत्य आदि मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। शुभारम्भ प्राचार्या प्रोफेसर रचना दूबे एवं अन्य अध्यापिकाओं के दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस दौरान प्रो. रचना दूबे ने कहा कि आज हम सभी इस अवसर पर मिलकर 'भारतीय भाषा दिवस' के उत्सव में सम्मिलित हुए है। भारत एक ऐसा देश है जहाँ विविधता के साथ अनेक भाषाएँ बोली जाती है यही हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। हमारी भाषाएँ हमारी भावनाओं, विचारों और भारतीय सांस्कृतिक विरासत की प्रतीक है। अतः हमें अपनी भाषाओं का सम्मान करते हुए उनके उत्थान व संरक्षण के लिए समर्पित भाव रखना चाहिए। प्रतियोगिता में हिन्दी विभाग में आयुषी पाण्डेय प्रथम, आयुषी आध्याय द्वितीय, अवंतिका कुमारी तृतीय रहीं। सांत्वना पुरस्कार प्रियंवदा कुमारी व प्रीति कुमारी ने प्राप्त किया। कविता पाठ में प्रथम अर्चना कुमारी, द्वितीय अर्चिता यादव नेहा यादव, तृतीय पुरस्कार पूजा कुमारी अनुपमा द्विवेदी, सांत्वना पुरस्कार प्रियंवदा कुमारी अवंतिका कुमारीने प्राप्त किया। इसी क्रम में लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. वीना सुमन तथा डॉ. मीनाक्षी मिश्रा के द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें प्रथम, नेहा यादव, शिवा सिंह अनुपमा द्विवेदी, अंजलि वर्मा दिव्या आध्याय द्वितीय सोनम यादव तृतीय पुरस्कार प्रिया यादव तथा सांत्वना पुरस्कार अनुप्रेक्षा जैन स्वस्तिका सिंह ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉक्टर सरिता मिश्रा तथा डॉ अनुपम गुप्ता ने किया। बांग्ला विभाग में आयोजित प्रतियोगिता में श्रेष्ठा सिन्हा एकल गीत में प्रथम, सानिया

द्वितीय, जयंती तृतीय रही। समूह गायन में पावल मुखर्जी एवं बामली साधु ग्रुप प्रथम रही। काव्य पाठ में पावल मुखर्जी प्रथम, श्रेष्ठा सिन्हा द्वितीय, दीपा पटेल व मधु विश्वकर्मा तृतीय स्थान पर रही। एलोशन में श्रेष्ठा सिन्हा प्रथम पायल मुखर्जी द्वितीय स्थान पर रही। इसी क्रम में संस्कृत विभाग में आयोजित प्रतियोगिता में काव्य पाठ में प्रगति मिश्र प्रथम, कंचन सिंह व मुस्कान द्वितीय तथा साक्षी तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में संजना सिंह व प्रगति मिश्र ने प्रथम, आंचल कुमारी व मुस्कान ने द्वितीय श्रेया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुस्कार कंचन सिंह ने प्राप्त किया विविध भाषीय गीत प्रतियोगिता में प्रगति मिश्र ने प्रथम, खुशी दूबे व सालिनी चौरसिया ने द्वितीय और वर्षा दास ने तृतीय तथा संजना सिंह सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। समूहगीत में कजरी गीत को प्रथम, संस्कृत देशभक्ति गीत को द्वितीय स्थान मिला। भाषण प्रतियोगिता में प्रगति मिश्र ने प्रथम, कंचन सिंह व मुस्कान द्वितीय, साक्षी तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया आंचल कुमारी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद की औपचारिकता का निर्वहन प्रो॰ सुचिता त्रिपाठी ने किया। इस कार्यक्रम में प्रो॰ बिन्दू लाहिड़ी, प्रो0 जया मिश्रा, डॉ. निमता सिंह डॉ. मीनाक्षी मिश्रा, डॉ॰ जया रॉय, डॉ॰ दिव्या, डॉ॰ वीना सुमन, डॉ॰ एकता गुप्ता, डॉ॰ आशीष डॉ॰ अपणी दूबे, डॉ0 सुजाता पटेल, डॉ॰ नागमणि त्रिपाठी, डॉ॰ प्रिया झा, डॉ॰ विजय शर्मा आदि शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ ही शिक्षणेतर वर्ग एवं समस्त विभाग की छात्र उपस्थित रही। समापन सत्र के कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुष्पा त्रिपाठी ने किया और धन्यवाद प्रो. सुचिता त्रिपाठी ने किया।

# जो राम को लाया है हम उसको लायेंगे- रविकिशन

### *दिलीप जायसवाल को पहनाया विजय माला*

### *रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ पलायन को दूर किया जाएगा*

**समाज जागरण ब्यूरो विजय तिवारी**



भारतीय जनता पार्टी कोतमा विधानसभा के प्रत्याशी दिलीप जायसवाल के समर्थन में 6 नवम्बर को न्यू राजनगर स्थित दुर्गा पंडाल में गोरखपुर के सांसद एवं फिल्म अभिनेता स्टार प्रचारक रवि किशन ने आमसभा को संबोधित किया जहां पर आमसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आज तक धोखा एवं भ्रष्टाचार के अलावा आम जन को कुछ भी नहीं दिया है।

भारत सरकार के साथ-साथ प्रदेश सरकार की तमाम योजनाएं हैं किन्तु कांग्रेस के स्थानीय विधायक के कारण शासन की योजनाएं आम जनों तक नसही तरीके से नहीं पहुंच पा रही हैं इसलिए देश-प्रदेश एवं क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी दिलीप जायसवाल को विजयी बनाएं। मैं आप सभी लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि क्षेत्र के विकास में कोई भी कसर नहीं छोड़ा जाएगा क्षेत्र में बेरोजगारी एवं पलायन की बात सामने आई है जिसे भी मैं प्रधानमंत्री के साथ-साथ मुख्यमंत्री से बात करूंगा,क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ पलायन को रोका जाएगा,जिससे क्षेत्र के युवा अपने परिवार के साथ रह सकेंगे।

जिस उत्साह के साथ आप लोगों यहां पर मेरी बात सुनने के लिए उपस्थित हुए हैं मुझे पूरा भरोसा है कि आप लोग भाजपा प्रत्याशी दिलीप जायसवाल को समर्थन देकर विजयी बनाएंगे और यदि आप लोग कहें तो मैं दिलीप जायसवाल को विजय माला पहना दू, जहां जनता के आश्वासन के पश्चात रवि किशन ने दिलीप जायसवाल को विजय माला पहनाकर दिलीप जायसवाल के समर्थन में मत करने को कहा और जनता का आशीर्वाद लिया। इन्होंने बताया कि मैं पार्टी की विचारधारा से पहले नही जुड़ा था अभिनेता था लेकिन मेरी गांव की में जब शौचालय बना तब मैं चिंतन किया कि एक ऐसा प्रधानमंत्री भी है जो गांव की बहू बेटियों की भी चिंता कर रहा कि शौचालय में ही शौच करने जाएं ऐसी कई भावनाओं से मैं प्रेरित होकर भाजपा में आया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी,सांसद हिमाद्री सिंह, भारतीय जनता पार्टी मंडल राजनगर अंतर्गत निवास करने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता नेता कार्यकर्ता एवं आम जनता उपस्थित थे।

# मंडलायुक्त ने चहनियां में एचडीएफसी बैंक की नयी शाखा का उद्घाटन किया

### *इस अवसर पर जिलाधिकारी चंदौली भी उपस्थित रहे*

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने चंदौली जिले की चहनियां बाजार एचडीएफसी बैंक की नयी शाखा का उद्घाटन किया। जनपद चंदौली में एचडीएफसी बैंक की यह ७वीं शाखा है। इस अवसर पर मंडलायुक्त व जिलाधिकारी चंदौली ने दीप प्रज्वल्लन कर अपनी शुभकामनाएं अभिव्यक्त की।

इस अवसर पर आयुक्त महोदय ने बैंक के शीर्ष नेतृत्व, उनके दूरदर्शिता और बैंक की पूरे टीम की ग्राहक सेवा के लिए प्रतिबद्धता की प्रसंशा की और कहा की एचडीएफसी बैंक ने समाज में उत्कृष्ट ग्राहक सेवा से आमजन के बीच बैंकों के प्रति अविश्वास को खत्म ही नहीं किया बल्कि विश्वस्तरीय बैंकिंग सुविधाओं को सुदूर क्षेत्रों तक सरल रूप में पहुंचाया है। आप सबका समर्पण ही आपके विकास और उपलब्धियों को प्रमाणित करता है।

जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने संबोधन में बैंक को शुभकामना दी और विश्वास जताया कि आपका बैंक आमजन तक बैंकिंग सेवा को पहुंचाने के लिए जितनी श्रद्धा से प्रयासरत है, चंदौली की जनता उसका पूरा लाभ लेगी।

मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत, एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड मनीष टंडन ने किया और स्वागत संबोधन में बताया की जैसे जनपद चंदौली युवा है वैसे ही बैंक भी युवा है और दोनो युवा शक्तियां साथ होकर चंदौली का विकास की नई गाथा लिखेंगी। उक्त अवसर पर स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों संग बैंक के अधिकारी गण क्लस्टर हेड रोहित खन्ना, क्लस्टर हेड बालमुकुंद राय, शाखा प्रबंधक, मो फारूख अंसारी, एवम कर्मचारी उपस्थित थे।

# बारात में आये युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी

### *हत्या की आशंका, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम*

**समाज जागरण जौनपुर**



जौनपुर। बरसठी थाना क्षेत्र के निगोह कटवार मार्ग पर निगोह गांव के पास एक युवक की हत्या कर फेंकी गयी लाश मिलने से सनसनी फैल गयी।सूचना मिलते ही आसपास के भारी संख्या में लोग पहुँच पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की पहचान भदोही जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र निवासी चंदन गौतम पुत्र कैलाश के रूप में हुई।वह निगोह में एक बारात में शामिल होने के लिए घर से निकला।

उक्त गांव निवासी 38 वर्षीय दिव्यांग चंदन गौतम रविवार को निगोह गांव में जितेन्द्र के यहां लड़की की शादी में आयी बारात में शामिल होने आया था।सुबह उसकी गांव से ही कुछ दूर निगोह कटवार मार्ग पर सड़क किनारे पानी मे लाश मिली।उसके कान से रक्तस्राव हो रहा था।घटना स्थल पर ऐसा लग रहा है कि मृतक के साथ मारपीट हुई है और वही उसकी हत्या कर लाश फेंक दिया गया।वहां पर सड़क किनारे दो फिट नीचे गड्ढे में बाइक के पहिये का निशान है और उसका इंडिकेटर वही टूटा है और घास पूरी तरह से रौंद उठा है। आशंका जतायी जा रही है कि घटना को अंजाम देने के बाद बाइक लेकर भाग निकले। सूचना मिलते ही पुलिस एवं आसपास गांव के लोग व बारात के लोग पहुँच गये। बारात के लोग ही शव की पहचान किये और उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था, उसके चाचा सुभाष ने बताया कि वह शाम को करीब साढ़े सात बजे बारात के लिए निकला था। एसओ ने बताया कि पोस्टमार्टम आने के बाद ही घटना के बारे में कुछ कहा जा सकता है। एक्सीडेंट का भी मामला हो सकता है।

# सुधरने के बजाए बिगड़ते जा रही कोतमा की यातायात व्यवस्था

### *व्यवस्था सुधारने जिम्मेदारों की बेपरवाही से आमजन परेशान*



कोतमा। कोतमा नगर धीरे-धीरे बढ़ रहा है आबादी बढ़ने के साथ ही दो पहिया चार पहिया वाहनों की संख्या भी बढ़ रही है लेकिन विकास के नाम पर नगर आज भी फिसड्डी दिखाई दे रहा है। यातायात की लचर व्यवस्था, नो इंट्री के आदेश का उल्लंघन और फुटपाथी दुकानों के साथ अतिक्रमण से शहर में जाम की समस्या गंभीर हो गयी है। रविवार सप्ताहिक बाजार को भी शहर के विभिन्न चौराहों पर ट्रैफिक जाम रहने से लोग दिनभर परेशान रहते हैं। नगर में जगह-जगह जाम की समस्या के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांधी चौक से आजाद चौक मार्ग देवी जी मार्ग स्टेशन रोड सब्जी मंडी तक भीषण जाम के कारण लोग पैदल ही गंतव्य तक जाने को मजबूर रहते है। दिन में कई बार प्रमुख सड़कें जाम से पटी रहती हैं। वाहनों की कतार लगी रहती है। हालत यह हो जाता है कि पैदल भी निकलना दूभर हो जाता है।

### 20 फीट की सड़क सिकुड़कर हुई आधी

नगर में यातायात व्यवस्था दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। हालात सुधरेंगे भी कैसे, जब आधी सड़क पर ही अवैध पार्किंग कर दी जाएगी। इससे भी चिंताजनक स्थिति यह है कि ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस भी नहीं है। बस स्टैंड से लेकर गांधी चौक तक मुख्य सड़क पर ही गाड़ी या बाइक खड़ा करना लोग अपना अधिकार समझ रहे हैं। बदहाल व्यवस्था से बेशक शहरवासी परेशान हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन के पास उनकी परेशानी का कोई समाधान नहीं है। शहर के लगभग सभी सड़कों पर अतिक्रमण है। हृदयस्थल कहे जाने वाले गांधी चौक स्टेशन रोड हो या देवी जी रोड आजाद चौक मार्ग चौक सभी जगहों पर सड़क पर ही दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। इस कारण इन जगहों पर हमेशा जाम ही रहता है। पोस्ट ऑफिस चौक से स्टेशन चौक तक सड़क की चौड़ाई 20 फीट है। सड़क के दोनों तरफ दुकान और वाहन के खड़े रहने से किसी तरह लोग पैदल आते जाते है। यह समस्या यहां प्रतिदिन रहती है। नागरिकों ने प्रशासन से गंभीरता पूर्वक जाम से निजात दिलाने की मांग की है।

### साप्ताहिक बाजार में परेशानी

नगर के सब्जी मंडी रोड में तो और भी गंभीर स्थिति निर्मित हो जाती है प्रतिदिन सुबह से ही सब्जी मंडी के सामने सड़क के दोनों ओर एवं बीच सड़क पर बड़े वाहन खड़े करवा दिए जाते हैं जिससे लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका की उदासीनता के कारण आम लोगों को रविवार साप्ताहिक बाजार के दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है दुकानदारों के द्वारा सड़क के दोनों और पाल फट्टा लगाने के लिए सड़क के बीचो-बीच रस्सी झूला दी जाती है जिसके कारण आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। पिछले वर्ष रस्सी में फंसकर एक बुजुर्ग का पैर टूट गया था ऐसे ही घटनाएं आए दिन घटित हो रही है लेकिन नगर पालिका के उदासीनता के कारण दुकानदारों के हौसले बुलंद है जबकि नगर पालिका प्रशासन को अभियान चलाकर ऐसे लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए अतः किसी दिन कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है।

### यातायात पुलिस की कमी

शहर में बढ़ते यातायात को देखते हुए अब ट्रैफिक पुलिस की जरूरत है। ट्रैफिक पुलिस के अभाव में शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह बिगड़ी हुई है। शहर में गांधी चौक, देवी जी रोड, बस स्टैड के सामने आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। शहर में बड़े वाहनों की आवाजाही से आये दिन जाम की स्थिति बन रही है। शहर में घंटों जाम लगा रहता है। शहर में एक भी ट्रैफिक पुलिस नहीं है इससे यातायात व्यवस्था भी बदहाल हो गई है। नागरिकों ने शहर में ट्रैफिक पुलिस की मांग की है। नागरिकों ने बताया कि यातायात का दबाब भी तेजी से बढता जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से यातायात पुलिस होनी चाहिए जिससे वाहन चालक नियमों की अनदेखी नही कर सके।

# जल पुलिस ने नाविकों को दी हिदायत, नियमानुसार ही गंगा में चलेंगी नौका, क्षमता से अधिक सवारी बैठाया तो कारवाई

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**



वाराणसी। जल पुलिस चौकी पर नाविकों संग पुलिस की बैठक हुई। इसमें आगामी दीपावली, छठ पूजा व देव दीपावली को लेकर चर्चा की गई। जल पुलिस ने नाविकों को हिदायत दी कि गंगा में नियमानुसार ढंग से ही नौका संचालन किया जाएगा। क्षमता से अधिक सवारी बैठाया तो कार्रवाई तय है।

नविकों को हिदायत दी गयी कि नावों पर क्षमता से ज्यादा सवारी नहीं बैठाना है। बिना लाइफ जैकेट के कोई भी सवारी नहीं बैठाना है। नियम के अंतर्गत ही सभी नाविक नावों का संचालन करेंगें। जो भी नियमों का उलंघन करेगा, उसके ऊपर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह, चौकी प्रभारी दशाश्वमेघ आरएस सिंह और मदनपुरा चौकी प्रभारी गौरव पाण्डेय के साथ ही काफी संख्या में नाविक मौजूद रहे।

# बलिया में बच्चों से भरी स्कूल वैन पलटी, मची चीख-पुकार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**



सहतवार थाना अंतर्गत मुड़ाडीह गांव की ओर जाने वाली खस्ताहाल सड़क पर सोमवार की सुबह छात्रों से भरी स्कूल वैन असंतुलित होकर पलट गयी। हादसे के बाद चीख पुकार मच गयी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल वैन से सभी बच्चों को बाहर निकाल लिया। सभी बच्चे सुरक्षित है।

लिटिल स्टार स्कूल सहतवार की स्कूल वैन गांव से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। गड्ढा में तब्दील हो चुकी सड़क पर वैन पलट गई। सड़क बनाने की शिकायत गांव के लोग शासन प्रशासन से कर चुके है, लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा इस दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

# बदबूदार धुएं और धूल से ग्रामीण त्रस्त , प्रदुषण विभाग मस्त

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

बड़ागांव ब्लाक के कुड़ी गांव मे मुख्य मार्ग से सटा हुआ आबादी के बीचो-बीच सड़क निर्माण कार्य के लिए खुले कारखाने से निकल रहे बदबूदार धुएं और धूल से ग्रामीण नाक बंद करके रहने पर मजबूर है, सांस के मरीजो का तो बुरा हाल है। धुंए और धूल की की वजह से आखों मे जलन हो रही है और आसपास के लोग जलन व खांसी से परेशान है। प्रदुषण पर सरकार सख्त तो दिख रही है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

# ईट भट्ठा संचालकों की बैठक में समस्याओं पर हुयी चर्चा ।।

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

रामेश्वर। वाराणसी जंसा थाना क्षेत्र के ईट भट्ठा मालिकों की एक बैठक रामेश्वर बाजार में हुई जिसमें ईट भट्टा संचालकों को अवैध खनन के नाम पर परेशान कर रहे खनन विभाग व पुलिस की भूमिका पर सवालिया निशान खड़ा किया भट्ठा संचालकों का कहना है कि 2023 - 24 के लिए रॉयल्टी जमा करने के लिए हम लोग विभाग का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन खनन अधिकारी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिये जाने से भट्ठा संचालक परेशान है। बैठक में ईंट भट्ठा मालिकों ने कहा कि हम लोग सरकार को शुल्क देकर पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र ले रखा है। प्रतिवर्ष रॉयल्टी भी जमा कर रहे हैं। ऐसे में मानक के अनुरूप खनन करने वाले ईट भट्ठों पर स्थानीय प्रशासन ने रोक लगा रखी है जबकि एनओसी में साफ लिखा है कि जेसीबी से दो मीटर तक की खुदाई का लाइसेंस दिया जा रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि भट्ठा संचालन की आड़ में खनन माफिया भी सक्रिय हो जाते हैं। इस समस्या को लेकर ईट निमार्ता परिषद के पदाधिकारियों ने बीते वर्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिले थे।

वही इस मामले में खनन अधिकारी प्रशांत शर्मा से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि अब ऑनलाइन रॉयल्टी जमा किया जाना है इसमें थोड़ी दिक्कतें आ रही है। भट्ठा संचालकों का आरोप बेबुनियाद है। जल्द ही इस समस्या का निदान किया जायेगा। बैठक में घनश्याम सिंह यादव, चंद्रभूषण सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह के अलावा दर्जनों भट्ठा संचालक मौजूद रहे

# वस्त्र मंत्रालय ने लंबित मामलों के निपटान और स्वच्छता को संस्थागत रूप देने के लिए विशेष अभियान 3.0 चलाया

वस्त्र मंत्रालय ने स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकार में लंबित मामलों को कम करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरणा लेते हुए लंबित मामलों के निपटान पर विशेष बल देने के साथ 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक विशेष अभियान 3.0 प्रारंभ किया।

यह अभियान 15 सितंबर से 30 सितंबर 2023 तक विशेष अभियान 3.0 के प्रारंभिक चरण के साथ शुरू हुआ, जिसमें मंत्रालय ने स्वच्छता अभियान स्थलों की समीक्षा और अंतिम रूप देने के लिए सांसदों/राज्य सरकार/पीएमओ, लोक शिकायत/लोक शिकायत अपील, संसद आश्वासनों, फिजीकल और इलेक्ट्रॉनिक दोनों फाइलों के संदर्भों की पहचान की।

विशेष अभियान 3.0 के कार्यान्वयन चरण में मंत्रालय (मुख्यालय), विकास आयुक्त कार्यालय (हस्तशिल्प/हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय के तहत सभी पीएसयू, शिक्षा संस्थानों और क्षेत्रीय कार्यालयों में 2 अक्टूबर, 2023 से 31 अक्टूबर, 2023 तक एक विशेष अभियान आयोजित किया गया था, जिसमें स्वच्छता और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने पर फोकस किया गया था। फील्ड/आउटस्टेशन कार्यालयों पर बल दिया गया था, जो सेवा डिलीवरी के लिए काम कर रहे थे और सार्वजनिक संपर्क में थे। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के एससीपीडीएम पोर्टल ६६६.ॠस्त्रि.ल्लॢ.ल्ल पर नियमित रूप से अभियान की अद्यतन स्थिति पोस्ट की गई।

अभियान के दौरान 431 स्थलों को सफलतापूर्वक साफ किया गया। इसके अलावा, इस अभियान अवधि के दौरान वस्त्र मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्रालय और क्षेत्रीय संगठनों में स्थलों का निरीक्षण किया और उन्हें स्वच्छता को अपने कार्यालय के कामकाज का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया।

एनजीओ गूंज के सहयोग से कपड़े, किताबें, स्टेशनरी, आदि दान करते अधिकारी इसके अलावा, 41,000 से अधिक फाइलों (फिजीकल और इलेक्ट्रॉनिक) की व्यापक समीक्षा की गई और लगभग 10,000 भौतिक फाइलों को हटा दिया गया और 1800 से अधिक ई-फाइलों को बंद कर दिया गया। इस गहन समीक्षा के परिणामस्वरूप, 69,793 वर्ग फुट स्थान को मुक्त किया गया है और स्क्रैप तथा अन्य अनावश्यक सामग्री के निपटान से 18,82,995 रुपये का राजस्व अर्जित किया गया।

# बिजली और एनआरई मंत्री श्री आर. के. सिंह ने राज्यों से कहा, "आरडीएसएस को फास्ट ट्रैक करें और कृषि को बिजली देने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करें"

केन्द्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के अपने समकक्षों के साथ बैठक की और देश में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज वृद्धि का प्रतीक है। 6-7 नवंबर, 2023 के दौरान नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बिजली तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए, श्री सिंह ने कहा कि अगर हमने बिजली क्षेत्र में ये बदलाव नहीं किया होता, तो भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बन पाता। उन्होंने कहा, 'आर्थिक वृद्धि बिजली क्षेत्र पर निर्भर है। बिजली क्षेत्र राष्ट्र की प्रगति में एक मूलभूत प्रेरक शक्ति है।

"विकास के लिए बिजली पर कोई समझौता करने की आवश्यकता नहीं है, भले ही इसका मतलब कोयला आधारित क्षमता में वृद्धि करना क्यों न हो"

चुनौतियों के बारे में मंत्री महोदय ने कहा कि आगामी सीओपी-28 बैठक में कोयले के उपयोग को कम करने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है, लेकिन भारत अपने विकास के लिए बिजली की उपलब्धता पर कोई समझौता नहीं करने जा रहा है। उन्होंने कहा, 'सीओपी-28 का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने जा रहा है। सीओपी में देशों पर कोयले के उपयोग को कम करने का दबाव होने जा रहा है। हम ऐसा नहीं करने जा रहे हैं, क्योंकि हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है कि हम अपने विकास के लिए बिजली की उपलब्धता से समझौता नहीं करने जा रहे हैं, भले ही इसके लिए हमें कोयला आधारित क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता क्यों न हो। साथ ही, हमें उन लक्ष्यों को हासिल करने की आवश्यकता है, जो हमने सीओपी में अपने लिए निर्धारित किए थे।

"बिजली की मांग अभूतपूर्व रूप से बढ़ी है, जो दशार्ता है कि हमारी अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से बढ़ रही है"

बिजली मंत्री ने कहा कि दूसरी चुनौती तेजी से बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने की है, लेकिन सरकार मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता उपलब्ध कराके इसे दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "अगस्त, सितंबर और अक्टूबर 2023 में पिछले साल की तुलना में मांग में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे पता चलता है कि हमारी अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा, हमने हाल ही में 2.41 लाख मेगावाट की सबसे ज्यादा मांग को पूरा किया, जबकि 2017-18 में सबसे ज्यादा मांग 1.9 लाख मेगावाट थी। यदि अधिकतम मांग और भी अधिक बढ़ती है, तो हम इसे पूरा करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। यह एक चुनौती है, जिसे हमें संबोधित करने की आवश्यकता है।

"बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, सभी राज्यों को सभी बिजली संयंत्रों को पूरी क्षमता पर चलाने की आवश्यकता है"

श्री सिंह ने कहा कि बढ़ती मांग की चुनौती से निपटने के लिए, सरकार ने एक तरीका यह सोचा है कि सभी बिजली संयंत्रों को पूरी क्षमता के साथ चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'हमने देखा है कि कुछ राज्य अपने बिजली संयंत्रों को अधिकतम क्षमता पर नहीं चलाते हैं और इसके बजाय वे केंद्र के पूल से बिजली मांगते हैं। यदि कुछ राज्य अपने संयंत्रों को अधिकतम क्षमता पर नहीं चला रहे हैं, तो हम केंद्रीय पूल से उनकी अतिरिक्त मांगों को पूरा नहीं कर पाएंगे। हमें यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा कि हमारे सभी संयंत्र अपनी पूरी क्षमता से चलें।

# किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के परिणाम का प्रकाशन, 07 से 30 नवम्बर तक प्रतिबंधित रहेगा

रायसेन, 06 नवम्बर 2023 मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान 07 नवम्बर की सुबह 7 बजे से 30 नवम्बर की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो ऐसी अवधि के कारावास से जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुमार्ने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

# कानपुर में मरीज की मौत पर परिजनों का अस्पताल हंगामा

-कंपाउण्डर द्वारा इंजेक्शन लगाते ही निकल गई मरीज की जान

-अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप,

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां इलाज में लापरवाही बरते जाने के फलस्वरूप एक युवा मरीज की असमय ही मौत हो गई इसके विरोध में उसके परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा भी किया। इस बीच सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बड़ी मुश्किल से समझा बूझकर शांत कराया। साथ ही इस मामले में कार्रवाई किए जाने का भी भरोसा परिजनों को दिया है। घटना को लेकर उनमें जबरदस्त रो। भी व्याप्त है। यह घटना चकेरी थाना क्षेत्र के हरजिंदर नगर इलाके की है।

यहां खान नर्सिंग अस्पताल में एक मरीज की मौत हो गई।मरीज की मौत होते ही परिजनों ने अस्पताल में हंगामा मच गया, हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज मौत के कारणों का पता लगा रही है।जानकारी के मुताबिक परिजन राजरानी बताए की उसके बेटे विक्की गहरा को देर शाम अचानक उल्टी होने लगी।हालत ज्यादा खराब होने पर परिजनों ने हरजेन्द्र नगर के खान अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कंपाउंडर ने इंजेक्शन लगाया जिसके लगाते ही युवक मौत हो गई। इस घटना के विरोध में परिजनों ने जमकर हंगामा किया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी के पक्ष में नगर में किया जा रहा व्यापक जनसंपर्क, प्रचार प्रसार ने पकड़ा जोर

*मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर भाजपा नेता एवं महिला कार्यकर्ता मांग रहे वोट, मिल रहा जन समर्थन*

रायसेन। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते सांची विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के प्रचार प्रसार ने अब तेज गति पकड़ ली है,



प्रतिदिन नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और जिम्मेदार कार्यकर्ता लोगों के घर-घर जाकर उनसे वोट मांग रहे हैं इस दौरान उन्हें अच्छा समर्थन लोगों का मिल रहा है अभी तक नगर में वार्ड क्रमांक 1 2 3 4 और 5 6 नंबर वार्ड में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपर्क कर मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई है इसी क्रम में सोमवार को नगर के वार्ड क्रमांक 8 के मतदाताओं के घर-घर जाकर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपील करते हुए वोट मांगे इस दौरान नगर जनसंपर्क अभियान में जनसंपर्क करने वाले भाजपा नेताओं में नगर चुनाव प्रभारी धीरेंद्र सिंह कुशवाह, जमना सेन, कन्हैया लाल सूरमा, बृजेश चतुवेर्दी, बबलू ठाकुर, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, बंटी महेश्वरी, राजेश पंथी, आदित्य शर्मा, कैलाश ठाकुर, बृज बिहारी मिश्रा, मोहन चक्रवर्ती, भूपेंद्र कांकेर, अखिलेश सोनी, अंशुल शर्मा,भुवनेश्वर कुशवाहा सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी के पक्ष में सगन घर-घर जनसंपर्क करते हुए आम जन से वोट मांगे एवं आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान के दौरान अधिक से अधिक लोगों से वोट डालने की अपील की।

**भाजपा की महिला कार्यकताओं द्वारा भी घर-घर जाकर किया जा रहा जनसंपर्क,,**

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान को देखते हुए सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के पक्ष में इस समय जहां भाजपा नेता और कार्यकर्ता चुनाव प्रचार प्रसार के लिए पूरी कमर कसकर घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर भाजपा की महिला नेत्री और भाजपा महिला कार्यकर्ता भी नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर लोगों के घर-घर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी के लिए वोट मांग रही है इस दौरान नगर में आम जनता के लोगों का भारी जन समर्थन मिल रहा है इस समय शहर में भाजपा कार्यकताओं एवं महिला कार्यकताओं द्वारा अलग-अलग तोलिया बनाकर नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर पहुंचकर तेज गति के साथ जनसंख्या जा रहा है। महिला कार्यकताओं में नमिता लोधी, हेमलता रघुवंशी, सिया बाई, पूनम धाकड़, तुलसा बाई, देवकी, ताराबाई, रामप्यारी, गीता बाई, सुमन, राम सखी, सुंदर बाई, शशि शर्मा, नरवदी बाई, हल्की बाई आदि महिला कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों से जिन संपर्क किया गया और डॉक्टर चौधरी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील नगर के मतदाताओं से की गई।

# पार्टी विरोधी गतिविधि के चलते कांग्रेस नेत्री केसर बिसेन एवं सागर कठोते को किया गया निष्कासित

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(07 नवम्बर )विधानसभा चुनाव में भाजपा एवं कांग्रेस ने जैसे जैसे अपने उम्मीदवारों की घोषणा की वैसे वैसे दोनों पार्टियों में बगावत भी शुरू हो गया जिसमे भाजपा ने तो अपनों को मनाने में कामयाब हो गयी लेकिन कांग्रेस के बागी नेता वरिष्ठ नेताओं से बात करने तक के लिए राजी नहीं हुए और पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने तक का फैसला कर डाला जिसमे कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशर बिसेन प्रमुख हैं जो पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं जिन्हे पार्टी ने छः वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया हैं।केशर बिसेन कटंगी से निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं जो कांग्रेस को ज्यादा नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसके पहले पार्टी ने केशर बिसेन के पुत्र आशुतोष बिसेन को मध्यप्रदेश कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के चेयरमैन के पद से निकाल दिया था अब पार्टी ने बगावत कर





निर्दलीय चुनाव लड़ने वाली केशर बिसेन को भी पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखा दिया हैं जिससे केशर बिसेन के ऊपर कोई खास असर पड़ने वाला नहीं हैं क्यों कि केशर बिसेन ने कटंगी में अपनी एक अलग पहचान रखती है जिसके दम पर वह कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इनके साथ ही कांग्रेस ने एनएसयूआई के मौजूदा जिलाध्यक्ष सागर कठोते को भी पार्टी से निष्कासित कर दिया हैं जो अभी हाल में ही जिलाध्यक्ष बने थे, लेकिन पार्टी ने इन्हे भी केशर बिसेन का साथ देने एवं कांग्रेस के प्रत्याशी के खिलाफ कार्य करने के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। हालांकि कांग्रेस के द्वारा लिए गए फैसले से उक्त दोनों नेताओं को कोई खास फर्क पड़ने वाला नहीं हैं क्यों कि दोनों नेताओं का अपना अपना वोट बैंक हैं जो कांग्रेस प्रत्याशी को सबक सिखाने के लिए काफी हैं।

# सरकार चलाने की कला सिर्फ भाजपा के ही पास, मोदी के नेतृत्व में ताकतवर बना देशः राजनाथ सिंह

रायसेन। हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकारें हैं आप वहां जाकर देखिए क्या हालत है विकास तो दूर, इन राज्यों में सरकारी कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलना भी मुश्किल हो जाता है, लेकिन भाजपा शासित राज्यों में ऐसी कोई शिकायत नहीं मिलती वहां खुशहाली और विकास है, देश में सरकार चलाने की कला सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के पास है। ऊक्त आशय के विचार केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भोजपुर विधानसभा के सतला पुर में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुरेंद्र पटवा के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं, आप दोनों पार्टियों से वाकिफ हैं और उनके नेताओं को भी जानते हैं भारतीय जनता पार्टी के लिए जनता जनार्दन होती है, लेकिन कांग्रेस के लिए एक परिवार ही जनार्दन है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा के लिए जनता की सेवा ही पुनीत कर्त्तव्य है और यही भाजपा-कांग्रेस मे सबसे बड़ा अंतर है उन्होंने कहा कि आजादी के बाद 52-54 सालों तक मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकारें रही, लेकिन कांग्रेस ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। 2003 में भाजपा की सरकार बनी और पिछले 17-18 सालों में भाजपा की सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्य की श्रेणी से निकालकर विकास की ओर बढ़ा है। श्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की सरकार शानदार तरीके से काम कर रही है और उन्होंने जितनी योजनाएं प्रदेश में हर वर्ग के कल्याण के लिए लागू की हैं, उतनी योजनाएं देश के किसी प्रदेश में लागू नहीं की गई। आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पटवा ने जनसभा में मौजूद लोगों से उन्हें भरपूर समर्थन कर आशीर्वाद देने का आग्रह किया। जनसभा में जनसभा में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित भाजपा के कई नेता एवं कार्यकर्ता सहित आम जनता के लोग मौजूद रहे।

# सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के पक्ष में प्रचार करने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जी आदिवासी जनता के बीच पहुंचे

रायसेन। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते सांची विधानसभा क्षेत्र के गैरतगंज तहसील क्षेत्र के तहत आने वाले ग्राम गढ़ी कस्बा क्षेत्र के ग्राम वसादेही सुर्यवरू देहरी आदिवासी अंचल क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जी ग्रामीण जनता के बीच पहुंचे और उन्होंने यहां से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी के पक्ष में ग्रामीण जनों को अधिक से अधिक मत देकर आशीर्वाद देने का आग्रह किया इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा जी ने ग्रामीण जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा आदिवासी वर्ग विशेष के लोगों के लिए कई व्यापक कार्य योजना बनाकर उनकी भलाई के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले आदिवासी भाईयो को मिल रहा है कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार में आदिवासी वर्ग के लोगों को जितना सम्मान मिल रहा है उतना किसी राजनीतिक दल में नहीं है आज के दौर में हमारे भारत देश की प्रथम महिला और राष्ट्रपति भी आदिवासी वर्ग से ही हैं भारतीय



जनता पार्टी आदिवासी वर्ग विशेष के लिए अनेक प्रकार की कार्य योजना बनाकर उनके जीवन स्तर को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रही है उन्होंने सांची विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी को अधिक से अधिक मतों से विजई बनाकर मध्य प्रदेश विधानसभा में पहुंचने की अपील की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा जी के साथ भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, देव नगर मंडल अध्यक्ष अमन सक्सैना, रौनक चौधरी, गोविंद महाराज, श्री चौरसिया,जीतू ठाकुर, सहित भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वामी विवेकानंद शास.कॉलेज में फैसिलिटेशन सेंटर का किया निरीक्षण

*निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान*

रायसेन। मप्र विधानसभा निर्वाचन के संदर्भ में सांची विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण स्थल स्वामी विवेकानंद शास.महाविद्यालय रायसेन में निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों के मतदान के लिए बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर का जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने फैसिलिटी सेंटर में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु बनाए गए काउंटर्स पर पहुंचकर जानकारी लेते हुए मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन में बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर की आकर्षक रूप से साज-सज्जा की गई। मतदान करने हेतु आने वाले निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही पोस्टल बैलेट से मतदान में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो, इसके लिए अलग-अलग भी काउंटर बनाए गए। जहां मतदान प्रक्रिया हेतु आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कराई गई। इस दौरान सांची विधानसभा की रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, एसडीएम मुकेश सिंह सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र का इतिहास और प्रक्रिया बताने वाली

**समाज जागरण शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(07 नवम्बर )भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार इन दिनों नगर में केंद्रीय संचार ब्यूरों भोपाल और स्थानीय क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस प्रदर्शनी का समापन शनिवार 4 नवम्बर को किया गया। समापन के दौरान बालाघाट आरओ गोपाल सोनी ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में मल्टीमीडिया चित्रों के माध्यम से देश के लोकतंत्र का इतिहास सुगमता और सुंदरता के साथ प्रस्तुत किया गया। इस प्रदर्शनी के समन्वयक श्री अजय बैस ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रदर्शनी में करीबन 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों, कार्यकर्ताओ और अन्य



नागरिकों ने विजिट किया। इस प्रदर्शनी में अब तक हुये निर्वाचनों के फोटो प्रदर्शित किये गए थे जिन्हे विजिट करने वाले लोगो ने बड़ा पसंद किया। प्रदर्शनी के दौरान रंगोली, मेहंदी, नृत्य, संगीत, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला सहित अनेक गतिविधियॉ आयोजित कर मतदाता जागरूकता के कार्य किये गए। समापन अवसर पर प्राचार्य राजलक्ष्मी नायडू, सीएम राईज स्कूल के प्राचार्य श्री युवराज रहांगडाले, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य श्री पीके जैन, वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री दत्ता भावस्कर, जिला पंचायत के श्री रवि पालेवार, जन अभियान परिषद के जिला समन्वय सुनिल बरमन, नेहरू युवा केंद्र के सीआर जंघेला उपस्थित थे।

# मतदान दलों का सघन प्रशिक्षण बुधवार से शुरू,अधिकारियों की बैठक लेकर दिए गए निर्देश

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(07 नवम्बर )जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विधानसभा निर्वाचन कार्य से संबंधित नोडल अधिकारियों और आरओ रिटर्निंग अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न तरह के प्रशिक्षण से लेकर मतदान दलों के मतदान पश्चात लौटने तक होने वाले सभी कार्यो की समीक्षा की। मतदान सामग्री के संबंध में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढ़पाले और बालाघाट आरओ श्री गोपाल सोनी को निर्देश दिये कि बसों की इस तरह से व्यवस्था रखी जाये ताकि मतदान दलों को बसों तक पहुंचने में किसी तरह की समस्या न आए। डीईओ डॉ. मिश्रा ने पिंक बुथ और पीडब्ल्यूडी बुथ पर मतदान कराने वाले दलों की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा करने के निर्देश दिये है। सभी विधानसभा मुख्यालय पर यह व्यवस्था की जायेगी। विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदान दलों का प्रशिक्षण बुधवार से प्रारंभ होगा। विधानसभा स्तर पर होने वाले यह प्रशिक्षण दो दिवसीय होगे जबकि 10 नवम्बर को माईक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण होंगे। डाक मतपत्रों द्वारा होने वाले मतदान कार्य के समीक्षा करते हुये कहा कि चलित मतदान केंद्र तक पहुंचने वाले दलों को प्रॉपर ब्रिफिंग की जाये ताकि मतदान कराने में किसी प्रकार की समस्या न हो। सभी दल आरओ कार्यालय से एक साथ रवाना होंगे। साथ ही उन्होंने मतदान दलों को सुविधाजनक रूप से सामग्री वितरण की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा, एडीएम श्री ओपी सनोडिया, उन जिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर, आरओ श्री गोपाल सोनी सहित समस्त जिला अधिकारी व नोडल अधिकारी सभागृह में तथा अनुभागीय स्तर का अमला वीसी के माध्यम से जुड़ा।

# कांग्रेस को आश ,इस बार समाप्त होगा जैतपुर का बनवास

**समाज जागरण ब्यूरो**

शहडोल। शहडोल जिले का जैतपुर विधानसभा सीट जोकि कोयलांचल क्षेत्र से लगा हुआ है और इस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका धनपुरी, नगर परिषद बुढार नगर परिषद बकहो सहित सैकड़ो गांव आते हैं और बुढार एवं सुहागपुर ब्लॉक के कई गांव इस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हैं यह क्षेत्र कोयलांचल क्षेत्र से लगा हुआ है। परिसीमन के बाद 2008 में जैतपुर विधानसभा का गठन हुआ और अनुसूचित जनजाति के लिए यह सीट आरक्षित हुआ 2008 से लेकर अभी तक इस विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को ही विजय मिली है 2008 में भाजपा प्रत्याशी जय सिंह मरावी, 2013 में भाजपा प्रत्याशी जय सिंह मरावी एवं 2018 में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मनीषा सिंह ने जीत दर्ज की। भाजपा का घर रही इस सीट से पार्टी ने जयसिंहनगर क्षेत्र के विधायक जय सिंह मरावी का क्षेत्र बदलकर इस विधानसभा क्षेत्र पर भरोसा जताया है जो की पूर्व में दो बार इस विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। वहीं तमाम विरोधों के बाद भी कांग्रेस पार्टी ने जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती उमा धुर्वे को मैदान में भेजा है , धुर्वे वर्ष 2018 में भी कांग्रेस की प्रत्याशी रही है और वह 3900 मतों से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मनीषा सिंह से पराजित हुई थी। इस बार के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी में जमकर टक्कर दिखाई दे रहा है। जहां भारतीय जनता पार्टी लगातार चौथी बार विधानसभा क्षेत्र में कब्जा करने के लिए प्रयासरत है वहीं कांग्रेस पार्टी को आस है कि इस बार जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में वनवास समाप्त हो जाएगा।विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका धनपुरी क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के हनुमान खंडेलवाल प्रचार प्रसार का प्रमुख जिम्मा उठाने हुए हैं तो वहीं भारतीय जनता पार्टी से संगठन के नेता प्रयासरत हैं। सूत्रों की माने तो नवगठित नगर परिषद बकहो में सेक्टर प्रभारियों की घोषणा के बाद असंतोष की लहर भी देखने को मिली थी लेकिन बाद में यह असंतोष थम सा गया। इस नगर परिषद में भारतीय जनता पार्टी दो खेमे में बटी हुई है जिसका असर भी चुनाव में देखा जा सकता है। वहीं कांग्रेस पार्टी में बुढार नगर परिषद के नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव हार चुके दो नेता प्रमुख भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। हालांकि दोनों पार्टी के वरिष्ठ एकजुटता का राग अलाप रहे हैं।

# चिलावाहा में पीले चावल देकर मतदाताओं को किया आमंत्रित, पिपलई में भरवाए गए संकल्प पत्र

रायसेन, 06 नवम्बर 2023 विधानसभा निर्वाचन-2023 में रायसेन जिले में अधिक से अधिक मतदान हो, सभी मतदाताओं की लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी हो इसके लिए मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के सांची विकासखण्ड के ग्राम पिपलई में ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताते हुए 17 नवम्बर को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही संकल्प पत्र भी भरवाए गए। इसी प्रकार सांची विकासखण्ड के ग्राम चिलवाहा में घर-घर जाकर पीले चावल देते हुए मतदाताओं को आगामी 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र आकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया।

# भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी के पक्ष में किया जा रहा भाजपा नेता कार्यकताओं द्वारा प्रचार प्रसार

*मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर भाजपा नेताओं ने मांगे वोट, मिल रहा जन समर्थन*

रायसेन। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते सांची विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के प्रचार प्रसार ने अब तेज गति पकड़ ली है प्रतिदिन नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और जिम्मेदार कार्यकर्ता लोगों के घर-घर जाकर उनसे वोट मांग रहे हैं इस दौरान उन्हें



अच्छा समर्थन लोगों का मिल रहा है अभी तक नगर में वार्ड क्रमांक 1 2 3 4 और 5 6 नंबर वार्ड में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपर्क कर मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई है इसी क्रम में सोमवार को नगर के वार्ड क्रमांक 8 के मतदाताओं के घर-घर जाकर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपील करते हुए वोट मांगे इस दौरान नगर जनसंपर्क अभियान में जनसंपर्क करने वाले भाजपा नेताओं में नगर चुनाव प्रभारी धीरेंद्र सिंह कुशवाह, जमना सेन, बृजेश चतुवेर्दी, बबलू ठाकुर, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, राजेश पंथी, आदित्य शर्मा, कैलाश ठाकुर, बृज बिहारी मिश्रा, मोहन चक्रवर्ती, भूपेंद्र कांकेर, अखिलेश सोनी, असल शर्मा,भुवनेश्वर कुशवाहा सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी के पक्ष में सगन घर-घर जनसंपर्क करते हुए आम जन से वोट मांगे एवं आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान के दौरान अधिक से अधिक लोगों से वोट डालने की अपील की।

# सामंजस्य की कमी... पनप रहा अंसतोष, भाजपा की राह कैसे होगी आसान

**समाज जागरण ब्यूरो**

अनूपपुर। जिले के अनूपपुर विधानसभा में भाजपा की राह इस बार आसान नहीं नजर आ रही है। एक तरफ जहां पार्टी ने इस सीट से दिग्गज मानें जानें वाले अपने पुरानें विधायक को प्रत्यासी बनाकर पार्टी सहित क्षेत्र में उपजे तमाम असंतोष पर विराम लगानें को सोचा है, वहीं दूसरी तरफ इस क्षेत्र से ऐसी तमाम विसंगतियां सामने आ रही है जिसे देखकर यह स्पष्ट समझा जा सकता है कि पार्टी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं है। दरअसल बीते दिनों नवगठित नगर परिषद में भाजपा द्वारा चुनाव की कमान संभालने को लेकर एक सूची जारी की गई थी लेकिनइस सूची के जारी होने के पीछे के राजनीतिक लाभ या हानि को तो पार्टी और संगठन के मुखिया ही बेहतर समझ सकते हैं लेकिन इन दोनों सूचियों के सामने आने के बाद एक तरफ जहां भाजपा में चरम पर गुटबाजी की बात सामने आनें लगी है वहीं तमाम असंतोष भी देखनें को मिल रहा है। जानकार बताते हैं कि इन सूचियों के सामने आने के बाद नगर परिषद में कई भाजपाइयों ने सोशल मीडिया पर असंतोष भी जाता दिया है। सोशल मीडिया में भाजपा कार्यकताओं के बीच ही आरोप प्रत्यारोप का दौर भी चला। दरअसल विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा बूथ स्तर पर प्रभारियों को नियुक्त किया गया है, और यहीं से है। राजनीति को गमानें के साथ कई सवाल खड़े हो रहे हैं, दरअसल जो सेक्टर प्रभारियों की सूची बनाई गई है उसे सूची में भाजपा ग्रामीण मंडल के किसी भी पदाधिकारी को स्थान नहीं दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी अधिकांश बार नवगठित नगर परिषद एवं जिला पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में लीड करती रही है लेकिन इस बार भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में काफी टक्कर भी देखने को मिल रही है। सूत्रों की माने तो जिला पंचायत क्षेत्र वार्ड क्रमांक 3 ,4 एवं 5 में कुछ प्रभावि नेताओं एवं उनके समर्थक इस बार पूरे मनोयोग एवं मेहनत से नए प्रत्याशी का समर्थन कर रहे हैं। ऐसे में इस पूरे क्षेत्र से भाजपा कैसे जनाधार जुटा पाने में कामयाब होगी इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# सुधरने के बजाए बिगड़ते जा रही कोतमा की यातायात व्यवस्था

कोतमा। कोतमा नगर धीरे-धीरे बढ़ रहा है आबादी बढ़ने के साथ ही दो पहिया चार पहिया वाहनों की संख्या भी बढ़ रही है लेकिन विकास के नाम पर नगर आज भी फिसड्डी दिखाई दे रहा है। यातायात की लचर व्यवस्था, नो इंट्री के आदेश का उल्लंघन और फुटपाथी दुकानों के साथ अतिक्रमण से शहर में जाम की समस्या गंभीर हो गयी है। रविवार सप्ताहिक बाजार को भी शहर के विभिन्न चौराहों पर ट्रैफिक जाम रहने से लोग दिनभर परेशान रहते हैं। नगर में जगह-जगह जाम की समस्या के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांधी चौक से आजाद चौक मार्ग देवी जी मार्ग स्टेशन रोड सब्जी मंडी तक भीषण जाम के कारण लोग पैदल ही गंतव्य तक जाने को मजबूर रहते है। दिन में कई बार प्रमुख सड़कें जाम से पटी रहती हैं। वाहनों की कतार लगी रहती है। हालत यह हो जाता है कि पैदल भी निकलना दूभर हो जाता है। 20 फीट की सड़क सिकुड़कर हुई आधी नगर में यातायात व्यवस्था दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। हालात सुधरेंगे भी कैसे, जब आधी सड़क पर ही अवैध पार्किंग कर दी जाएगी। इससे भी चिंताजनक स्थिति यह है कि ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस भी नहीं है। बस स्टैंड से लेकर गांधी चौक तक मुख्य सड़क पर ही गाड़ी या बाइक खड़ा करना लोग अपना अधिकार समझ रहे हैं।

# ग्राम पंचायत की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर निर्माण निरंतर जारी

शहडोल

जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत करकी मे ग्रामीणों के द्वारा शासकीय भवन हॉट बाजार,आयुर्वेदिक औषधालय, और पड़ाव डालने, के निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि पर अवैध कब्जा करके पक्का निर्माण किया जा रहा है है लेकिन प्रशासन कुंभकरण की नींद सो रहा है.

ग्राम पंचायत करकी में शासकीय भूमि आराजी नंबर 1539/1/1 मे पड़ाव डालने के लिए 0.101 हे. हॉट बाजार के लिए 0.202 हे. आयुर्वेदिक औषधालय के लिए 0.202 हे. जमीन मध्यप्रदेश शासन के द्वारा ग्राम पंचायत के लिए आरक्षित की गयी है लेकिन कुछ ग्रामीणों के द्वारा उस शासकीय भवन निर्माण के लिए आरक्षित भूमि पर अवैध अतिक्रमण करके पक्का निर्माण किया जा रहा है जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा ग्राम पंचायत मे दी गयी है

यह शासकीय भूमि ग्राम पंचायत के लिए बेहद ही जन उपयोगी है अगर प्रशासन आज इस शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को नहीं रोका गया तो आने वाले समय मे यदि ग्राम पंचायत मे कोई भी शासकीय भवन निर्माण के लिए आता है तो ग्राम पंचायत के पास कोई भी शासकीय भूमि नहीं बचेगी जिससे ग्राम पंचायत का विकाश वाधित होगा जो की सभी ग्रामवाशियों के लिए नुकसानदेह होगा अब देखने वाली बात यह होंगी की क्या प्रशासन इस अवैध निर्माण को रोक पाता है या नहीं

**इनका क्या कहना है**

इस विषय मे जब ग्राम पंचायत के सचिव सुरेन्द्र सोनी से बात की गयी तो उनका कहना था की प्राप्त आवेदन के आधार पर हमारे द्वारा पटवारी को वस्तुस्थिति की जानकारी देकर के उनके साथ मौका पंचनामा करवाया गया और पटवारी के द्वारा उस मौका पंचनामा को अग्रिम कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जायेगा

# एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम नें हेरोइन तस्करी के मामलें महिला आरोपी को किया काबू



**दैनिक समाज जागरण संवाददाता मैनपाल**

पंचकूला/ 06 नवम्बर :- पुलिस प्रवक्ता नें जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस उपायुक्त मुकेश मलहोत्रा के निदेर्शानुसार जिला में नशा तस्करो के खिलाफ सख्त कार्रवाई हेतु अभियान चलाया हुआ है जिस अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल इन्चार्ज उप.नि. भीम सिंह के नेतृत्व में उसकी टीम नें हेरोइन तस्करी के मामलें में महिला आरोपी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किये गये महिला आरोपी की पहचान सुखप्रीत कौर उर्फ सुखी पत्नी राज कुमार वासी गांव बडियाल जिला कपूरथला पंजाब उम्र 24 साल के रुप में हुई । जानकारी के मुताबिक एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम कल 05.11.2023 को नशे की रोकथाम हेतु कालका क्षेत्र में मौजूद थे पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उपरोक्त महिला आरोपी सुखप्रीत जो कि नशीला पदार्थ हेरोइन का तस्करी का काम करता है जिस बारे सूचना प्राप्त करके पुलिस की टीम नें प्रीत नगर कालका से उपरोक्त महिला को अवैध नशीला पदार्थ 10.87 ग्राम हेरोइन के काबू किया । पुलिस एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम नें महिला आरोपी के खिलाफ के एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना कालका में मामला दर्ज किया गया । जिस मामलें में महिला आरोपी को गिरफ्तार करके पेश अदालत 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया ।

# सेक्टर 22 और 23 के सरकारी मकान में मेंटेनेंस जीरो अलाटी परेशान

चंडीगढ़ ( खुशविंदर धालीवाल ) सेक्टर 22 और 23 के सरकारी आवासों में मेंटेनेंस जीरो के बराबर है ।लोगों की शिकायत है कि कोई भी शिकायत का समाधान छःया सात महीने से पहले नहीं होता और यह बात सच जब साबित हुई जब मकान नंबर 3913 सेक्टर 22 डी में मेंटेनेंस का काम नहीं हुआ तो मैंने जे,ई निर्मल सिंह और एस,डी,ओ विपिन कुमार से बात हुई तो कभी स्टाफ की कमी बताई तो कभी एक दूसरे का नाम लेकर पल्ला झाड़ लिया बहुत सारा मेंटेनेंस खुद के मजदूर लगाकर करवाया उसके बाद मकान के बाहर और अंदर जो मालवा पड़ा है 10-15 दिन से नहीं उठाया गया जबकि समय-समय पर मेंटेनेंस जाकर मलबा गिराने की शिकायत देते रहे फिर भी मलबा नहीं उठाया गया। एसडीओ के सरकारी नंबर पर संपर्क करते रहे उन्होंने फोन उठाना ही छोड़ दिया। अलोटी इन सभी शिकायतों से परेशान है मकान के बेड़ों में पानी इकट्ठा हो रहा, ड्रेन पाइप ब्लॉक होने के वजह से मकानों की दीवारों में पानी की सीलन हो रही है। मकानों में पेंट या तो किया नही जाता अगर थोड़ा बहुत हो भी जाता है तो ठेकेदार बोलते हैं कि हमारा तो अंदर का टेंडर है मकान के बाहरी दीवार और बेड़ा आप प्राइवेट करवाओ यह सब प्रशासन की मनमानी और हिटलर शाही चल रही है। अगर इलेक्ट्रिकल की बात करें तो चार रूम के मकान में एक पंखा ही दिया जाता है इस बारे में जब जे, ई इलेक्टिरकल ओमकार से बात की तो उन्होंने बताया की ये तो पुराने जमाने से ही एक पंखा लगाने का रूल है ।दूसरी तरफ अलोटी मेंटेनेंस चार्ज ,लाइसेंस फीस के साथ-साथ हर महीने हाउस रेंट सरकार को देता है और मेंटेनेंस के नाम पर कुछ भी नहीं होता। अतः प्रशासन जल्द ही इस बात पर ध्यान दें नहीं तो बड़ा आंदोलन होगा जिसकी जिम्मेदारी चंडीगढ़ प्रशासन के होगी।



# हजारों आउटसोर्स वर्करों ने काला रिबन बांधकर जताया विरोधऔर किया धरना प्रदर्शन



जीएमसीएच एम्पलाइज एंड वर्कर्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले दिवाली बोनस एवं अन्य जरूरी मांगो की अनदेखी को लेकर जीएमसीएच सेक्टर 32 अस्पताल के अलग-अलग विभागों के हजारों आउटसोर्स वर्करों ने काला रिबन बांधकर जताया विरोधऔर किया धरना प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण**

चण्डीगढ़ ( खुशविंदर धालीवाल )आज जीएमसीएच सेक्टर 32 अस्पताल में कार्यरत अलग-अलग विभागों के हजारो ठेका कर्मचारियों ने दिवाली बोनस एवं अन्य जरूरी लंबित पड़ी मांगों की अस्पताल प्रबंधन की ओर से अनदेखी को लेकर ठेका कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी के दौरान काला रिबन बांधकर अपना विरोध दर्ज करवाया।

जीएमसीएच एम्पलाइज एंड वर्कर्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी के प्रधान सुखबीर सिंह ने एक बयान जारी करते हुए बताया कि 13 अक्टूबर को जे.ए.सी द्वारा अस्पताल प्रबंधन को लिखित में जीएमसीएच अस्पताल एवं संबंधित शाखाओं ग्रिड आशादीप, एमएचआई में कार्यरत हजारों आउटसोर्स ठेका कर्मचारियों को दिवाली बोनस देने एवं अन्य जरूरी लंबित पड़ी मांगों के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा ना तो उस ज्ञापन पर कोई कार्रवाई की गई और ना ही वर्करों की कोई मांग पूरी की गई और ना ही जे.ए.सी को बैठक के लिए समय दिया गया जिस कारण अस्पताल में काम करने वाले अलग-अलग विभागों के हजारों ठेका कर्मचारियों में रोष एवं गुस्सा है इसी को लेकर 3 नवंबर से लगातार 6 नवंबर तक सभी ठेका कर्मचारी काला रिबन बांधकर ड्यूटी करेंगे और आज 6 नवंबर को ऑफ ड्यूटी ठेका कर्मचारियों द्वारा अस्पताल में सांकेतिक रोष प्रदर्शन किया गया

सफाई कर्मचारी यूनियन प्रधान रविंद्रकुमार, वार्ड अटेंडेड यूनियन प्रधान सुखविंदर सिंह, सुरक्षा कर्मचारी यूनियन प्रधान तरलोचन सिंह,लिफ्ट ऑपरेटर यूनियन प्रधान जीतू यादव एवं पैरामेडिकल यूनियन प्रधान किरण ने भी सांझा बयान जारी करते हुए बताया कि अगर ठेका कर्मचारियों की मांगे पूरी न की गई तो सभी ठेका कर्मचारी धरने प्रदर्शन के दौरान सख्त फैसले लेने पर मजबूर हो जाएंगे जिसके तहत अस्पताल में सभी ठेका कर्मचारी काम बंद करके अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी जा सकते हैं।

# एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कहा- वे नशे से दूर रहेंगे

दैनिक जागरण संवाददाता मैनपाल

पंचकूला नवंबर 6ः हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह के दिशानिदेर्शो एवं पुलिस अधीक्षक श्री शशांक कुमार सावन, कुमारी निकिता खट्टर, आईपीएस और श्री अनिल कुमार के मार्गदर्शन में निरंतर नशा मुक्त हरियाणा अभियान को लेकर प्रतिदिन ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है तो दूसरी और ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए ब्यूरो द्वारा उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया है। वे प्रतिदिन साइकिल पर सवार होकर हरियाणा के अलग अलग जिलों में नशे के विरुद्ध जागरूकता सन्देश दे रहे हैं। वे आज राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे और एक दिवसीय 15 वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय की प्राचार्या सरोज देवी की उपस्थिति में 819 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि नशा अनेक प्रकार का है और छोटे से छोटा नशा जैसे तम्बाकू भी बहुत अधिक घातक है जिसके कारण प्रत्येक 4 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। प्रतिबंधित नशों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को इससे होने वाले भयानक परिणामों बारे बताते हुए कहा कि नशे मनुष्य के मस्तिष्क को निष्क्रिय कर देते हैं। यही कारण है कि ऐसा व्यक्ति किसी भी अपराध को करने से नहीं हिचकिचाता है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी नशा है। विभिन्न कविताओं, गानों, प्रसंगों और उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे जैसे अभिशाप से बचने का आह्वान करते हुए उनसे अनेक प्रश्न पूछे गए। प्रश्नोत्तरी में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने अपने हृदय पर हाथ रखकर शपथ ग्रहण की और कहा कि वे जीवन में किसी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करेंगे। यदि कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो इसकी सूचना हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर देंगे।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए समाज जागरण पोर्टल पर विज्ञापन

# राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस

खुशविंदर धालीवाल चंडीगढ़ वैसे तो वर्ल्ड कैंसर दिवस हर साल 4 फरवरी को कैंसर डे मनाया जाता है. 'परन्तु भारत के आम लोगों को कैंसर के खतरों के बारे में जागरूक करने के पूर्व स्वास्थ मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने 7 नवंबर 2014 को विख्यात भौतिकविद और रसायनशास्त्री मैरी क्यूरी की याद में भारत में प्रत्येक वर्ष 7 नवंबर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस की स्थापना की इस दिन भारत में कैंसर के लक्षणों और उपचार के बारे में जागरूकता कैंपेन चलाए जाते है 'मेरी ने रेडियम की खोज की थी। विज्ञान की दो शाखाओं (भौतिकी एवं रसायन विज्ञान) में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने वाली वह पहली वैज्ञानिक मैरी क्यूरी है। उनकी याद में 2014 से भारत में प्रत्येक वर्ष 7 नवंबर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया जाता है। शरीर में लगने वाली भयंकर और जानलेवा बीमारियों में कैंसर भी शामिल है.अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं, जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। इतना ही नहीं, भारत में सालाना बढ़ते कैंसर मामलों के चलते 2040 तक इनकी संख्या में 57.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने की आशंका है।

कैंसर शरीर की अपनी ही कोशिकाओं से विकसित होता हैः किसी एक कोशिका के जीन के भीतर आने वाले बदलाव के साथ ही इसकी शुरूआत होती है. आनुवंशिक बदलाव या म्यूटेशन (कोशिका में आने वाली तब्दीली या हेर-फेर) किसी कोशिका के सामान्य कार्य में हस्तक्षेप कर सकते हैं.' 50 साल की आयु के बाद कैंसर का खतरा ज्यादा होता है. हालांकि, यह बीमारी किसी भी उम्र के लोगों को अपना शिकार कर सकती है. कैंसर की पहचान शुरूआती स्टेज में हो जाने पर उपचार करके मरीज की जान बचाई जा सकती है.' हाल ही में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक, लंग्स कैंसर (छ४ल्लॅ२ उंल्लीू१) सबसे खतरनाक कैंसर हो सकता है. हमारे देश में भी लंग्स कैंसर के केस तेजी से बढ़ रहे हैं. डॉक्टरों का अनुमान है कि 2023 के आखिर तक करीब 2.38 लाख से ज्यादा लोगों में लंग्स कैंसर मिल सकता है.' जैसे-जैसे कैंसर बढ़ता जाता है, पहले लक्षण के तौर पर अक्सर हल्की दिक्कत या परेशानी होती है, जो लगातार बढ़ती है और कैंसर का आकार बढ़ने पर दर्द भी बढ़ जाता है। नसों या अन्य संरचनाओं को प्रभावित करने वाले या उन्हें घिसने वाले कैंसर से दर्द हो सकता है। हालांकि, सभी कैंसरों में बहुत ज्यादा दर्द नहीं होता।' 1 ूल्लीू१ के संकेत और लक्षण

बेवजह वजन कम होना (फ्ी) हमेशा थकान और कमजोरी महसूस होना बेवजह बुखार होना और पसीना आना

शरीर में हमेशा दर्द रहना त्वचा के आकार या रंग में बदला

कैंसर की स्टेज 2 से कैंसर वाली कोशिकाएं बढ़ने लगती हैं, जिसके कारण ट्यूमर बड़ा होने लगता है. लेकिन अभी भी यह कहीं फैला नहीं होता है. इस स्टेज से कैंसर गंभीर होने लगता है.

**स्टेज** 3 स्तन कैंसर में गांठ 5 ्से बड़ा होता है , इसमें बगल में या गले की यहाँ गाँठ हो सकती है और 60% रोगियों में इसका इलाज किया जा सकता है।

ज 4 कैंसर का निदान तब किया जाता है जब रोग अपने मूल स्थान से दूसरे अंग में फैल गया हो। इसे आमतौर पर एडवांस या मेटास्टैटिक कैंसर के रूप में जाना जाता है। इस स्टेज में कैंसर का इलाज करना बहुत मुश्किल होता है, जिसके कारण मरीज के बचने की संभावना न के बराबर रह जाती है।

स्टेज 4 इसे आमतौर पर एडवांस या मेटास्टैटिक कैंसर के रूप में जाना जाता है। इस स्टेज में कैंसर का इलाज करना बहुत मुश्किल होता है, जिसके कारण मरीज के बचने की संभावना न के बराबर रह जाती है ।कैंसर फर्स्ट या सेकंड स्टेज का होता है तो लोगों में ठीक होने की उम्मीद रहती है. जबकि अगर थर्ड और फोर्थ स्टेज का हो तो लोगों की चिंताएं बढ़ जाती हैं ' देश के सात शीर्ष चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराने वाले 12,148 कैंसर रोगियों के बीच एक अध्ययन किया गया. इस अध्ययन के अनुसार, एक कैंसर रोगी अपनी स्थिति और बीमा कवरेज की परवाह किए बिना अपने इलाज पर सालाना लगभग 3.3 लाख रुपये खर्च करता है.

चंडीगढ़ में पीजीआईएमईआर राष्ट्रीय महत्व का एक तृतीयक देखभाल संस्थान है। रेडियोथेरेपी विभाग कैंसर रोगियों के लिए रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी, स्नातकोत्तर स्तर पर छात्रों को पढ़ाने और कैंसर के क्षेत्र में नैदानिक और अनुवाद संबंधी अनुसंधान करने के लिए जिम्मेदार है ।टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबईः भारत में सबसे प्रतिष्ठित कैंसर देखभाल केंद्रों में से एक मुंबई का टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुफ्त या रियायती उच्च गुणवत्ता वाला, कैंसर का उपचार प्रदान करता है।अगर सही समय पर कैंसर की पहचान कर समय पर उसका उपचार शुरू कर दिया जाए, तो कैंसर ठीक हो जाता है। सही समय पर जांच और उपचार नहीं होने के कारण यह लाइलाज हो जाता है। जिले में कैंसर के मरीजों का अलग से कोई आंकड़ा नहीं है। यह है कि कैंसर के मरीज लगभग आखिरी स्टेज में कैंसर के डॉक्टर के पास पहुंचते हैं। कैंसर के 70% मरीजों को इलाज के लिए रेडियोथैरेपी की जरूरत होती है। इस प्रोजेक्ट की खासियत ये है इसमें पेपरलेस रिकॉर्ड, बेहतर इलाज और सेफ्टी जैसी सुविधाएं हैं। इसमें 8 घंटे का बैटरी बैकअप है। 60-70 मरीजों को कम वक्त में ही इलाज दे सकता है।' कैंसर रोगियों के लिए हेल्थ इंश्योरेंस कैंसर के सभी चरणों के लिए कवरेज प्रदान करता है और साथ ही कैंसर के गंभीर निदान की स्थिति में आय के अलावा एकमुश्त भुगतान का अतिरिक्त लाभ भी प्रदान करता है। कैंसर इंश्योरेंस पॉलिसी में अस्पताल में भर्ती, कीमोथेरेपी, रेडिएशन, सर्जरी आदि जैसे कैंसर के उपचार शामिल हैं। कीमोथेरेपी विभिन्न तरीकों से दी जा सकती हैः ओरल / इंट्रावेनस / इंट्रामस्क्युलर। सबसे सामान्य इंट्रावेनस है इसमें दवाओं को सेलाइन में डालकर आपके कैंसर के प्रकार के आधार पर कुछ मिनटों से लेकर घंटों तक चढ़ाया जा सकता है। यह कैनुला / विवो / ढक्छउ लाइन या केमो-पोर्ट के माध्यम से चढ़ाया जा सकता है। कीमोथेरेपी के साइड इफेक्ट पर कंट्रोल करने के लिए खानपान पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए खाने में तला-भुना, ज्यादा मसालेदार, अधिक नमक युक्त आदि खाने से परहेज करना चाहिए। 2- व्यायाम हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है। रेगुलर व्यायाम करके आप कीमोथेरेपी के साइड इफेक्ट पर कंट्रोल कर सकते हैं। भारत की बात करें तो देश में वर्ष 2022 में कैंसर के रोगियों की संख्या 14.6 लाख के आसपास थी जो 205 में बढ़कर 15.7 लाख तक पहुंचने की आशंका है ' 2021 में ये संख्या 7,89,202 थी. 2022 में यानी पिछले साल भारत में कैंसर से मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है और ये बढ़कर 8,08,558 पर पहुंच गई है. वहीं राज्यवार तरीके से देखें तो कैंसर से सबसे ज्यादा लोग उत्तर प्रदेश में मरे हैं ' पंजाब के कैंसर मरीजों में 24 अगस्त 2022 बुधवार को एक नए जीवन की आस जगी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोहाली स्थित न्यू चंडीगढ़ में होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया '

# अवैध हुक्का चलाने पर मामला दर्ज, 4 सहायक सचालंक गिरफ्तार, 3 हुक्के बरामद

**दैनिक समाज जागरण समाचार संवादाता मैनपाल**

पंचकूला/ 06 नवम्बर :- पुलिस प्रवक्ता नें जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कमिश्नर सिबास कविराज के मार्गदर्शन में जिला में अवैध हुक्का चलानें वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है जिस कार्रवाई में देर रात्रि को अवैध हुक्का चलानें वालें सचालकों के खिलाफ कानून की उल्लंघना करनें पर मामला दर्ज करके 4 सचालकों को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किये गये आरोपियों की पहचान अतुल कुमार यादव पुत्र राजकुमार यादव वासी सेक्टर 18 पंचकूला, शिकन्दर कुमार पुत्र बिंदशेवरी रविदास वासी बापू धाम कालौनी सेक्टर 16 चण्डीगढ, गौरव पुत्र जगदेव सिंह वासी मनीमाजरा चण्डीगढ तथा अरविंद ठाकूर पुत्र अशोक कुमार वासी मनीमाजरा चण्डीगढ के रुप में हुई । जानकारी के मुताबिक 05.11.2023 की देर रात्रि को पुलिस की स्पेशल टीम सेक्टर 5 पंचकूला में मौजूद थी । जो पुलिस नें गुप्त सूचना के आधार पर मोब सोप न. 1 हाई फाइव में रेड की गई । जो मौका पर उपरोक्त व्यक्ति अतुल कुमार यादव शिकन्दर कुमार गोरव अरविन्द ठाकुर मौजूद मिलें और मौका से 3 हुक्के जलते हुए तथा 39 हुक्का पाईप बरामद किए गये । पुलिस उपायुक्त पंचकूला के द्वारा जिला में हुक्का चलानें पर प्रतिबंध करते हुए धारा 144 लागू की हुई है जो कानून की उल्लंघना करनें पर पुलिस नें थाना सेक्टर 05 पंचकूला में भा.द.स. की धारा 188,269, 270 के तहत मामला दर्ज करके उपरोक्त 4 सचालको को गिरफ्तार किया गया ।



# जल शक्ति अभियान के केंद्रीय नोडल अधिकारी ने जल शक्ति अभियान के तहत किए गए कार्यो का किया निरिक्षण

**दैनिक जागरण समाचार संवादाता मैनपाल**

पंचकूला, 6 नवंबर जल शक्ति अभियान के केंद्रीय नोडल अधिकारी श्री आलोक मालवीय ने आज पंचकूला में जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण की दिशा में किए गए कार्यो का निरिक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ जल शक्ति अभियान के नोडल ऑफिसर अनुराग गोयल एवं श्रीमती प्रियंका साइंटिस्ट भी मौजूद रही। इस अवसर पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामगढ़ के बच्चों द्वारा जल सहेली पर एक स्किट, भाषण एवं कविताओं का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। इसके उपरांत अलोक मालवीय ने जल शक्ति अभियान के तहत किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने केदारपुर, फतेहपुर, दीवानवाला, चिकन गांव में सिंचाई कूल, चैक डैम एवं स्प्रिंकलर सिंचाई का निरीक्षण किया। अनुराग गोयल ने दौरे के दौरान नोडल अधिकारी अलोक मालवीय 'को सिंचाई की सभी परियोजनाओं से अवगत कराया।



# सेवा का अधिकार आयोग के तहत सबसे अधिक 655 नागरिक सेवाओं को अधुसूचित करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य -टीसी गुप्ता

## श्री टीसी गुप्ता ने हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम - 2014 के तहत अधिसूचित सेवाओं के लाभार्थियों के साथ किया संवाद

दैनिक जागरण संवाददाता मैनपाल

पंचकूला, 6 नवंबर-हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त श्री टीसी गुप्ता ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां सबसे अधिक 655 नागरिक सेवाओं को अधिसूचित किया गया है ताकि नागरिकों को एक तय समयावधि में सेवाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग प्रदेश में प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है।

श्री टीसी गुप्ता आज सेक्टर-1 स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम-2014 के तहत अधिसूचित सेवाओं के लाभार्थियों से संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर उपायुक्त श्री सुशील सारवान भी उपस्थित थे।

**विभिन्न विभागों की सेवाओं के लिए समयावधि निश्चित की गई है**

श्री गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के निदेर्शानुसार वे प्रदेश के प्रत्येक जिले का दौरा कर हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम-2014 के तहत अधुसूचित सेवाओं के लाभार्थियों से बातचीत कर सेवा वितरण प्रणाली का मूल्यांकन कर रहे है। उन्होनें कहा कि उन्होंने 15 जून 2021 को हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त का पदभार संभाला था और उस समय 532 सेवाएं अधिसूचित थी, जिन्हें बढ़ाकर अब 655 कर दिया गया है ताकि नागरिकों को अधिक से अधिक सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा सके। इसमें विद्यार्थियों के लिए भी कई सेवाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत विभिन्न विभागों की सेवाओं के लिए समयावधि निश्चित की गई है, जिसके अंदर लाभार्थियों को सेवाओं का लाभ दिया जाना अनिवार्य है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि बुढ़ापा पेंशन के लिए 30 दिन, जन्म प्रमाण पत्र के लिए 15 दिन, बिल्डिंग प्लॉन के लिए 6 दिन, शहर में बिजली जाने पर 4 घंटे और गांव में बिजली जाने पर 8 घंटे निश्चित किए गए है। इसी प्रकार बिजली विभाग को 20 दिन के अंदर अंदर ट्रांसफोर्मर बदलना होता है।

**पंचकूला में 9 लाख 71 हजार 48 लोगों को सेवाओं का लाभ दिया गया**

गुप्ता ने बताया कि कोई भी पात्र लाभार्थी किसी भी विभाग से संबंधित सेवाओं के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर आवेदन कर सकता है। हर महीने 10 से 12 लाख आवेदन आते है। अब तक सरल हरियाणा पर 7 करोड़ आवेदन प्राप्त हो चुके है। इस पोर्टल पर सेवा का अधिकार अधिनियम-2014 के तहत अधिूसचित सेवाओं की सूची भी उपलब्ध है, जिन्हे 'कोई भी नागरिक आसानी से देख सकता है। उन्होंने बताया कि जिला पंचकूला में 9 लाख 76 हजार 457 लोगों ने आवेदन किया था, जिसमें से 99 प्रतिशत यानि 9 लाख 71 हजार 48 लोगों को सेवाओं का लाभ दिया जा चुका है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए उपायुक्त सुशील सारवान और उनकी टीम की प्रशंसा की। उन्होंने पंचकूला का 9.5 सरल स्कोर हासिल करने पर जिला प्रशाासन की सराहना की।

**ऑटो अपील सिस्टम (आस) से लोगों समय पर सेवाओं का लाभ मिलने की बंधी आस**

उन्होंने कहा कि नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए बार बार कार्यालयों के चक्कर ना लगाने पड़े, इसके लिए ऑटो अपील सिस्टम (आस) लागू किया है। आस का उद्घाटन मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा 1 सितंबर 2021 को किया गया था। उन्होनें कहा कि 5 नवंबर 2023 तक आयोग के पास 10 लाख 43 हजार 99 अपील आई है, जिसमें से 9 लाख 69 हजार 317 का निपटान किया जा चुका है। इसी अवधि के दौरान पंचकूला में 15 हजार 896 अपील आई है, जिसमें 15 हजार 755 का निपटान हो चुका है और 144 लंबित है। उन्होंने कहा कि नामित अधिकारी द्वारा नागरिक सेवाओं के वितरण में देरी होने पर आयोग द्वारा उस पर 20 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। इसके अलावा लाभार्थी को 5 हजार रुपये तक का मुआवजा भी दिये जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक सेवा वितरण के संबंध में अपने सुझाव या शिकायत आयोग की वेबसाईट १३२ू-१८@ॅङ्म५.ल्ल पर दें सकते है। इसके अलावा अत्योदय सरल हेल्पलाइन नंबर 0172-3968400 पर भी संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर गुप्ता ने विभिन्न सेवाओं के लाभार्थियों से बातचीत की और उनके अनुभव जाने। इससे पूर्व गुप्ता ने पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह के कांफ्रेंस हाल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की और पंचकूला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में प्राप्त विभिन्न मांगों और समस्याओं पर की गई कार्रवाही का ब्यौरा लिया। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने पंचकूला में 15 सितंबर 2023 और बरवाला में 15 अक्तूबर 2023 को आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों की अध्यक्षता की थी। इसके अलावा शिक्षामंत्री श्री कंवर पाल द्वारा 2 सितंबर 2023 को कालका विधानसभा के नानकपुर, चिकन, टिब्बी और मंडलाया में और राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा द्वारा 11 अक्तूबर 2023 को टिब्बी, सुल्तानपुर, बतौड़, सुंदरपुर और कॉमी और 17 अक्तूबर 2023 को गांव रामपुर जंगी, ककराली, कंडियाला और बालदवाला में जनसंवाद आयोजित किए गए थे।

**अधिकारी जनसंवाद कार्यक्रमों में प्राप्त मांगों और शिकायतो को तय समयावधि में पूरा करे**

गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्राथमिकता के आधार पर जनसंवाद कार्यक्रमों में प्राप्त मांगों और शिकायतों पर कार्रवाही करते हुए उन्हें तय समयावधि में पूरा करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई मांग या कार्य उनके स्तर पर पूरा नहीं हो सकता तो वे बिना किसी विलंब के मुख्यालय पंहुचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। इस अवसर पर श्री टीसी गुप्ता ने सेवा का अधिकारी अधिनियम के तहत अधिसूचित सेवाओं के वितरण की समीक्षा भी की और अधिकारियों को अधिनियम के तहत निर्धारित समयावधि में सेवाओ का लाभ नागरिकों को प्रदान करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त श्री सुशील सारवान ने श्री टीसी गुप्ता को आश्वासन दिया कि उनके निदेर्शानुसार सभी अधिकारी एक टीम में कार्य करते हुए कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित करेंगे।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वर्षा खांगवाल, पुलिस उपायुक्त सुमेर प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता, संयुक्त आयुक्त ऋचा राठी, सीईओ जिला परिषद गगनदीप सिंह, एसडीएम पंचकूला ममता शर्मा, एसडीएम कालका रूचि सिंह बेदी, हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के सचिव दीपक कुमार , कंसलटेंट सुप्रिया व परणीत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत सरल पोर्टल पर आवेदन स्वीकार करने की प्रक्रिया हुई शुरू

## इच्छुक प्रार्थी सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करके आवश्यक दस्तावेज 30 नवंबर तक संबंधित रोजगार कार्यालय में करवा सकते हैं जमा

दैनिक जागरण संवाददाता मैनपाल

पंचकूला, 6 नवंबर-हरियाणा रोजगार निदेशालय द्वारा चलाई जा रही शिक्षित बेरोजगारों के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 नवंबर 2023 से सरल पोर्टल पर आवेदन स्वीकार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी चेतना धनखड़ ने बताया कि इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के इच्छुक प्रार्थी सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करके आवश्यक दस्तावेज 30 नवंबर 2023 सायं 5 बजे तक संबंधित रोजगार कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि अन्य विस्तृत जानकारी के लिए निदेशालय की हेल्पलाइन नंबर 1800-180-2403 पर सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो प्रार्थी पुरानी बेरोजगारी भत्ता स्कीम के तहत बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहें है वह भी 30 नवंबर 2023 सायं 5 बजे तक अपना 7 कॉलम का शपथ पत्र सरल पोर्टल के माध्यम से संबंधित रोजगार कार्यालय में जमा करवा सकते है।

# सेक्टर 16 की चौकी के बाथरूम से कैदी हुआ फरार। पंचकूला पुलिस ने सिर्फ 5 घंटे में पकड़ा फरार कैदी।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता मैनपाल पंचकूला पुलिस के तब हाथ पांव फूल गए जब पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 16 की चौकी से एक कैदी बाथरूम करने के बहाने चौकी से फरार हो गया।। सेक्टर 16 के चौकी इंचार्ज गुरपाल सिंह ने बताया कि अजय उर्फ जंगली जिसकी उम्र 23 साल है। जिसने लॉकडाउन के समय झगड़ा किया था जिस की वजह से कोर्ट में कैसे चल रहा है। और अजय कोर्ट की तारीखों पर नहीं जा रहा था कोर्ट ने अजय को गिरफ्तारी करने के आर्डर किए थे पुलिस ने उसको इसी



जुर्म में गिरफ्तार किया था। 1 तारीख को अजय उर्फ जंगली को उसी के घर मकान नंबर 1236 पंचकूला की इंदिरा कॉलोनी से गिरफ्तार किया था।। और कल सुबह बाथरूम करने के बहाने अजय उफ जंगली सेक्टर 16 की चौकी से मौका पाकर फरार हो गया और तभी सेक्टर 16 की चौकी के सभी पुलिस कर्मियों के हाथ पाव फूल गए और टीम में रेड पर निकल गई।। और अजय उफ जंगली को कल सुबह चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया और पंचकूला कोर्ट में पेश करके अंबाला जेल भेज दिया गया।

# निगम आयुक्त ने सैनिटेशन एंड ब्यूटीफिकेशन की ली बैठक।

**अधिकारी जल्द एमआरएफ सेंटर के लिए जगह का चयन करें।**

**सैनिटेशन के लिए वार्ड वाइज कमेटी का गठन किया जाए।**

दैनिक समाज जागरण संवाददाता मैनपाल

6 नवंबर, पंचकूला। पंचकूला नगर निगम आयुक्त आईएएस सचिन गुप्ता ने सैनिटेशन एंड ब्यूटीफिकेशन की बैठक ली। बैठक में उप निगम आयुक्त अपूर्व चौधरी भी मोजूद रहे। बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों से सबसे पहले कूड़े के उठान और पंचकूला में करवाई जा रही आईईसी एक्टिविटीज को लेकर पूछा, जिस पर मुख्य सफाई निरीक्षक अविनाश सिंगला ने आयुक्त को बताया कि कूड़े का उठान निरंतर सही ढंग से किया जा रहा है और कूड़े के उठाने के लिए उचित संख्या में वाहन लगाए गए हैं। वहीं आईईसी



एक्टिविटीज को लेकर मुख्य सफाई निरीक्षक ने बताया कि स्कूलों और विभिन्न स्थानों पर लगातार आईईसी एक्टिविटीज करवाई जा रही हैं।

इसके बाद आयुक्त ने अधिकारियों से बल्क वेस्ट जनरेट करने वालों के बारे जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि बल्क वेस्ट जनरेट करने वालों के चालान किए जा रहे हैं, इस पर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बल्क वेस्ट जनरेट करने वालों के अधिक से अधिक चालान किए जाएं। बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सैनिटेशन के लिए जल्द वार्ड कमेटी का भी गठन किया जाए और प्रत्येक कमेटी में वार्ड पार्षद, संबंधित एपीओ, सुपरवाइजर और 2 सोशल वर्कर को रखा जाए ताकि प्रत्येक वार्ड में सफाई व्यवस्था बनी रहे। इसके बाद आयुक्त ने अधिकारियों से एमआरएफ स्थापित करने के लिए जमीन देखने बारे में पूछा। इस पर आयुक्त ने पार्षदों का सहयोग लेने को कहा। अधिकारियों ने बताया कि पार्षदों को लेटर लिख कर अपने अपने वार्ड में जगह देख को लेकर लेटर लिख दिया गया है।

बैठक में एक्सईएन सुमित मलिक, एसडीओ मनोज एहलावत, सीएसआई अविनाश सिंगला, जेई सचिन धीमान मोजूद रहे।

# गाँव में 50 से अधिक विद्यार्थी होने पर दूर- दराज के स्कूलों में जाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जाएगीं बसें- मनोहर लाल

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ 06 नवम्बरः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने घोषणा की है कि गांव में 50 से अधिक विद्यार्थी होने पर दूर-दराज के स्कूल में जाने के लिए अब परिवहन विभाग की ओर से बस सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी। जिस गांव में 30 से 40 विद्यार्थी हैं वहां पर मिनी बस, जिस गांव में 5 से 10 विद्यार्थी हैं वहां पर शिक्षा विभाग की ओर से परिवहन व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी।

यह सुविधा छात्र परिवहन सुरक्षा योजना के तहत उपलब्ध करवाई जाएगी। इस योजना को करनाल के गांव रतनगढ़ के जनसंवाद कार्यक्रम



में शुरू करने की घोषणा की है।

यह सुविधा विद्यार्थियों को निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी इसका पैसा जिला शिक्षा विभाग के माध्यम से खर्च किया जाएगा। इस योजना को प्रथम चरण में करनाल जिला और उसके बाद प्रदेश के अन्य जिलों में लागू की जाएगी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को करनाल के गांव रतनगढ़ में जनसंवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने गांव रतनगढ़ के जनसंवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गांव से दूर स्कूलों तक जाने के लिए परिवहन व्यवस्था की सौगात दी है जिसकी शुरूआत सोमवार से रतनगढ़ से शुरू कर दी जाएगी।

इस गांव में सोमवार को सुबह 7 बजे रोडवेज विभाग की बस विद्यार्थियों का इंतजार करेगी। यह बस विद्यार्थियों को स्कूल ले जाने और फिर घर छोड़ने का काम करेगी। यह योजना करनाल के बाद पूरे प्रदेश में लागू की जाएगी।

जहां पर 30 से 40 बच्चे होंगे वहां पर मिनी बस उपलब्ध करवाई जाएगी और जिस गांव में 5 से 10 बच्चे होंगे वहां पर ऑटो रिक्शा जैसी सुविधा मिलेगी।

# हरियाणा में चहुंमुखी विकास योजनाओं के साथ ग्रामीण विकास का लक्ष्य पाने के लिए तैयार करेंगे पंचायत विकास सूचकांक - संजीव कौशल

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ नवम्बरः हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास करने के लिए विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा पंचायत विकास सूचकांक तैयार किया जाएगा ताकि चहुमुंखी विकास की योजनाओं के साथ सतत विकास का लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सके।

कौशल यहाँ राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास के लिए तैयार किए जाने वाले पंचायत विकास सूचकांक को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि 12 बडे. विभागों की 57 सेवाओं के लिए डाटा एकत्र किया जाएगा जिस पर बेहतर विकास योजनाएं तैयार की जाएगी।

यह पंचायत विकास सूचकांक सामाजिक, आर्थिक पेरामीटर और सूचकांक के आधार पर स्थानीय समुदाय के विकास स्थिति को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। इसमें बहुत से कार्यक्षेत्र व सैक्ट्रल सूचकांक का उपयोग किया जाएगा जिसमें बिजली, पानी, सड़के, सफाई सुविधाओं इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाएं, संस्थान, साक्षरता एवं गरीबी रेट सहित आर्थिक एवं सामाजिक सूचकांक, गवर्नेंस एवं प्रशासन, पर्यावरणीय स्थिरता को शामिल किया गया है।



कौशल ने कहा कि विकास सूचकांक में ग्रामीण समुदायों में असमानताओं की पहचान करना, स्थाई विकास लक्ष्य की उपलब्धियां और उनके बेहतर जीवन के लिए नीतियों का लक्ष्य तैयार किया जाएगा। इसमें गरीबी मुक्त और आजीविका गांवों में बढोतरी, स्वस्थ गांव, बच्चों की हितकारी पंचायतें, पर्याप्त जल, साफ एवं हरियाली युक्त पंचायतें, बुनियादी ढांचे के साथ आत्मनिर्भर पंचायतें, सामाजिक न्याय एवं सुरक्षित पंचायतें, सुशासन एवं महिला हितैषी पंचायतों के साथ समग्र विकास को बढावा दिया जाएगा। इसके लिए स्टेट स्टीयरिंग कमेटी एवं जिला व ब्लॉक स्टीयरिंग तथा सत्यापन कमेटियों का गठन किया जा चुका है। यह कमेटियां पंचायतों की ग्रेडिंग कर गुणवतायुक्त डाटा तैयार करेंगी और पंचायत स्तर पर योजना बनाकर उसकी समीक्षा भी करेंगी। इस प्रकार हर पंचायत का डाटा रिपोर्ट कार्ड तैयार होगा।

पंचायत स्तर पर डाटा तैयार कर पंचायत विकास सूचकांक पोर्टल र्स्र्ी.ङ्क्ष्प्५.ल्ल पर 31 दिसंबर तक अपलोड किया जाएगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिला डाटा सत्यापन टीम के चेयरमैन संबंधित जिलों के उपायुक्त तथा सीईओ जिला परिषद सदस्य सचिव होंगे। इसके अलावा 12 अन्य जिला स्तरीय विभागों के मुखिया को सदस्य बनाया गया है, जो 577 स्थानीय सूचकांक पर कार्य करेंगे। इनमें से 179 का डाटा मंत्रालय द्वारा सत्यापित किया जा चुका है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास एवं पंचायत विभाग अनिल मलिक ने बताया कि राज्य में 10 गांवों की पंचायतों का डाटा एकत्र करने के लिए रिहर्सल की जा चुकी है। जल्द ही सभी पंचायतों का डाटा एकत्र किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके अलावा स्टेट स्टीयरिंग व जिला व खण्ड स्तरीय कमेटीयों का गठन कर जल्द से जल्द डाटा एकत्र करने की हिदायतें जारी की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को डाटा अनुसार भविष्य में गांवों का विकास करने के लिए अलग से बजट जारी किया जाए

# एसबीआई का १५ करोड़ लोन नहीं चुकाया, होटल मेट्रो सील

## पुलिस बल की मौजूदगी में होटल का सामान बाहर निकाला गया

खुशविंदर धालीवाल चण्डीगढ़

चंडीगढ़ दिनभर /सेक्टर-35 में स्थित होटल मेट्रो 35 को एसबीआई का ऋ ण न चुकाने के कारण सील कर दिया गया है। इस होटल को एसबीआई बैंक ने अपने कब्जे में ले लिया है। चंडीगढ़ में सोमवार की सुबह भारी पुलिस बल की मौजूदगी में होटल का सामान बाहर निकाल दिया गया। स्टेट बैंक आफ इंडिया द्वारा 15 करोड रुपये का बैंक लोन न चुकाने पर यह कार्रवाई की गई। सूत्रों के अनुसार बैंक और होटल मालिक का यह विवाद चंडीगढ़ के उपायुक्त की कोर्ट में चल रहा था। डीसी ने इस मामले को लेकर बैंक के पक्ष में फैसला सुनाया है। इसके बाद बैंक की तरफ से यह कार्रवाई की गई है।

स्टेट बैंक आफ इंडिया के सूत्रों की माने तो बैंक ने होटल को पहले भी कई बार नोटिस दिए थे। लेकिन अब तक होटल की ओर से बैंक का लोन नहीं चुकाया गया था। स्टेट बैंक के अधिकारियों के अनुसार अब बैंक अगले महीने इस होटल को नीलाम करेगा। नीलामी के माध्यम से लोन की वसूली की जाएगी। होटल को खाली करवाकर सील कर दिया जाएगा। बैंक के कर्मचारी सोमवार को होटल के अंदर अपनी लीगल टीम के साथ पहुंचे थे। टीम के साथ चंडीगढ़ पुलिस की टीम भी थी। उन्होंने होटल के बाहर होटल को जब्त करने का नोटिस चिपकवाया। होटल के कर्मचारियों को बाहर निकलने के लिए कहा गया। कर्मचारियों की तरफ से मालिकों से बात करके होटल का सारा सामान बाहर निकाला गया। इस पूरी कार्रवाई के दौरान चंडीगढ़ पुलिस के जवान तैनात रहे।

# जगाधरी विधानसभा में सीएम मनोहर लाल के जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं में उत्साह-कैबिनेट मंत्री कंवरपाल

सुभाष शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ नवम्बरः हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर प्रतापनगर, जगाधरी व छछरौली तीनों मंडलों के साथ की बैठक

यमुनानगर, 5 नवम्बर-8 नवंबर को जगाधरी विधानसभा में होने वाले सीएम मनोहर लाल के जनसंवाद को लेकर कार्यकताओं में काफी उत्साह है। सीएम मनोहर लाल के इस दौरे को लेकर कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गए है। वही जगाधरी से विधायक व प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने सीएम मनोहर लाल के जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर प्रतापनगर, छछरौली व जगाधरी इन तीनो मंडलों के भाजपा संगठन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ बैठक की। कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 8 नवंबर को सबसे पहले हथनीकुंड बैराज पर वाटर स्पोर्ट्स और पर्यटन




से जुड़ी गतिविधियों की शुरूआत करेगें, उसके उपरांत प्रतापनगर की आईटीआई परिसर में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनेगें, उसके बाद छछरौली के राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल परिसर में जनसंवाद कार्यक्रम करेंगे और सांय का जनसंवाद कार्यक्रम राजकीय आर्दश सीनियर सैकेण्डरी स्कूल परिसर जगाधरी में होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जनहित की सोच और जन कल्याण कारी योजनाओं से प्रभावित होकर मनोहर सरकार से लोग जुड़ रहे है और सरकार के प्रति जनता में विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा की सीएम मनोहर लाल के जनसंवाद को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कैबिनेट मंत्री ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार की परिकल्पना पर आधारित 2 अप्रैल से शुरू किए गए मुख्यमंत्री के जन संवाद कार्यक्रम लोगों में आशा की एक किरण बन रहे हैं। इन कार्यक्रमों में नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निवारण किया जा रहा है।

# भिवानी के सिवानी में 2 गैंग के बीच गैंगवार में गोली लगने से एक मरा

एस के शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

भिवानी नवम्बरः हरियाणा के भिवानी स्थित सिवानी ब्लॉक में बुधशैली-घंघाला गांव के पास दो गैंग के बीच हुई गैंगवार में कुख्यात गैंगस्टर जयकुमार उर्फ भादर की गोली लगने से मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। गैंगस्टर भादर को नागरिक अस्पताल में लाया गया है। जहाँ मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार सोनू मीठी की गैंग ने ये हमला किया है। फिलहाल पुलिस की कई टीमें मौके पर मौजूद हैं।

इस दीपावली को बनाईये कुछ खास, न हो दूर रहने का ऐहसास।।

अपने को भेजिए शुभकामना संदेश, समाज जागरण मे

# लड़की ने उधार के पैसे लेने के बहाने दुकानदार को घर बुलाकर जबरन नग्न करके उसके साथ बनाई अश्लील वीडियो, रेप केस में फंसाने की दी धमकी

कैलाश वर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

रोहतक नवम्बर :रोहतक में उधार के पैसे लेने के बहाने लड़की ने दुकानदार को घर बुलाया गया। वहां बैड पर गिरा जबरन उसके कपड़े उतारकर उसे नंगा किया गया। फिर एक युवती के साथ उसकी अश्लील वीडियो बनाई गई। जिसके बाद उसे रेप केस में फंसाने की धमकी देकर रुपए मांगे गए।

जब दुकानदार ने पैसे देने में असमर्थता जाहिर की तो आरोपियों ने उसके पर्स से पैसे छीन लिए। बाद में उसे जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को शिकायत दी है। जिसकी जांच शुरू कर दी गई है।

### दुकान पर आती थी 2 लड़कियां, उधार सामान ले जाती

रोहतक की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी दुकान है। उसकी दुकान पर पिछले 6 महीने से 2 लड़की व एक लड़का सामान लेने के लिए आते थे। उन्होंने खुद को एक होटल का कर्मचारी बताया। उनमें से एक लड़की को नाम से जानता है। वे उधार में भी सामान ले जाते थे। 8 अक्टूबर को उक्त लड़की 1,320 रुपए का सामान उधार ले गई।

### उधार देने के बहाने घर बुलाया दुकानदार

उन्होंने 3 नवंबर को फिर से ऑर्डर किया। मगर, डिलीवरी दूर मंगवाने के कारण उसने मना कर दिया। 4 नवंबर को उसे बकाया राशि का भुगतान करवाने के लिए बुलाया। उनके कहे अनुसार पीड़ित दुकानदार चमारिया रोड पर पहुंच गया। जब वह मकान में गया तो वहाँ आरोपी युवती के अलावा एक महिला भी थी। जब उसने उधार मांगा तो उन्होंने कुछ देर रुकने के लिए कहा।

### महिला के साथ नग्न अवस्था में बनाई वीडियो

इसी दौरान वहाँ 3 व्यक्ति आए। उन्होंने धक्का देकर दुकानदार को बेड पर गिराया और कमरा बंद करके मारपीट की। फिर जबरन कपड़े उतारकर दुकानदार को नंगा कर दिया। उन लोगों के कहने पर उस लड़की ने भी अपने कपड़े उतार दिए। फिर उन दोनों की अश्लील वीडियो बनाई गई। इसके बाद भी दुकानदार को काफी समय तक बंधक बनाकर रखा गया। दुष्कर्म के केस में फंसाने के नाम पर मांगे 7 लाख दुकानदार ने कहा कि इसके बाद आरोपियों ने उसे रेप के झूठे केस में फंसाने की बात कहकर साढ़े 7 लाख रुपए मांगे। जब दुकानदार ने कहा कि मेरे पास इतने रुपए नहीं हैं तो उन्होंने पर्स से साढ़े 5 हजार रुपए निकाल लिए। इसके बाद फोन पे से भी उसके अकाउंट से 10 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। जब दुकानदार से और रुपए न मिले तो आरोपियों ने उसे छोड़ दिया। वापसी के वक्त उसे धमकी दी गई कि वह किसी को इसके बारे में न बताए वर्ना उसे जान से मार देंगे। उनके बदमाशों से लिंक हैं। उसकी वीडियो भी वायरल कर देंगे।

# गृह मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर लोगों की जन समस्याओं के निपटान के लिए विभिन्न अधिकारियों को दिए निर्देश

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ नवम्बरः हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने आज अंबाला में अपने आवास पर पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।

एयरफोर्स से रिटायर्ड विंग कमांडर ने गृह मंत्री को दी शिकायत में कहा कि उसने अम्बाला छावनी डिफेंस कालोनी में लगभग 500 गज का एक प्लाट स्थानीय प्रापर्टी डीलर से खरीदा था। उनका आरोप था कि प्रापर्टी डीलर ने धोखे से यह प्लाट किसी अन्य को बेच दिया। मामले में गृह मंत्री श्री अनिल विज ने अम्बाला एसपी को केस की जांच कर मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। सोनीपत से आए एक शिकायतकर्ता ने गृह मंत्री श्री अनिल विज को बताया कि उसने अपनी जगह किसी अन्य को फैक्टरी लगाने के लिए किराए पर देने के लिए बातचीत की थी। मगर आरोपी ने जबरन अपना सामान अंदर रख दिया। उसका आरोप था कि पुलिस को शिकायत करने के बावजूद भी मामले में कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर गृह मंत्री श्री अनिल विज ने सोनीपत पुलिस कमिश्नर को एसआईटी गठित कर मामले की जांच के निर्देश दिए।



इसी तरह, दयालबाग निवासी` ने गृह मंत्री श्री अनिल विज को बताया कि अमेरिका भेजने के नाम पर एजेंट ने उसके बेटे के साथ लगभग साढ़े 4 लाख रुपए की धोखाधड़ी की।

गृह मंत्री श्री विज ने कबूतरबाजी मामलों के लिए गठित एसआईटी को इस मामले में केस दर्ज करने के निर्देश दिए। सोनीपत से आई महिला ने शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि उसके पति की हत्या के मामले में अब तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। गृह मंत्री श्री अनिल विज ने पुलिस कमिश्नर सोनीपत को कार्रवाई करने के निर्देश जारी किये हैं।

जम्मू में तैनात एवं फरीदाबाद निवासी सेना में क्लर्क ने गृह मंत्री श्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि उसकी पत्नी ने उससे तलाक लिए बिना किसी अन्य से शादी कर ली है। उसका आरोप था कि पुलिस को शिकायत देने के बावजूद भी अब तक कार्रवाई नहीं हुई है।

गृह मंत्री श्री अनिल विज ने फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए। गांव बीहटा निवासी महिला ने पति एवं ससुराल पक्ष के लोगों पर उसे प्रताड़ित करने के आरोप लगाए जिस पर मंत्री विज ने अम्बाला एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसी तरह, करनाल निवासी महिला ने पति की मौत के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने के आरोप लगाए। महिला ने बताया कि उसके पति के जेब से सुसाइड नोट बरामद हुआ था जिस पर आरोपियों के नाम भी दर्ज थे। गृह मंत्री श्री अनिल विज ने एसपी करनाल को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह, अन्य मामलों में भी गृह मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस मौके पर नगर परिषद के प्रशासक एवं एडीएम सतिंद्र सिवाच, डीएसपी कैंट आशीष चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इस दीपावली को बनाईये कुछ खास, न हो दूर रहने का ऐहसास।।

अपने को भेजिए शुभकामना संदेश, समाज जागरण मे

# हरियाणा व्यापार कल्याण बोर्ड का हुआ पुनर्गठन

## बोर्ड के पुनर्गठन से व्यापारियों का सुनिश्चित होगा विकास

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ नवम्बरः हरियाणा सरकार ने व्यापारियों के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन किया गया है। हरियाणा सरकार ने कहा कि, व्यापारियों के कल्याण के प्रति अपनी वचनबद्धता को दोहराते हुए हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन किया जा रहा है।

हरियाणा सरकार के अनुसार, बोर्ड में 18 वर्ष से अधिक आयु का एक व्यक्ति चेयरमैन होगा तथा दो व्यक्ति वाईस चेयरमैन होंगे। इसके अलावा वित्त, खाद्य-नागरिक आपूर्ति एवं




उपभोक्ता मामले, श्रम, आबकारी व कराधान, उद्योग एवं वाणिज्य, ऊर्जा, खनन एवं भूविज्ञान और पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन जैसे आठ विभागों के प्रशासनिक सचिव बोर्ड के सदस्य होंगे। वहीं हरियाणा सिविल सेवा का अधिकारी जो बोर्ड का सचिव भी है, सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेगा।

हरियाणा सरकार ने यह भी साफ किया है कि, राज्य सरकार समय-समय पर दस गैर- सरकारी सदस्यों को बोर्ड का सदस्य भी मनोनीत कर सकती है। बोर्ड का मुख्यालय चंडीगढ़/पंचकूला में होगा। यदि आवश्यक हो तो चेयरमैन राज्य में कहीं भी बैठक बुला सकता है।

# आज के बच्चे कल का भविष्य-- विक्की रहेजा

**रोटरी क्लब बरवाला ने हैंड वॉश मोटिवेशन कैंप का किया आयोजन**

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा): इंटरनेशनल रोटरी क्लब शाखा बरवाला द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाणी खान बहादुर के प्रांगण में स्वच्छता अभियान के तहत हैंड वाश मोटिवेशन कैंप का आयोजन किया गयो इस कैंप के मुख्य वक्ता डॉ अमित रहेजा ने विद्यार्थियों को हाथ धोने के भिन्न भिन्न तरीके बताए और मौसम के शुरूआत में हम अपने आप को कैसे बचाने बारे विद्यार्थियों को बेखुबी समझायो जोनल सचिव विक्की रहेजा ने अपने वक्तव्य में बच्चो को आज के बच्चे कल का भविष्य कहा और बुरी आदते छोड़ने के लिए कहो उन्होंने विद्यार्थियों को अपने गुरुजनो व माता पिता का मान सम्मान करने के लिए प्रेरित किया और एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित कियो क्लब की तरफ से सभी विद्यार्थियों को एक एक साबुन, पानी की बोतल एव प्रसाद स्वरूप विस्कुट पैकेट वितरित किऐ प्राचार्या डॉ संगीता सैनी ने आए हुए सभी पदाधिकारियों व मेहमानों का स्वागत किया व धन्यवाद कियो इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान रोटेरियन कृष्ण कुमार पिलानी, सचिव मनोज कथूरिया, कोषाध्यक्ष डॉ अभिषेक सरदाना, प्रौजेक्ट चेयरमैन सेवानिवृत प्राचार्य ओमप्रकाश वधवा, जोनल सचिव विक्की रहेजा, सोमू रहेजा, पूर्व पार्षद पवन ढिंगड़ा, सरदार बेअन्त सिंह, सरदार पिन्दर, राजेश मनूजा, मुख्य शिक्षक सुरेश कुमार सरोए, एसएमसी प्रधान जयसिंह, कुलदीप सिंह व सत्यवान पंच समेत एसएमसी के समस्त सदस्य मौजूद रहे।

